प्रगति–5

2018-2019

सामाजिक विज्ञान

कक्षा -VII

बिक्री के लिए नहीं

SCERT
स्वाध्यायान्मा प्रमदः
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं
प्रशिक्षण परिषद् दिल्ली

सौजन्य से :
दिल्ली पाठ्य पुस्तक ब्यूरो

GNCT OF DELHI
शिक्षा निदेशालय
रा.रा.क्षे., दिल्ली सरकार

प्रगति–5

2018-2019

सामाजिक विज्ञान

कक्षा -VII

बिक्री के लिए नहीं

SCERT
स्वाध्यायान्मा प्रमदः
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् दिल्ली

सौजन्य से :
दिल्ली पाठ्य पुस्तक ब्यूरो

GNCT OF DELHI
शिक्षा निदेशालय
रा.रा.क्षे., दिल्ली सरकार

जून, 2018

1,80,000 प्रतियाँ

उत्पादन मंडल

अनिल कुमार शर्मा
दीपक तंवर

दिल्ली पाठ्य पुस्तक ब्यूरो में अनिल कौशल, सचिव, दिल्ली पाठ्य पुस्तक ब्यूरो, 25/2, पंखा रोड, संस्थानीय क्षेत्र, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित तथा मैसर्स अरिहन्त ऑफसैट, नई दिल्ली द्वारा मुद्रित।

शिक्षकों के लिए - प्रारंभिक सन्देश

çxfr&5 dh ;s ubZ Js[kyk ,d lgk;d dk;ZiqLrd ds :i esa bl çdkj ls fy[kh x;h gS fd ;s mu fo|kfFkZ;ksa ds fy, ,d iqy dk dk;Z djs ftUgksaus vHkh&vHkh i<+uk fy[kuk vkSj vk/kkjHkwr cht xf.krh; dkS'ky gkfly fd;k gSA bl iqLrd esa Qksdl dksoy ikB dks i<+ ldus Hkj esa ugha oju mlds lkFk tqM+dj vkSj yxdj dk;Z djus ij gSA

cPpksa dh enn ds fy, bl iqLrd esa rkRdkfyd ,oa uohu 'kks/kksa dks vk/kkj cuk;k x;k gS rkfd oks mRÑ"V vf/kxe dks çkIr djs vkSj lkFk gh lkFk viuh i<+kbZ lkeFkZ dk ç;ksx dj ldsA bl iqLrd dk efLr"d vk/kkfjr vf/kxe }kjk bl rjg ls x<+k x;k gS ftlls fo|kFkhZ iwjh rjg lsyXu jgsa] lkFk gh lkFk ,d lqjf{kr vkSj çHkkoh vf/kxe i;kZoj.k lftr dj ldsA bl iqLrd esa fo|kfFkZ;ksa dks mudh dk;Z dh çfrfØ;k ¼QhMcSd½ nsus dh Hkh ekSds çnku fd;s x;s gS ftlls fo|kfFkZ;ksa }kjk xgu vf/kxe esa lgk;rk feysA

bl iqLrd esa fo|kfFkZ;ksa ds efLr"d ds lEiw.kZ fodkl vkSj çHkkoh vf/kxe ds fy;s iw.kZ volj çnku fd;s x, gSa ftlls fd fo|kfFkZ;ksa dh 0;fäxr lgHkkfxrk vkSj lkefgd 0;0gkj dk nksgu gks lds ftlls fQj lapukvksa dk u, :i esa x<+k vkSj <kyk tk ldsA ;s iqLrd f'k{kdksa ds fy, Hkh ,sls reke volj çnku djrh gS ftlls os u;h tkudkfj;k¡ çnku djus ls igys cPpksa ls fo"k; oLrq lEcaf/kr reke tkudkfj;k¡ vkSj vU; lc dqN ckgj fudyok ysaA

iqLrd cukrs le; /;ku bl ckr ij Hkh jgk fd cPps yhd ls gVdj ¼vkmV v,Q n c,Dl½ lksp ldsa] Hkk"kk&Hkk"kk ds loky cuk ldsa] ogha lkFk gh lkFk f'k{kd Hkh fo|kfFkZ;ksa ds lkFk lgHkkxh ¼dks&yuZj½ dh Hkwfedk esa viuh vkidks cgqr gh lgtrk ls ik;saA fo'o esa ftl nj ls ubZ lapukvksa dk lt`u gks jgk gS vkSj ftl rjg ls bUVjusV }kjk os fHkUu LFkkuksa ij igq¡p jgha gSa] mldks n[krs gq, ;s rks LiLV gS fd ;s dk;Z ,d fo"k; ls lEcaf/kr lapukvksa dks fdlh ,d 0;fä }kjk lstkuk rks lEHko ugha gSA ogha fofHkUu lewgksa ds Kku vkSj –fLVdks.k dks ,d txg lekfgr djus ls gesa ,d fo"k; dh iw.kZ vkSj cgqr rLohj i'k djus esa u dsoy enn feyrh gS oju ge u;s vkSj cgrj lh[kus ds volj Hkh çkIr gksrs gSaA ,d i)fr tks çxfr 5 dh bu fdrkcksa esa cgqr [kwclwjrh ls viuk;h x;h gS oks ;s gS fd leLr lapukvksa dks fofHkUu oxksZ ¼lsD'kUl½ esa ckaVk x;k gS ftlls fo|kFkhZ fofHkUu oxksZ esa of.kZr lapukvksa ij çfØ;k ¼çkslsl½ djsa fQj fofHkUu oxksZ esa vUrlEcU/kksa ¼duSD'ku½ dks LFkkfir djsaA

leLr iqLrd ds fy[kus ds nkSjku ;s xgu ç;kl fd;k x;k gS fd fo|kFkhZ ,d ,slh vf/kxe çfØ;k ls gksdj xqtjsa tks 5 bZ vf/kxe e,My ij vk/kkfjr gksA vkSj ;gh ckr bl iqLrd dh lcls [kkfl;r ckr Hkh gSA

funsZ'kr e,My ij vk/kkfjr mioxZ tks gj ikB esa fn, x;s gSa oks fuEufyf[kr gSa %

1½ ge D;k lh[ksaxs& ;s oxZ crkrk gS fd ikB esa lyXu gksus ds mijkar fo|kFkhZ D;k lwpuk vkSj Kku xzg.k djsaxsA A

2½ vkids loky& volj çnku djrk gS ftlesa fo|kFkhZ ,d ckj vf/kxe mís'; dks çkIr vkSj xzg.k djus ds mijkar LiLVrk vkSj ljyrk ls ç'u cuk ik,saxsA

3½ ge D;k tkurs gSa & nks mís';ksa dh iwfrZ djrk gSA ,d fd fo|kFkhZ;ksa ds iwoZ Kku dks pyu esa ykuk vkSj nwljk] fo|kFkhZ;ksa dks ik'oZ Kku ¼cSdxzkmaM u,yst½ çnku djuk tks fo|kFkhZ;ksa dks ikB ls tksM+us ds fy, vko';d gSA

4½ vkvks dne c<+k;sa & iwoZ vuqHkoksa vkSj Kku ij vk/kkfjr ^ge D;k tkurs gSa^ ls vkxs dh vkSj çLFkku fo'k"kdj #fpdj ç'uksa vkSj fØ;kdykiksa }kjkA

5½ Qksdl ç'u & çR;sd ikB esa 5 bZ e,My ij gj ,d oxZ esa fofHkUu ç'uksa }kjk 'kq#okrh tkp }kjk ubZ [kkst djukA

6½ f'k{kd@v/;kid ladsr & fo|kFkhZ;ksa dh iw.kZ lqyXurk ds fy, eq[; lkadsfrd fcanq ftlls lqjf{kr vkSj HkkoukRed okrkoj.k iSnk fd;k tk ldsA

7½ 'kCn HkaMkj & ubZ le> vkSj u;s 'kCn HkaMkj dh jpuk djukA

8½ eq[; ?kVuk;sa & lEcaf/kr ?kVukvksa dk ,d oØ iFk ¼VkblDVjh½ dk fuekZ.k djuk ftlls ;s le> cu lds fd dkSu ?kVuk dc] dgk¡ vkSj D;ksa ?kVh fo'k"kdj bfrgkl lac/kh ikBksa esaA

9½ eq[; rRo & fo"k; oLrq lEcaf/kr eq[; ckrsa fo'k"kdj Hkwxksy lEcaf/kr ikBksa esaA

10½ ;s Hkh tkus & fo"k; oLrq lac/kh fo'k"k vkSj egRoiw.kZ vfrfjä tkudkjh A

11½ D;k tkuk D;k lh[kk & çR;sd oxZ ds var esa fo|kFkhZ fdruk lh[kA iz'u dsoy tkudkfj;ksa dks ekS[kd nksgjkus ds fy, ugha iNs x;s gSa cfYd ;s lqfuf'pr djus ds fy;s gSa fd fo|kFkhZ mu tkudkfj;ksa dks vyx lUnHkksZa esa lQyrkiwoZd ç;ksx dj ldsA

12½ fopkjksa dh fr tkjh & vfrfjä tkp ds volj nsuk ftlls fo|kFkhZ;ksa dh le> fodflr gks ldsA

13½ geus lh[kk@lkjka'k & iwjs ikB dks laf{kIr vkSj ljyrk esa le>ukA

14½ vH;kl ikB ds vr es ;kxkRed eY;kdu ¼lefVo vlslesV½ ds ç'u ftlls fo|kFkhZ nksgjkus vkj le>us ds dk'ky ds lkFk&lkFk] vyx&vyx lUnHkk esa Hkh Kku dk ç;kx dj ik;sA

15½ vfrfjä ç'u@fopkj & gj ikB ds vr esa ,slk LFkku tgk¡ fo|kFkhZ viu eu es mBHkj vk;s ç'uk dk fy[k vkj fQj mlds mÙkj HkhA

fo|kFkhZ viuh jktejkZ dh ftUnxh es dbZ rjg dh leL;kvks ls tw>rs gS vkj 'kkfUr crkrs gS fd fo|kFkhZ dh enn ds fy, vkj cgrj vf/kxe ds fy, f'k{kkfonks dks fo|kfFkZ;ks dh rhu t:jrks dks iwjk djuk pkfg,A

çFke fo|kFkhZ viu vf/kxe ds [kn ftEenkj gksA blds ;s ek;u gS fd fo|kfFkZ;ks dks lh[kdj vkj le>dj Lo;a fu"d"kZ fudkyus dh Lor=rk gksA

nlljk] fd fo|kFkhZ fdlh dk;Z dks viu ds/kks ij ysus ds fy;s leFkZ gksA f'k{kk fon gkus ds ukrs ge ,sls reke volj çnku djs ftlls cPps vf/kxe mís';kas dks çkIr djus es viu dks leFkZ ik,a ctk;s blds fd oks bls u dj ikus dh vleFkZrk es viu dks ghu le>us yxsA

vlQyrkvks ls lgt lh[ku ds volj l|>kuk rhljk mís'; gSA ,sls es f'k{kd dh Hkfedk vkj egRoi.kZ gks tkrh g fd ftlls fo|kFkhZ [kn dks fo"k; oLrq vkj f'k{kdks ds lehi ik;sA

fo"k;oLrq ds lkFk iwjh lyXurk] ç'u iwNus] ubZ [kkst djus ds fy, vf/kxe ds volj] ikB ds lUnHkZ es 0;fä xr vuHkoks dks tksMu] vf/kxe çfØ;k es çR;{k lgHkkfxrk }kjk ;s J`[kyk fo|kfFkZ;ks dh mijksä rhuks vko';drkvks dh iwfrZ djrh gSA

çxfr&5] fo|kfFkZ;ks vkj mudh viuh nqfu;k vkj fQj nksuks ds vkilh lEca/kks dh ,d lq[kn ;k=k dk çkjEHk gSA bl ç;kl ds tfj;s oks 0;fDrxr :i ls oSf'od cnyko dks n[k ldxsA bu vuqHkoks vkj Kku ls fQj fo|kFkhZ viu thou es ifjorZu yk ldxs vkj muds thou esa Hkh tks muds fy, egRo j[krs gSA

आभार

çxfr&5 lkekftd foKku dh iqLrd dh leh{kk vkSj iqu% fufj{k.k M,- lruke] MkbV] fny'kkn xkMZu }kjk dh x;h gSA

fo"k; oLrq ,oa laikndh; lgHkkfxrk%

1- 'kf'k çdk'k] 2014033788 ¼eSaVj Vhpj½
   Ldwy% Mh Mh , ¶ySV] Qst 2 dkydkth] ubZ fnYyh] Ldwy vkbZ Mh % 1925024

2- tkfxUnj dqekj] 20101552 ¼eSaVj Vhpj½
   Ldwy% SBV lSDVj&20] jkfg.kh] ubZ fnYyh] Ldwy vkbZ Mh % 20101552

3- iwue tSu] 2013029736 ¼eSaVj Vhpj½
   Ldwy% SKV] xksdqyiqjh] ubZ fnYyh] Ldwy vkbZ Mh % 1104020

4- nhi pan] 20131486 ¼eSaVj Vhpj½
   Ldwy% SV ¼nf{k.k iqjh ,DlVs'ku½] M,- vEcsMdj uxj] ubZ fnYyh] Ldwy vkbZ Mh % 1923351

5 r#.k Hklhu] 19990732 ¼eSaVj Vhpj½
   Ldwy% GBSS] gSnjiqj] ubZ fnYyh] Ldwy vkbZ Mh % 1309272

6- oanuk xkSre] 20171771 ¼eSaVj Vhpj½
   Ldwy% SKV] uscj&2] egjkSyh] ubZ fnYyh] Ldwy vkbZ Mh % 1923079

7- çHkk mU;ky] 19980995 ¼eSaVj Vhpj½
   Ldwy% RPVV] flfoy ykbUl] ubZ fnYyh] Ldwy vkbZ Mh % 1207113

8- vkyksd dqekj feJ] 20091818 ¼eSaVj Vhpj½
   Ldwy% GBSSS] esxkyiqj [kqn] ubZ fnYyh] Ldwy vkbZ Mh % 1412079

9- nhfIr Mkxj] 20140073 ¼ eSaVj Vhpj½
   Ldwy% ASKV] uscj&2] 'kdjiqj] ubZ fnYyh] Ldwy vkbZ Mh % 1411030

10- jkfgr dqekj] 20162257 ¼eSaVj Vhpj½
   Ldwy% RSBV] Cykd&27] f=ykdiqjh] ubZ fnYyh] Ldwy vkbZ Mh % 1002177

11- ljUæ dekj] 20102478 ¼eVj Vhpj½
Ldy% GBSSS] xkdyijh]ubl fnYyh] Ldy vkbl Mh % 1104005

12- cfyLVj dekj] 2013243108 ¼eVj Vhpj½
Ldy% GBSSS] ucj&1] Cykd&lh] ;euk fogkj] ubl fnYyh]
Ldy vkbl Mh % 1104009

13- uUn fd'kkj] 19985327 ¼eVj Vhpj½
lnL;&dkj ,dMfed ;fuV

14- vkfy;k flídh ¼n- QfMuM lVj½

15- feyUFk xkre ¼n- QfMuM lVj½

16- g"kl no ¼n- QfMuM lVj½

17- vfopy ikBd ¼n- QfMuM lVj½

18- bf'krk ç/kku ¼n- QfMuM lVj½

19- fn0;k ejyh ¼n- QfMuM lVj½

20- 'kf'k egnhjÙkk ¼n- QfMuM lVj½

21- 'ork no ¼n- QfMuM lVj½

विषय सूची

पाठ सं.	अध्याय का नाम	पेज संख्या
	इतिहास	
पाठ 1	हज़ारों वर्षों के दौरान हुए परिवर्तन की पड़ताल	4
पाठ 2	नए राजा और उनके राज्य	14
पाठ 3	मुगल साम्राज्य	25
पाठ 4	ईश्वर से अनुराग	59
पाठ 5	अठाहरवीं शताब्दी में नए राजनीतिक गठन	75
	भूगोल	
पाठ 1	सौरमण्डल में पृथ्वी	89
पाठ 2	ग्लोब : अक्षांश एवं देशांतर	106
पाठ 3	पृथ्वी की गतियाँ	122
पाठ 4	मानचित्र	133
पाठ 5	हमारा देश : भारत	149
पाठ 6	हमारा पर्यावरण	171
पाठ 7	वायु	189
पाठ 8	जल	199
	सामाजिक और राजनीतिक न्याय	
पाठ 1	समानता	213
पाठ 2	राज्य शासन कैसे काम करता है	227
पाठ 3	लड़के और लड़कियों के रूप में बढ़ना	237
पाठ 4	संचार माध्यमों की समझ	249

इतिहास

छठीं में क्या सीखा

अभी तक आपने पढ़ा और जाना कि आरंभिक मानव जंगलों में रहते थे और जंगली जानवरों का शिकार करते थे। इसके अलावा वो जंगल में मिलने वाले जंगली अनाज, फल-फूल आदि को भी खाने के लिए इकट्ठा किया करते थे। भोजन का इस तरह इंतजाम करने के आधार पर ही उन्हें शिकारी और खाद्य संग्राहक कहते थे। आरंभिक मानव के इस काल को पाषाण काल कहते है। पाषाण यानी पत्थर। आरंभिक मानव के लिए पत्थरों के बने औजारों का बहुत महत्व था जिनका उपयोग वे अपनी सुरक्षा तथा जंगली जानवरों के शिकार के लिए किया करते थे। आग की खोज एवं पहिये का आविष्कार भी इस काल में हुआ था जिससे मानव जीवन में गति आई।

अभी तक आरंभिक मानव कभी भी एक जगह रुक कर नहीं रहते थे और हमेशा भोजन और पानी की तलाश में एक जगह से दूसरी जगह जाता रहते थे। लेकिन लगभग 12000 साल पहले दुनिया की जलवायु में बड़े बदलाव आए और गर्मी बढ़ने लगी। जिससे कई क्षेत्रों में बड़े-बड़े घास के मैदान बन गए और घास खाने वाले जानवरों की संख्या भी बढ़ गयी। आरंभिक मानव इनके पीछे आए और इनके खाने-पीने की आदतों को समझा और इन्हे पालना शुरू कर दिया। इसके अलावा उन्होंने मौसम के बदलावों को समझा और जंगली अनाजों के पैदा होने के क्रम को जाना और धीरे धीरे खेती की शुरुआत की।

खेती और पशुपालन की शुरुआत से उनके जीवन में ठहराव आया जिसके फलस्वरूप अब वह एक जगह पर टिक कर रहने लगे। इस तरह आरंभिक गाँव या शुरूआती कबीले बने। जब लोग एक जगह मिल कर रहने लगे तो कभी कभी उनमें झगड़े भी हो जाते थे। ऐसे में उन्होंने अपने झगड़ों और समस्याओं को सुलझाने के लिए अपने में से सबसे योग्य, अनुभवी, और शक्तिशाली व्यक्ति को अपना नेता चुना जिसके फैसले सबको मानने पड़ते थे। इसके अलावा ये लोग अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरे गाँव के लोगों से वस्तु के बदले वस्तु लेकर व्यापार करते थे क्योंकि तब तक मुद्रा का चलन नहीं था।

शब्द भण्डार :

इकठ्ठा	:	जमा करना
अविष्कार	:	खोज
प्रसिद्ध	:	मशहूर
समृद्ध	:	वैभवशाली
निर्णय	:	फैसला
प्रचार	:	दूसरे लोगों को बताना
विस्तार	:	फैलाव
स्त्रोत	:	जानकारी देने वाली वस्तु

धीरे-धीरे ये आरंभिक गाँव विकसित और समृद्ध होकर आरंभिक नगर बन गएद्य हमारे इस उपमहाद्वीप में मिलने वाला सबसे पुराना आरंभिक नगर हड़प्पा है जो आज से 5000 साल पहले बसा था। लेकिन वो नगर आज तक अपनी नगरीय व्यवस्था के लिए जाना जाता है। आरंभिक नगरों के लोग भी व्यापार करने के लिए दूर देशों तक की यात्रा किया करते थे।

धीरे-धीरे उनके नेता, राजा बन बैठे और बड़े बड़े महलों में रहने लगे और साथ-साथ विशाल सेना रखने लगे। और अब राजा के बाद उसके बड़े बेटे को ही राजा बनाया जाने लगा। करीब 3000 साल पहले राजा बनाने की इस प्रक्रिया में कुछ बदलाव आए। अब कुछ लोग बड़े-बड़े यज्ञ करके भी राजा बनाने लगे। अश्वमेध यज्ञ एक ऐसा ही यज्ञ था जिसमें एक घोड़े को राजा के लोगों की देखरेख में घूमने के लिए छोड़ दिया जाता था। इन महायज्ञों को करने वाले राजा अब जन के राजा न होकर जनपदों के राजा माने जाने लगे। 2500 साल पहले कुछ जनपद अधिक महत्त्वपूर्ण हो गए जिन्हें महाजनपद कहा जाने लगा। अधिकतर महाजनपदों की एक राजधानी होती थी और कई राजधानियों में किलाबंदी की गयी थी, कुछ राजा अपनी राजधानी के चारों ओर विशाल, ऊँची और प्रभावशाली दीवार कड़ी करके अपनी समृद्धि और शक्ति का प्रदर्शन करते थे।

मौर्य साम्राज्य की स्थापना चन्द्रगुप्त मौर्य ने लगभग 2300 साल पहले की थी। मौर्य साम्राज्य बहुत बड़ा था, इसलिए अलग-अलग हिस्सों पर अलग-अलग ढंग से शासन किया जाता था। सम्राट अशोक मौर्य वंश के सबसे प्रसिद्ध शासक थे। उन्होंने कलिंग युद्ध में हुए खून खराबे से दुखी होकर भविष्य में कभी-भी युद्ध नहीं करने का निर्णय लिया, बौद्ध धर्म को अपनाया और उसका प्रचार किया।

इसके बाद हमें गुप्तवंश के प्रसिद्ध राजा - समुद्रगुप्त के बारे में पता चलता है जिन्होंने अपने राज्य का बहुत विस्तार किया। इसके अलावा दक्षिण भारत में चालुक्य और पुलकेशिन राज्यों के बारे में पता चलता है। इसके लगभग 200 वर्षो के बाद पश्चिम भारत में सातवाहन नामक राजवंश का प्रभाव बढ़ गया था।

लगभग 2500 साल पहले, इन सब के बीच लोगों के जीवन में तेजी से बदलाव आए और लोगों के मन में असमानता और धार्मिक विचारों को लेकर कुछ नए प्रश्न और विचार उठने लगे। लोगों ने बौद्ध और जैन धर्म के माध्यम से इन प्रश्नों के उत्तर खोजने की कोशिश की।

अतीत से जुड़े हमारे सवालों का जवाब अगर मिल पाया है तो वह अतीत के कई स्त्रोतों से मिला है जो हमें उस समय के लोगों के जीवन के बारे में बताते हैं। प्राचीन काल के इतिहास को जानने के लिए सबसे प्रमुख है पांडुलिपि और अभिलेख। पांडुलिपि वो होती है जिसे भोज पत्रों एवं ताड़ पत्रों पर हाथ से लिखा जाता था जबकि अभिलेख पत्थर या धातु पर उत्कीर्ण किया जाता था। इसके अलावा अतीत को जानने में इमारतों के अवशेष, चित्र, मूर्तियाँ, औजार, हथियार, बर्तन, कपडे, सिक्के, धर्म ग्रन्थ, किताबें आदि मदद करते हैं।



पाठ 1

हज़ारों वर्षों के दौरान हुए परिवर्तन की पड़ताल

(NCERT पाठ 1)

हम क्या सीखेंगे :

- बदलते समय के अनुसार भारत के नाम और मानचित्र में हुए परिवर्तन।
- इतिहास के विषय में बताने वाले इतिहासकार और उनके स्रोत।
- इतिहास की पहचान कालखण्डों के रूप में कर पाना।

आपके सवाल :

पाठ के शीर्षक/नाम को पढकर आपके मन में जो भी सवाल आते हैं, उन्हें नीचे दी गई जगह में लिखिए जैसेः इतिहास के स्रोत क्यों बदलते रहते हैं? या भारत का पहला मानचित्र किसने बनाया? आदि।

हम जानते हैं :

यह जानने के लिए कि हम कौन हैं? हम आज जहाँ हैं, वहां हम कैसे पहुंचे? हमें अपने अतीत को देखना होगा, हमें अपने माता-पिता और उनके माता-पिता (यानी 'पूर्वजों') का अतीत भी देखना होगा। हमारी इस खोज में इतिहास का विषय हमारी मदद करता है।

समय के साथ साथ दुनिया में भी बदलाव होते रहते है जो समय आज आपका है, वह आपके माता-पिता और उनके माता-पिता के समय से अलग है कक्षा 6 में आपने समझा कि अतीत को जानने के लिए हम स्रोतों का इस्तेमाल करते हैं और यह भी समझा कि आरंभिक मानव शिकार और भोजन इकठ्ठा करते थे, फिर वह धीरे-धीरे खेती करने लगे और इससे मानव के जीवन में काफी बदलाव आये। ऐसे बदलावों की कड़ी को हम इस पाठ में जानने का प्रयास करेंगे कि भारत देश का नाम पहले क्या था? भारत देश के मानचित्र की रूपरेखा कैसी थी? तथा इतिहासकारों ने इनके इतिहास को लिखने में कौन-कौन से स्रोतों को चुना होगा?

आओ कमद बढ़ाएँ :

शिक्षक माइंड मैपिंग विधि द्वारा छात्रों से दिन प्रतिदिन की जिंदगी में धीरे धीरे बदलाव कैसे हो जाते है, उन पर चर्चा करें।

जैसे :



आओ, अब पता लगाए इतिहासकार किस प्रकार हजारों साल पुराने बदलावों को इतिहास में लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान रखते थे।

भाग-1

समय के साथ भारत के नाम और रूप में बदलाव

फोकस प्रश्न :

क्या भारत का नाम और मानचित्र हमेशा आज जैसा था ?

मानचित्र – 1

Source: NCERT, 2017

(मानचित्र – 1) बारहवी सदी के भूगोलवेता अल – इद्रीसी का बनाया हुआ दुनिया के नक्शे का एक हिस्सा जिसमें भारतीय उपमहाद्वीप दिखाया गया है।

"क्या आप बता सकते हैं की इस नक्शे में श्रीलंका कहाँ पर दर्शाया गया है ?"

मानचित्र – 2

Source: NCERT, 2017

सदी/शताब्दी का क्या मतलब है?

100 सालों के समूह को शताब्दी कहते हैं।

शुरुआत हम 0–99 से करें तो यह पहली शताब्दी होगी जैसे

100–199 दूसरी शताब्दी होगी

200–299 तीसरी शताब्दी होगी

1500–1599 सोलहवी शताब्दी होगी

ऐसे ही सोचिये आप आज कौन-सी शताब्दी में हैं?

अठारवीं सदी के आरम्भ में ग्विलाम द लिस्खे के एटलस नुवो के अनुसार भारतीय उपमहाद्वीप का मानचित्र। जो मानचित्र 2 है।

यह नक्शा हमें जाना-पहचाना लगता है। जिसमें श्रीलंका द्वीप नीचे दिखाई दे रहा है और तटीय इलाकों की जानकारी है। यूरोपीय नाविक इस नक्शे का प्रयोग करते थे।

मानचित्र 3 : वर्तमान या आज के भारत का राजनीतिक मानचित्र

Source: https://commons-wikimedia-org/wiki/File:India&map&en-svg

शब्द भण्डार :

अनुभव	:	खुद करके समझना
स्रोत	:	जानकारी प्राप्त करने के साधन
कालखण्ड	:	समय को विचारधाराओं में बाँटना
नक्शा	:	'मानचित्र' किसी बड़े भाग का छोटा स्वरूप
तटीय इलाका	:	समुद्र के किनारे का इलाका
उपदेश	:	अपने विचार प्रस्तुत करना
दस्तावेज	:	जरूरी पेपर/कागजात
मानचित्र	:	नक्शा

अपने देश को हम हिंदुस्तान तथा भारत नाम से जानते है। इण्डिया शब्द इंडस से निकला है जिसे संस्कृत में सिन्धु कहा जाता है। लगभग 2500 साल पहले ईरानियों और यूनानियों ने सिन्धु को हिन्दोस अथवा इंडोस कहा और इस नदी के पूर्व में स्थित भूमि प्रदेश को हिंदुस्तान कहा। भारत नाम का प्रयोग उत्तर-पश्चिम में रहने वाले लोगों के एक समूह के लिए किया जाता था। इस समूह का उल्लेख संस्कृत की आरंभिक कृति, ऋवेद में भी मिलती है। बाद में इसका प्रयोग देश के लिये होने लगा। इंडिया नाम यूरोप के लोगों ने दिया।

सुझाव के तौर पर क्रियाकलाप :

क्रिया कलाप - नक्शा बनाना

- शिक्षक छात्रों से पूरे स्कूल का नक्शा बनवाएं।
- उन्हें दिशाओं, पेड़-पौधों, चौराहे, रास्ते, मैदान, ऐसी चीजों को भी दर्शाने के लिए कहे।
- नक्शा बन जाने के बाद एक-एक कर सभी छात्रों से अपने नक्शे के बारे में बोलने को कहें।
- शिक्षक ब्लैकबोर्ड पर छात्रों द्वारा बताई बातों में से एक एक विशेष बात लिखें।
- अब उनसे पूछे यदि हम 10 साल पहले स्कूल का नक्शा बनाते तो ब्लैकबोर्ड पर लिखी विशेषताओं में से कौन कौन सी नहीं होती? उन्हें काटे।
- अंत में उन्हें यह बात बताए कि जब 10 सालों में इतना बदलाव हुआ है तो 2500 साल पहले के नक्शे और आज के नक्शे में समय के साथ कितना अधिक बदलाव हो सकता है?

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : समय के साथ मानचित्र क्यों और कैसे बदलते हैं?

____

____

____

____

प्रश्न 2 : भारत के प्राचीन नक्शे और वर्तमान नक्शे में क्या अंतर हैं? कोई चार बताएं।

1. ______________________________
2. ______________________________
3. ______________________________
4. ______________________________

भाग-2

इतिहासकार और उनके स्रोत

फोकस प्रश्न :

इतिहास को जानने के लिए इतिहासकार और उनके स्रोतों को जानना क्यों जरूरी है?

शब्द भण्डार :

इतिहासकार	:	इतिहास की खोज करने वाला
शिलालेख	:	पत्थरों पर लिखे हुए
पांडुलिपि	:	हाथ से लिखी हुई
आभिलेखागार	:	जहाँ वास्तविक लिखित सामग्री संभाल कर रखी जाती है
दुर्लभ	:	मुश्किल से प्राप्त होने वाला

इतिहासकार किसी काल का इतिहास लिखने के लिए अलग-अलग स्रोतों का प्रयोग करते है। उन्हें बहुत सी ऐसी प्रथाएं और विचार भी मिलते है जो पिछले काल से वैसी ही चली आ रही है। इन सूचनाओं को इकट्ठा करने के लिए अभी भी सिक्के, शिलालेखों, स्थापत्य कला तथा लिखित सामग्री पर निर्भर करते है।

13वीं से 14वीं सदी में आने तक लिखित सामग्रियों की संख्या में काफी बढोत्तरी हो चुकी थी। कागज सस्ता था और आसानी से उपलब्ध हो जाता था। कई बार इतिहास को सालों दर सालों लिखा जाने लगा जिससे लिखित सामग्री की संख्या और बढ़ गई। लोग धर्मग्रन्थ, शासकों के वृतांत, उपदेश, हिसाब-किताब, आदि लिखित सामग्री में प्रयोग करने लगे। इन पांडुलिपि और दस्तावेजों को अभिलेखागार में रखा जाता है। वास्तव में असली या मूल पाण्डुलिपि को प्राप्त करना या देख पाना बहुत दुर्लभ हैं, ये हमें सिर्फ किसी खास संग्रहालय में देखने को मिल सकती है।

शब्द भण्डार :

अर्थव्यवस्था	:	जीवन चलाने की व्यवस्था
समृद्ध	:	संपन्न (धन, बुद्धि, इत्यादि से)
आकर्षित	:	किसी से प्रभावित होना

इतिहासकार बीते समय को घंटो, दिनों और सालों के रूप में ही न देखकर एक कालखण्ड के रूप में भी देखते है, और उस कालखण्ड में विशेष बदलावों से उसकी पहचान बनाते है। जैसे- पाषाण काल, प्राचीन काल, मध्य काल, आधुनिक काल,आदि। इन हजारो वर्षो के दौरान इस उपमहाद्वीप के समाजों में अक्सर परिवर्तन आते रहे हैं और कई क्षेत्रो की अर्थव्यवस्था तो इतनी समृद्ध हो गयी थी कि उसने यूरोप की व्यापारिक कंपनियों को भी आकर्षित करना शुरू कर दिया।

दोस्त की कॉपी

कभी-कभी आप अपने दोस्त की कॉपी अपने होमवर्क को पूरा करने के लिए ले जाते हैं। हो सकता है आपको उसकी लिखावट समझ नहीं आती, तो आप कुछ शब्दों के बदले कुछ दूसरे शब्द भी प्रयोग कर लेते हैं। इसी तरह इतिहासकारों को भी इतिहास लिखते समय कुछ ऐसी ही परेशानियों का सामना करना पड़ता था। और तब तो प्रिंटिंग की मशीन भी नहीं होती थी।

सुझाव के तौर पर क्रियाकलाप :

- शिक्षक छात्रों को आवश्यकता के अनुसार समूह में बाँट दे।
- प्रत्येक समूह को नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर समझने के लिए आपस में चर्चा करने के लिए कहे।
  प्रः आपके अनुसार इतिहासकार को इतिहास लिखने के लिए कौन-कौन सी बातों का ध्यान रखना पड़ता था ?
- प्रत्येक समूह से प्रस्तुतिकरण करवाएं तथा अन्य समूह को प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित करें।
- यहाँ शिक्षक एक मार्गदर्शक की भूमिका में रहे।

क्या जाना क्या सिखा :

प्रश्न 1 : इतिहास की जानकारी कौन-कौन से स्रोतों से प्राप्त होती है ? कोई चार स्रोत लिखिए।

1. ______________________
2. ______________________
3. ______________________
4. ______________________

प्रश्न 2 : पाण्डुलिपि और मूल दस्तावेजों को कहाँ रखा जाता है? इन्हें वहां क्यों रखा जाता है?

उत्तर 2 :

अभ्यास

प्रश्न 1 : यदि आपको कोई मानचित्र बनाना हो, तो आप उसे बनाने में कौन-कौन सी बातों का ध्यान रखेंगे लिखे? और शिक्षक द्वारा छात्रों को भारत और उसके पड़ोसी देशों का खाली मानचित्र दिया जाए, और उनसे सिन्धु घाटी की सभ्यता से सम्बन्धित कुछ नगरों को उस पर चिन्हित करने को कह सकते है।

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : मान लो आप एक इतिहासकार हैं और आपको अपने बचपन से अब तक का इतिहास लिखना है तो आप कौन-कौन सी मुख्य बातें लिखेंगे?

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : आपने पिछले कुछ सालों में अपने मोहल्ले, स्कूल, आदि में बहुत सारे बदलाव देखे होंगे। क्या आप बता सकते है कि ये बदलाव कौन-कौन से है? नीचे लिखिए। यह बदलाव क्यों हुए?
(क्रियाकलाप द्वारा : शिक्षक, ब्लैक-बोर्ड पर दो तालिका बना कर - जिसमे एक तरफ 5-10 साल पहले क्या था? और दूसरी तरफ उन्हें लिखे जो बदलाव आज हो रहे हैं पर पांच साल पहले नहीं थे। छात्र बोले और शिक्षक लिखते जाएँ।)

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : समय के अनुसार दुनिया में बदलाव होते रहते है। आपके अनुसार क्या ये बदलाव हमारे लिए जरूरी है? हाँ, तो क्यो? नहीं, तो क्यों? उत्तर लिखे।

उत्तर 4 :

-क्रियाकलाप द्वारा : शिक्षक, इस पर कक्षा में समूह में चर्चा भी करवा सकते हैं।
यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

पाठ 2

नए राजा और उनके राज्य

(NCERT पाठ 2)

हम क्या सीखेंगे :

- राजा के सामंतों और मुखियाओं ने जमीन पर कब्जा कर अपनी ताकत बढ़ाई और राजा से अलग हो कर अपने खुद के राज्यों का निर्माण किया। इस तरह दक्षिण भारत में सातवीं सदी में नए राज्यों का उदय हुआ।
- चोल साम्राज्य की विशेषताएँ जैसे कृषि, प्रशासन, भूमि अनुदान, भव्य मंदिर और मूर्तिकला के बारे में समझ बनाएंगे।
- चोल मंदिर सिर्फ पूजा-आराधना के नहीं बल्कि आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन के भी केंद्र थे।

आपके सवाल :

पाठ के शीर्षक/नाम को पढकर आपके मन में जो भी आपके सवाल आते हैं, उन्हें नीचे दी गई जगह में लिखिए।

हम जानते हैं :

राजाओं का नियंत्रण किसी क्षेत्र-विशेष पर होता था। इसे बढ़ाने के लिए वे सदा प्रयास करते रहते थे। जैसे अशोक ने अपने साम्राज्य को उत्तर पश्चिम से दक्षिण तक फैलाया।

आओ कदम बढ़ाएँ :

आप सभी ने क्रिकेट तो खेला होगा। उसमें बैटिंग की बारी सबसे पहले किसकी आती है ?

आम तौर पर यही देखा गया है कि बैट जिसका होता है बैटिंग भी उसी की पहले आती है। कुछ शैतान बच्चे तो बैटिंग खत्म होते ही घर चले जाते हैं। अब सोंचो की ऐसी कुछ और घटनाएं भी आपने देखी है जहाँ बात उसी की मानी जाती है जिसके पास ज्यादा संसाधन या ताकत है। नीचे कुछ ऐसी घटनाओं के बारे में लिखो।

भाग-1

नए राज्यों की शुरुआत

फोकस प्रश्न :

नए राज्य कैसे उभरते हैं? राजा के खिलाफ कौन बगावत करता है?

सामंत कौन थे और राजा उनसे क्या उम्मीद रखते थे ?

सातवीं शताब्दी में राजाओं के अलावा उनके मातहत 'बड़े-बड़े योद्धा सरदार' और 'भूस्वामी' भी महत्वपूर्ण हो गए। इन्हें सामंत कहा जाता था। राजा इन्हें मान्यता देते और सामंत बदले में राजा के लिए उपहार लाते, अपनी सेना देकर युद्ध में मदद करते और उसके दरबार में हाजिरी लगाते। प्रजा से कर इकठ्ठा करने का काम भी सामंतों के हाथ में था। समय के साथ ये सामंत बहुत शक्तिशाली हो गए। क्योंकि राजा काफी हद तक राज्य के दूर दराज के बड़े बड़े हिस्सों को चलने के लिए इन सामंतों पर निर्भर थे, ये सामंत अपने-अपने इलाकों में काफी ताकतवर हो गए।

शब्द भण्डार :

मातहत	:	कम महत्त्व वाले
भूस्वामी	:	भूमि का मालिक
प्रशस्ति	:	सम्मान, आदर
अस्तित्व	:	पहचान

जब कोई व्यक्ति अपने आपको बहुत महत्वपूर्ण दिखाना चाहता है तो अपने नाम के आगे कोई भारी-भरकम उपाधि लगा लेता है। उस समय के राजाओं को दिख रहा था की ये सामंत शक्तिशाली हो रहे हैं और उन पर नियंत्रण रखना ज़रूरी है वरना उनकी अहमियत कम हो जायेगी। सामंत चाहते थे कि वे और भी ताकतवर हो जाएँ। इसलिए उस काल में राजाओं और सामंतों ने अपने नाम के आगे भारी-भरकम उपाधि लगाना शुरू कर दिया।

राजाओं की उपाधि	सामंतों की उपाधि	अपने और अपने मित्र के लिए कोई मजेदार उपाधि सोचो और लिखो
महाराजाधिराज	महासामंत	
त्रिभुवन-चक्रवर्तिन	महामंडलेखर	

यह भी जानो :

इस काल का इतिहास जानने के लिए आप दो ग्रंथों को देख सकते हैंः-

(i) कल्हण द्वारा लिखि़त राजतरंगिनी (पहला सही तरीके से लिखा गया इतिहास)

(ii) अल-बेरूनी द्वारा लिखी गई कृति किताब अल-हिन्द

तुम्हें क्या लगता है, कोई अपने आपको महत्वपूर्ण क्यों दिखाना चाहता होगा? किन तरीकों से लोग ऐसा करते हैं? जैसे किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के नाम पर किसी जगह या सड़क का नाम रखना (राजीव चौक, शेर शाह सूरी मार्ग आदि।) सोंचो और लिखो।

निष्कर्ष :

सातवीं सदी आते-आते मौर्य काल की तरह पूरे भारत पर किसी एक राजा का शासन नहीं था। अलग अलग भागों में सामंत (योद्धा सरदार) अस्तित्व में आ चुके थे। हालाँकि राजा अपने नाम के आगे भारी भरकम उपाधियाँ धारण करते थे जैसे महाराजाधिराज, त्रिभुवन-चक्रवर्तिन आदि पर इन सब दावों के बावजूद इन राजाओं को अपने सामंतों के साथ-साथ किसानों, व्यापारियों, ब्राह्मणों के साथ अपनी सत्ता की साझेदारी करनी पड़ती थी। राजा इन सब लोगों को कई सारे लाभ, तोहफे, जमीन, पद और इज्जत देते थे और यह सब लोग राजा के शासन को मान्यता देते थे।

भाग-2

चोल साम्राज्य की कहानी

फोकस प्रश्न :

चोल साम्राज्य की विशेषताऐं क्या थीं? चोल मंदिर किस प्रकार धार्मिक ही नहीं सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों के भी केंद्र थे?

चोल वंश का शासन दक्षिण में कावेरी नदी और उसके आसपास के क्षेत्रों पर था। वह पहले इस क्षेत्र में छोटे से मुखिया परिवार थे जो कांचीपुरम के पल्लव राजाओं के मातहत थे। विजयालय ने पास के अन्य मुखिया परिवारों को हरा कर चोल राज्य की स्थापना की और तंजावुर को अपनी राजधानी बनाया। फिर अन्य चोल राजाओं ने

चोल राज्य को शक्ति और क्षेत्र दोनों में बढ़ाया। जैसे कि राजराजा प्रथम और राजेन्द्र प्रथम ने। जानते हो चोलों के पास अपनी जलसेना भी थी। अब हम चोल साम्राज्य के बारे में कुछ विशेष बातों को जानेंगे।

चोल मंदिर - एक खास भूमिका में

आम तौर पर जब हम मंदिरों के बारे में सोचते हैं तो क्या शब्द याद आते हैं? चलो सोचें और नीचे दिए चित्र में लिखें।

यह भी जानो :

जब राजा एक दूसरे के राज्यों पर हमला करते तो वह मंदिरों को भी अपना निशाना बनाते जैसेः

गजनी के सुल्तान महमूद ने गुजरात के सोमनाथ के मंदिर पर कई बार हमला किया और उस की लूट से मिले धन से अपनी वैभवशाली राजधानों का निर्माण किया।

चोल मंदिर न केवल पूजा के केंद्र थे, वे आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के केंद्र भी थे। जैसेः-

शिल्प उत्पादन केंद्र- तरह-तरह की प्रतिमाएें या मूर्तियाँ बनाना। चोल काल की कांस्य मूर्तियाँ संसार की सबसे बेजोड़ मूर्तियाँ मानी जाती हैं।

आर्थिक केंद्र- मंदिरों के आसपास बस्तियाँ विकसित होने लगीं जिसमें मंदिर के लिए काम करने वाले लोग जैसे पुरोहित, मालाकार संगीतकार, नर्तक, बावर्ची आदि रहते थे। इनके जीवन निर्वाह के लिए राजा मंदिरों को भूमि दान करते जिससे इकट्ठी की गई कर की रकम से सारा खर्च संभव हो पाता था। इस प्रकार मंदिर नगरों का विकास हुआ। मंदिर नगरों के कुछ उदाहरण है तमिलनाडु में कांचीपुरम और आंध्र प्रदेश में तिरुपति।

विचारों की तिजोरी :

कहते हैं युद्ध में किसी की जीत नहीं होती। दोनों पक्ष हारते हैं। हमने छठी कक्षा में पढ़ा है कि अशोक ने भी दुखी होकर युद्ध का त्याग किया।

समूह चर्चा :

छोटे समूहों में ऊपर दिए प्रश्न पर चर्चा करो।



Source: NCERT, 2017

नीचे दी जानकारी को पढ़ो और अब चोल मंदिरों के बारे में जो शब्द जहन में आते हैं लिखो।

कृषि, सिंचाई एवं प्रशासन

कक्षा में अपने सहपाठियों से चर्चा करो कि पिछले सालों में किन आधुनिक परिवर्तनों में कृषि में फसलों की उपज को कई गुना बढ़ा दिया हो? उपज बढ़ाना क्यों जरूरी होता है?

तमिलनाडु में पाँचवी-छठी शताब्दी में चोल राजाओं के शासन में बड़े पैमाने पर खेती की शुरुआत हो पाई। जंगलों को साफ किया गया, नहरें बनाई गई, बाढ़ रोकने के लिए तटबंध बनाए गए।

बड़े पैमाने पर फसलें उगाने के लिए सिंचाई के तरीकों का विकास करना जरूरी था ताकि वर्षा पर निर्भरता कम हो। इसके लिए कुएं खोदे गए, विशाल सरोवर बनाए गए, नहरें बनाई गईं और यह भी तय किया गया कि पानी का बँटवारा कैसे किया जाए। इस प्रकार की सिंचित खेती से किसानों के गांव बहुत समृद्ध हो गए गए। गावों को **'उर'** कहा जाता था और गावों के समूह को **'नाडु'**।

प्रशासन व्यवस्था :

सदस्यता का चुनाव लड़ने की कुछ शर्तें :-

- अपना घर हो
- उम्र 35-70 के बीच हो
- वेदों का ज्ञान हो
- भू-राजस्व (जमीन पर कर देता हो)
- इमानदार हो
- पिछले तीन साल से सदस्य रहा व्यक्ति अब किसी और समिति का सदस्य नहीं बनेगा
- अपने और अपने संबंधियों के खातों को जमा कराए।

सोचों - क्या इन चुनावों और समितियों में महिलाओं या फिर नीच जाति के लोगों को एक उम्मीदवार के रूप में खड़े होने की अनुमति थी? क्यों/क्यों नहीं?

क्या आज भी हमें ऐसा कुछ देखने को मिलता है जहाँ महिलाओं और नीच जाति के लोगों को किसी काम की अनुमति न हो?

शब्द भण्डार :

उर	:	किसानों की बस्तियां
नाडु	:	उर का समूह
ब्रह्मदेय	:	ब्राह्मणों को दान में दी जाने वाली जमीन
नागरम	:	व्यापारियों की संघ
शालाभोग	:	विद्यालय के रखरखाव के लिए भूमि

जानते हो भूमि पर कृषि का फैलाव इसलिए भी संभव हुआ क्योंकि राजा ब्राह्मणों, किसानों, मंदिरों, संस्थाओं, आदि को दान में भूमि दिया करते जिसकी उपज से यह अपना गुजारा चलाते थे। अपनी आय बढ़ाने के लिए यह खेती का विस्तार करते। चोल अभिलेखों में इन भूमि अनुदानों का जिक्र है।

ब्राह्मणों को दी गई भूमि को ब्रह्मदेय कहते थे। इनकी देखरेख भूमि के मालिक ब्राह्मणों की एक सभा करती थी। सभा में अलग-अलग कामों को करने के लिए अलग-अलग समितियाँ बनाई जाती थीं। सभा की सदस्यता के लिए लोगों का चुनाव किया जाता था - टिकटें डाल कर।

क्या जाना क्या सिखा :

प्रश्न 1 : मान लो तुम्हें अपनी कक्षा में तरह-तरह के कामों के लिए समितियां बनानी हैं। तुम कौन सी समितियाँ बनाओगे और उनके सदस्य बनने के लिए क्या शर्तें तय करोगे?

समितियों के नाम	सदस्यता की शर्तें

प्रश्न 1 : चोल मंदिरों के आस-पास बहुत सी बस्तियाँ विकसित हुईं जिनमें पुरोहित, मालाकार, बावर्ची, मेहतर, कारीगर, संगीतकर, नर्तक आदि रहते थे।ये मंदिर नगर कहलाए। आपको तो पता ही है कि चोल शासक पाठशालाओं के रखरखाव के लिए भी भूमि दान में देते थे। इन पाठशालाओं के आस पास बसी बस्तियों में कौन रहता होगा, क्या नजारा होता होगा? मान लो आप चोलों की राजधानी तंजावूर में यूरोप से आए एक यात्री हो। मंदिर नगरों और पाठशाला केंद्रों का आँखों देखा हाल अपने शब्दों में लिखोः-

मंदिर नगरों में हलचल

तंजावुर के मंदिर की घंटियाँ बजती हुई सुनाई देती हैं। मंदिर बहुत विशाल और सुंदर है।बस्तियों और बाजारों में बहुत हलचल है।

पाठशाला नगर

हमने सीखा :

- सातवीं शताब्दी में राजाओं के अलावा योद्धा सरदारों यानी सामंतों का उदय हुआ। इन्होंने भारी-भरकम उपाधियाँ धारण कीं।
- सामंत धीरे-धीरे अपनी बढती ताकत का इस्तमाल करके राजाओं से अलग हो गए और अपने नए राज्य बना लिए।
- चोल राजाओं के काल में कृषि का विकास, सिंचाई के नए तरीकों का विकास और भूमि अनुदान की शुरूआत हुई।
- मंदिर केवल पूजा ही नहीं सामाजिक और आर्थिक कार्यों के केंद्र भी थे। भव्य मंदिरों के आसपास मंदिर नगरों का विकास हुआ जैसे तंजावुर और तिरुपति।

अभ्यास

प्रश्न 1 : आप एक नाडु (गाँवों के समूह) के धनी किसान हैं। इस नाडु में सारा साल बारिश नहीं हुई और जमीन सूखी पड़ी है। आपको सभा की होने वाली बैठक में अपने नाडु की समस्याएँ रखनी हैं, कर माफ करने की प्रार्थना करनी है और उपाय सुझाने हैं। सभा में प्रस्तुत करने के लिए एक प्रस्ताव तैयार करो।

उत्तर :

प्रश्न 2 : आपने चोल साम्राज्य में सभाओं के सदस्य चुने जाने के बारे में पढ़ा। अगर आपको पाँच शब्द लिखने हों ताकि पढ़ने वालों को उनके बारे में तुरंत पता चल जाए तो आप कौन से शब्द चुनेंगे ?

प्रश्न 3: नीचे दी गई प्रतिमा को गौर देखिए। क्या आपने यह प्रतिमा कहीं देखी है ?

1. चित्र में किसकी प्रतिमा है ?

2. क्या आप चित्र में दर्शाए गए नृत्य का नाम बता सकते हो?

3. यह प्रतिमा किस धातु से बनी है?

4. इस प्रकार की प्रतिमाएँ किस प्रसिद्ध राजवंश के काल में सुप्रसिद्ध थीं?

5. क्या इस प्रतिमा को देखकर कोई कहानी याद आती है? अपने अध्यापक या परिवारजनों की सहायता से उस कहानी का पता लगाओ व अपने शब्दों में लिखो।

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढ़ने में अपने शिक्षक की सहायता लें।

पाठ 3

मुगल साम्राज्य

(पाठ 3 और 4)

हम क्या सीखेंगे :

- मुगल साम्राज्य का फैलाव और उसके प्रमुख शासक।
- मुगल साम्राज्य का उसके पड़ोसी राज्यों के साथ सम्बन्ध।
- अकबर के समय में राज्य की प्रशासनिक, आर्थिक स्थिति व धार्मिक नीति जिसके कारण उसे एक महान राजा का खिताब दिया गया।

आपके सवाल :

हमें पता है :

तुर्की सुल्तान महमूद गजनी ने भारत पर 17 बार हमले किए और काफी खजाना लूट कर गजनी ले गए। इनके बेटे महमूद ग़ौरी ने 1192 में पृथ्वीराज चौहान को हराके दिल्ली पर कब्ज़ा किया और अपने गुलाम सेनापति कुतुबुद्दीन ऐबक को दिल्ली का बादशाह घोषित किया।

अब आगे की जानकारी एक क्रियाकलाप से जानते हैं:

क्रियाकलाप के लिए सामानः सल्तनत काल के वंश के नाम, शासक के नाम और उससे सम्बंधित इमारतें दिल्ली का मानचित्र (इस अध्याय के अंत में दिया गया है)

शिक्षक संकेत :

वंश के नाम के साथ जो अंक होगा वो सल्तनत के वंश के क्रम को दर्शाता है। पाठ के अंत में और कार्ड्स दिए गए हैं, छात्र को कहें के वो उन्हें वहां से काट लें। चैप्टर के अंत में दिल्ली का सेम्पल मानचित्र दिया हुआ है। उसको देखकर चार्ट पेपर पर हुबहू उतारें। छात्र अपने कार्ड अब इस मानचित्र पर चिपकाएँगे।

क्रियाकलाप की प्रक्रिया:

- छात्रों में कटे हुए कार्ड्स बाँट दें।
- अपना कार्ड पढ़कर छात्रों को समान वंश का समूह बनाना होगा, इस समूह में वंश, शासक, इमारत, तीनों के कार्ड्स होने चाहिए। कुल मिलाकर कक्षा में 5 समूह बनेंगे, जो दिल्ली सल्तनत के 5 वंशो को दर्शाएंगे।
- दिल्ली के मानचित्र पर छात्रों को अपने वंश की इमारतों को सही जगह पर चिपकाना होगा।

भाग-1

मुगलों का आना और उनके प्रमुख शासक

फोकस प्रश्न

भारत में मुगलों ने किस प्रकार साम्राज्य का विस्तार किया?

फारसी और तुर्की भाषा में 'मुगल' शब्द का अर्थ मंगोल है। बाबर अपने पिता की तरफ से तुर्क सुलतान तैमुर और माँ की ओर से मंगोल राजा चेंगेज खान के वंशज थे।

मुख्य घटनाएँ :

1526 :	पानीपत की लड़ाई और बाबर का दिल्ली पर कब्जा
1530 :	हुमायूँ राजा बने
1540 :	शेर शाह सूरी का दिल्ली पे कब्जा
1555 :	हुमायूँ का दोबारा दिल्ली का राजा बनना
1556 :	13 साल के अकबर राजा बने
1571 :	फतेहपुर सिकरी का निर्माण
1605 :	जहाँगीर राजा बने
1628 :	शाहजहाँ राजा बने
1658 :	औरंगज़ेब राजा बने

जैसा हमने पढ़ा, दिल्ली पर सल्तनत के लोधी वंश का राज चल रहा था। उसी समय काबुल के एक राजा, बाबर ने दिल्ली के पास पानीपत में 1526 में इब्राहीम लोधी पर हमला किया और उसे हराया। बाबर ने फिर अपने बेटे हुमायूँ को दिल्ली और आगरा को कब्जा करने के लिए भेजा और खुद को बादशाह घोषित कर दिया। इस प्रकार मुगल राज्य की शुरुवात हुई।

1530 में बाबर की मृत्यु के बाद उनके बेटे हुमायूं को जीते हुए इलाकों को संभालनें में काफी दिक्कत हुई। इसी समय एक अफगान शासक, शेर शाह सूरी, ने हुमायूँ को हराया और भारत छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। 15 सालों के बाद 1555 हुमायूँ फिर भारत आए और दिल्ली पर कब्जा कर लिया। अगले ही साल 1556 में उनकी सीढ़ी से उतरते समय, फिसल कर मृत्यु हो गयी।

उसके बाद इनके बेटे को 13 साल की छोटी उम्र में ही राज्य की जिम्मेदारी दे दी गई। उनके एक वफादार, बैरम खान, ने शासन का काम चलाया और अकबर को राजकाज की शिक्षा प्राप्त करने का मौका मिला। जब अकबर 17 साल के थे तो उन्होंने शासन की बागडोर अपने हाथ में ली और कई तरीकों से आस पास के राज्यों पर कब्जा करके अपना साम्राज्य और बढ़ा लिया। कुछ तरीके थेः

1. युद्ध करके
2. पास के राज्यों में शादी करके
3. कई राज्य स्वयं अकबर को सम्राट मानने को तैयार थे

1571 में अकबर ने आगरा से 40 किलोमीटर दूर एक नई राजधानी बनाई जिसका नाम फतेहपुर सिकरी रखा। फतेहपुर सिकरी मतलब 'विजय का शहर'। 1605 में अकबर के बाद जहाँगीर शासक बने जिन्होंने अकबर के सैन्य अभियानों को आगे बढ़ाया। जहाँगीर के दरबार में इंलैंड के राजा के राजदूत सर थॉमस रो, व्यापार करने आए। इस समय चित्रकला काफी बढ़ चढ़ के आगे आई।

1627 में जहाँगीर की मृत्यु के बाद शाहजहाँ राजा बने। उनके शासन काल में मुग़ल राज्य पश्चिम में सिंध और पूर्व में आज के बंग्लादेश तक फैल गया। उन्हें इमारतें बनाने का काफी शौक था। दिल्ली में शाहजहाँनाबाद जिसे अब पुरानी दिल्ली या चांदनी चौक के आस पास का इलाका कहते है, उसे बनवाया और उसे राजधानी बनाकर वहां से शासन किया। इसमें लाल किला और जामा मस्जिद भी शामिल है। ताज महल भी इनके द्वारा ही बनवाया गया था अपनी पत्नी मुमताज महल के लिए।

विचारों की तिजोरी

शाहजहाँनाबाद दिल्ली का सातवाँ शहर था। क्या आप बाकी शहरों के बारे में जानते हैं? आठवाँ शहर कौनसा है?

शाहजहाँ के पुत्रों के बीच उत्तराधिकार (राजगद्दी) को लेकर झगड़ा हुआ जिसमें औरंगजेब की जीत हुई। शाहजहाँ को औरंगजेब ने आगरा के किले में 8 वर्षो के लिए बंद कर दिया। 1658 में औरंगजेब शासक बने और अकबर के बाद सबसे लम्बा शासन चलाया जो 49 वर्षो का था। औरंगजेब के शासन के समय मुगल राज्य सबसे बड़ा था। दक्षिण में 2 राज्य – बीजापुर और गोलकोंडा भी मुगल साम्राज्य का हिस्सा बन गए।

शब्द भण्डार :

उत्तराधिकार : विरासत में मिलने वाला पद

इसके बाद कई मुगल शासक रहे पर सबसे महत्त्वपूर्ण ये 6 ही थे। औरंग़जेब के बाद करीब और 150 साल तक मुग़ल राज्य चला और 1857 के विद्रोह के बाद बहादुरशाह ज़फर 2 के बाद मुगल राज्य खत्म हो गया।

पाठ के अंत में दिए मानचित्रों में दिए रंगीन हिस्से को काटें और भारत के मानचित्र के ऊपर चिपकाएँ। ध्यान रहे की सबसे छोटा हिस्सा सबसे ऊपर रहे और सबसे बड़ा नीचे। यह मानचित्र हमें मुगल के विस्तार के बारे में बताता है।

क्या आप बता सकतें है कि इन हिस्सों में से बाबर, अकबर और औरंगजेब के हिस्से कौन से हैं?

____

____

____

- सबसे छोटा हिस्सा 1526 में जब मुगल राज्य शुरू हुआ था, तब के फैलाव को दर्शाता है।
- बीच वाला हिस्सा 1605 में एक महान राजा की मृत्यु के बाद के मुगल राज्य की स्थिति के बारे में है।
- सबसे बड़ा हिस्सा 1707 में आखरी महत्वपूर्ण मुगल सम्राट के साम्राज्य को दर्शाता है।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : आखरी महत्वपूर्ण मुगल सम्राट कौन थे? किन किन राज्यों को उन्होंने अपने साम्राज्य में जोड़ा?

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : मुगल साम्राज्य के 6 बड़े सम्राट कौन थे? सही क्रम में इनके नाम लिखिए।

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : जहाँगीर और शाहजहाँ शासन के अलावा और किन चीजों में रुचि रखते थे।

उत्तर 3 :

भाग-2

अकबर की प्रशासनिक व धार्मिक नीति

फोकस प्रश्न

अकबर को एक महान सम्राट का खिताब क्यों दिया गया था/है?

प्रशासनिक नीति

शब्द भंडार :

खिताब	:	उपाधि, नाम
नियुक्त	:	पद देना, जिम्मेदारी देना

कभी आपने अपने स्कूल के काम करने के तरीके पर गौर किया है? उसका मुखिया कौन है? और कौन कौन लोग उसका हिस्सा है? पता है क्या प्रधानाचार्य और शिक्षक के अलावा विद्यार्थी, गार्ड, सफाई कर्मचारी, बस चलाने वाले लोग, व अन्य लोग जो आपको स्कूल में दिखते हैं, सब आपके स्कूल का हिस्सा है। इन सब के ऊपर प्रधानाचार्य होते है।

अब स्कूल को चलाने के लिए वो अकेले हर जगह नहीं हो सकते। तभी एक ऐसी प्रणाली स्थापित की गई है जहाँ सभी लोगों को पता है उन्हें क्या काम करना है और सब कुछ अच्छे से चलता है।

बिल्कुल ऐसे ही अकबर ने भी कुछ किया था अपने बड़े से राज्य को चलाने के लिए। उन्होंने कुछ प्रशासनिक नीतियाँ स्थापित कि जिससे उनको हर जगह होना ज़रूरी नहीं था पर सब काम अपने आप चलता था। जैसे-जैसे साम्राज्य में अनेक क्षेत्र शामिल होते गए, अकबर ने विभिन्न सामाजिक समूहों (जैसे ईरानी, तुर्की, राजपूत, मराठा, भारतीय मुसलमान आदि) के सदस्यों को प्रशासन में नियुक्त करना शुरू किया।

अकबर ने कई अलग वर्गों से अपने प्रशासन के लिए अफ़सरों को क्यों चुना?

मुग़लों के सेवा में आने वाले मनसबदार कहलाते थे। मनसब लेने के लिए इच्छुक लोगों को मुग़ल दरबार में आवेदन देना पड़ता था। योग्य माने जाने पर उसे मनसब प्रदान किया जाता था।

मनसबदार की जात (संख्या) उसके पद और वेतन को तय करती थी, और उसकी सवार (संख्या) उसके घुड़सवारों की संख्या को तय करती थी। वो इन घुड़सवारों की देख-रेख करते थे।

मनसबदारों को वेतन के रूप में भूमि मिलती थी। जिसे 'जागीर' कहते थे। वे केवल इस भूमि का राजस्व वेतन के रूप में पाते थे। यह राजस्व भी वे स्वयं नहीं लेते थे बल्कि उनके नौकर उनके लिए इकट्ठा करते थे, क्योंकि वे इन जागीरों से अलग, राज्य के किसी और भाग में सेवा करते थे।

अकबर के शासनकाल में इन जागीरों का सावधानी से आकलन किया जाता था, ताकि इनका राजस्व मनसबदार के वेतन से बराबर रहे। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए मनसबदारों को कोई एक जागीर लम्बे समय तक नहीं मिलती थी।

प्रशासन को अच्छे से चलाने में मनसबदारी व्यवस्था की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। हर पद के मनसब के पास अपना एक कार्य था जिससे ये सुनिश्चित होता था कि चीज़ें ठीक से चल रही हैं।

औरंगज़ेब के राज के समय मनसबदार काफ़ी बढ़ गए थे, पर वेतन प्राप्त करने के लिए उतनी जागीर नहीं थी। धीर-धीरे ये व्यवस्था विखरने लगी।

अकबर के शासनकाल में इन जागीरों का सावधानी से आकलन किया जाता था, ताकि इनका राजस्व मनसबदार के वेतन के रकम से तकरीबन बराबर रहे।

धार्मिक नीति

शब्द भण्डार :

मातांधता : ऐसी व्याख्या या कथन जिससे अधिकारपूर्ण कहकर यह आशा की जाए कि उस पर बिना कोई प्रश्न उठाये, उसे स्वीकार कर लिया जाएगा।

अनुयायी : मानने वाले

अकबर की रुचि सब धर्मों और उनके रीति-रिवाजों में थी। दूसरे धर्मों के लोगों से बात करके अकबर ने समझा कि जो विद्वान, धार्मिक रीति-रिवाज़ों और मतांधता पर बल देते हैं, वह अक्सर कट्टर होते हैं। उनकी शिक्षाएं, लोगों के बीच विभाजन और मतभेद पैदा करती हैं।

यह अनुभव अकबर को सुलह-ए-कुल या "सर्वत्र शांति" (सब दिशाओं में शांति) के विचार की ओर ले गया। सहनशीलता की यह धारणा अलग अलग धर्मों के अनुयायियों में अंतर नहीं करती थी बल्कि इस नीति का ध्यान सच्चाई, न्याय और शांति पर था जो सब के लिए मायने रखती थी।

सुलह-ए-कुल

अकबर की सुलह-ए-कुल की नीति का उनके पुत्र जहाँगीर ने इस प्रकार वर्णन किया है।

''ईश्वरीय अनुकंपा के विस्तृत आचल में सभी वर्गों और सभी धर्मों के अनुयायियों की एक जगह है। इसलिए उनके विशाल साम्राज्य में, जिसकी चारों ओर की सीमाएँ केवल समुद्र से ही निर्धारित होती थी विरोधी धर्मों के अनुयायियों और तरह-तरह के अच्छे-बुरे विचारों के लिए जगह थी। यहां असहिष्णुता का मार्ग बंद था। यहाँ सुन्नी और शिया एक ही मसजिद में इकट्ठे होते थे और ईसाई और यहूदी एक ही गिरजे में प्रार्थना करते थे। उसने सुसंगत तरीके से 'सार्विक' (सुलह-ए-कुल) के सिद्धांत का पालन किया।''

Source: NCERT 2017

सुझाव के तौर पर क्रिया कलाप

प्रश्न 1 : मुग़ल साम्राज्य के समाज की तरह ही वर्तमान भारत भी आज अनेक सामाजिक और सांस्कृतिक विभिन्नताओं से बना हुआ है। क्या यह राष्ट्रीय एकीकरण के लिए एक चुनौती है?

1. आपके घर पर या स्कूल में रोज़ाना अखबार आता होगा। उसमें कुछ ऐसी घटनाओं के बारे में समाचार ढूंढें जो विविधता के बारे में है। ये घटनाएँ विविधता के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं के बारे में होनी चाहिए।
2. 5 के समूह में अखबार की इन घटनाओं पर चर्चा करें। (यह क्यों हुई, किसके द्वारा की गई, किस सोच की वजह से ये घटना हुई होगी, आदि)
3. पूरी कक्षा में ये चर्चा करें कि भारत में विविधता की स्थिति क्या है? क्या अकबर के सुलह-ए-कुल की नीति का आज के समय में उपयोगिता है?

अकबर को एक महान सम्राट का खिताब उनकी प्रशासनिक व धार्मिक नीतियों की वजह से दिया जाता है जिसके कारण मुगल साम्राज्य अपनी ऊँचाइयों तक पहुँच पाया।

औरंगजेब के शासनकाल में यह स्थिति बदल गयी:

- मनसबदारों की संख्या बढ़ गयी पर उन्हें देने के लिए जागीर नहीं थी।
- जो जागीरदार थे वो यह चाहते थे कि अधिक से अधिक राजस्व वसूल कर लें।

प्रशासन पर इन कारणों से दबाव आता गया और मुग़ल शासन कमज़ोर होता गया और उसपर संकट की स्थिति आ गयी।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : अकबर को सुलह-ए-कुल की नीति बनाने की जरुरत क्यों पड़ी ? क्या सुलह-ए-कुल के विचार आज के जीवन में मायने रखते हैं ? क्यों/क्यों नहीं ?

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : क्या मनसबदारी प्रथा से अकबर को लाभ हुआ होगा ? यदि हाँ तो कैसे ?

उत्तर 2 :

हमने सीखा :

- दिल्ली हमेशा से राज्यों की राजधानी नहीं थी, पर फिर चौहान राजा को हरा कर मुहम्मद ग़ौरी ने अपने गुलाम सेनापति कुतुबुद्दीन ऐबक को सुल्तान घोषित कर दिया, यहाँ से शुरू हुई दिल्ली सल्तनत। इसके बाद दिल्ली शहर की अहमियत बढ़ गई।

- इब्राहिम लोदी को पानीपत में हराकर बाबर ने मुग़ल साम्राज्य की शुरुआत की।
- इस साम्राज्य का विस्तार बाबर के बाद हुमायूँ, अकबर, जहाँगीर, शाह जहाँ और औरंगजेब ने किया।
- शुरूआत के महत्त्वपूर्ण सम्राटों ने साम्राज्य की इतनी मज़बूत नींव बनाई कि वह करीबन 350 सालों तक बनी रही।
- अकबर को महान सम्राट का खिताब उनकी प्रशासनिक और धार्मिक नीतियों की वजह से दिया जाता है।
- प्रशासनिक नीति में 'मनसबदारी' व्यवस्था और धार्मिक व्यवस्था में 'सुलह-ए-कुल' की नीति महत्त्वपूर्ण थी।
- औरंगजेब के बाद मुगल साम्राज्य की स्थिति बिगड़ने लगी इसकी एक वजह थी कि अकबर की बनाई हुई प्रशासनिक नीतियों को ठीक से चलाया नहीं गया।

अभ्यास

प्रश्न 1 : मुगल साम्राज्य कब और कैसे शुरू हुआ? इसके विस्तार के बारे में भी लिखे।

उत्तर 1 : ______________________________

____

____

____

____

____

प्रश्न 2 : मुगल प्रशासन में मनसबदारों की क्या भूमिका थी?

उत्तर 2 : ______________________________

____

____

____

____

____

प्रश्न 3 : मुग़ल साम्राज्य के प्रशासन और भारत के आज के प्रशासन में आपको क्या अंतर दिखता है?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 (क) क्या आपको अकबर की 'सुलह-ए-कुल' की नीति आज के समय उचित लगती है? क्यों/क्यों नहीं? अपने स्कूल, घर, मुहल्ले, शहर या गाँव की परिस्थिति के आधार पर उदाहरण लिखें।

उत्तर 4 (क)

प्रश्न 4 (ख) दिल्ली में अक्टूबर महीने में मनाये जाने वाला कौन सा सांप्रदायिक त्यौहार 'सुलह-ए-कुल' की नीति के करीब है?

उत्तर 4 (ख)

प्रश्न 5 : रिक्त स्थान भरोः

1. पुरानी दिल्ली का शहर ________________ बादशाह ने बसाया।

2. मंसब शब्द का अर्थ ________________ होता है।

3. मनसबदारों को वेतन ________________ के तौर पर मिलता था।

4. मुगल साम्राज्य में विराम के लिए ________________ जिम्मेदार थे।

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढ़ने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

क्रियाकलाप की सामग्री

छात्र इन कार्ड्स को काट कर क्रियाकलाप के लिए तैयार रखें।

1. **प्रारंभिक तुर्की शासक (1206–1290)**

2. **खिलजी वंश (1290–1320)**

3. **तुगलक वंश (1320–1414)**

4. **सैयद वंश (1414–1451)**

5. **लोदी वंश (1451–1526)**

कुतुबुद्दीन ऐबक (1206–1210)

दिल्ली सल्तनत के पहले शासक जो मौहम्मद गौरी के गुलाम सेनापति थे। इन्होने महरौली में कुतुब मिनार बनवाया।

इल्तुतमिश (1210–1236)
इन्होंने कुतुब मीनार बनाना खत्म किया और अलाई मीनार बनाना शुरू किया।

रज़िया सुलतान (1236–1240)
यह दिल्ली की सबसे पहली महिला शासक थी जिनको राज्य करने के लिए बहुत सी कठिनाइयाँ उठानी पड़ी।

अल्लाउद्दीन खिलजी (1296–1316)
इनकी कहानी पर हाल ही में एक हिंदी फिल्म भी निकली थी। यह अपनी प्रशासनिक नीतियों के लिए मशहूर थे जिनको आगे के काफी सारे राजाओं ने भी अपनाया।

गयासुद्दीन तुगलक (1320–1324)
इन्होंने तुगलकाबाद का किला बनवाया। इनका राज्य सिर्फ 5 साल का था और इनकी मृत्यु काफी रहस्यमय थी।

मुहम्मद तुगलक (1324–1351)

इनके राज करने के तरीकों में अस्थिरता रहती थी जैसे राजधानी को दिल्ली से दौलताबाद और फिर दिल्ली में बदलना और चाँदी और सोने के सिक्कों की जगह तांम्बे के सिक्कों को लाना।

फिरोज़ शाह तुग़लक (1351–1388)

इन्होंने फ़िरोज़ शाह कोटला का किला बनवाया। इसके अलावा दिल्ली के आस पास 6 और शहर बनवाए। यह उस समय राज करने आए जब कोई और राजा नहीं बनाना चाहता था।

खिज्र खान (1414–1421)

इन्होंने सैयद वंश की स्थापना की पर खुद को कभी सुलतान घोषित नहीं किया। कहा जाता है की इनके पूर्वज प्रोफेट मोहम्मद थे।

इब्राहीम लोदी (1451–1526)

यह सल्तनत के आखिरी सुलतान थे। यह माना जाता था कि वो प्रजा की इच्छाओं के बारे में न सोच कर खुद की मनमानी करते थे, यहां तक की वो अपने अधिकारियों की बात भी नहीं सुनते थे। इससे नाराज होकर दौलत खान लोदी जो पंजाब के सूबेदार थे, उन्होंने काबुल के राजा बाबर को आक्रमण करने को कहा और बाबर ने पानीपत के युद्ध में इब्राहिम लोदी को हराया।



कुतुब मीनार

अलाई मीनार

रज़िया सुल्तान का मकबरा

इल्तुतमश का मकबरा

अलाऊद्दीन खिलज़ी का मकबरा

तुग़लकाबाद का किला

फ़िरोज़शाह कोटला

सैयद वंश की इमारत : मौहम्मद शाह का मकबरा

शीश गुम्बद, लोदी वंश

सिकन्दर लोदी का मकबरा

बड़ा गुम्बद, लोधी गार्डन


काबुल
दिल्ली
बंगाल
डेक्कन
काबुल
दिल्ली
बंगाल
डेक्कन
काबुल
दिल्ली
बंगाल
डेक्कन
काबुल
दिल्ली
बंगाल
डेक्कन

पाठ 4

ईश्वर से अनुराग

(NCERT पाठ 8)

हम क्या सीखेंगे :

- बड़े–बड़े राज्यों के उदय के बाद नगरों के विकास और व्यापार के माध्यम से जब लोग एक साथ रहने लगे तो कुछ नए विचार विकसित होने लगे।
- कुछ कारणों से लोग बौद्ध, जैन और दूसरे धर्मों की ओर आकर्षित हुए।
- भक्ति और सूफी संत कवियों ने सामाजिक अंतरों का विरोध किया। उनकी कविताओं में कही गई बातों से हम उस काल की सामाजिक व्यवस्था को समझ सकते हैं।

आपके सवाल :

पाठ के शीर्षक को पढकर आपके मन में जो भी सवाल आते हैं, उन्हें नीचे दी गई जगह में लिखिए।

शब्द भण्डार :

संरक्षण : रक्षा करना

कर्मकांड : पूजा, यज्ञ आदि से संबंधित धार्मिक कर्म

उपेक्षित : अपमानित

हम जानते हैं :

आज जिसे हम हिंदू धर्म कहते हैं उस में बहुत से बदलाव आए हैं। जैसे नए देवी-देवताओं की पूजा, राजाओं द्वारा बड़े-बड़े मंदिरों का निर्माण, ब्राह्मणों का बढ़ता प्रभाव। नए-नए शासकों ने भी इनका संरक्षण किया। लेकिन पूजा और कर्मकांडों की इस परंपरा में नीची जातियों और महिलाओं का कोई स्थान नहीं था, इसलिए नीची जातियाँ व उपेक्षित वर्ग के लोग ऐसी परंपराओं की खोज में थे जिनसे बिना पुजारियों और कर्मकांड के भक्त स्वयं अपने भगवान तक पहुँच सके। इसका उत्तर भक्ति और सूफी परंपरा में मिला।

आओ कदम बढ़ाएँ :

दिये बॉक्स में सोच के लिखिए कि हम ईश्वर को क्यों मानते हैं और उनकी पूजा किस प्रकार करते हैं?

शिक्षक संकेत :

यह सवाल छात्रों को पाठ की ओर आकर्षित करने के लिए है।

आप ईश्वर की पूजा क्यों करते हैं?	आप ईश्वर की पूजा कैसे करते हैं?

भाग-1

नए विचारों की शुरुआत

फोकस प्रश्न

आठवीं शताब्दी में लोग ईश्वर के प्रति एक गहरे प्रेम की भावना की तरफ क्यों आकर्षित हुए? क्या वे कुछ सामाजिक अंतरों और कुछ लोगों के विशेषाधिकारों को चुनौती देना चाहते थे?

विचारों की तिजोरी :

कक्षा 6 में हमने सम्राट अशोक के बारे में पढ़ा जिन्होंने अपने अभिलेखों में तरह-तरह के कर्मकांडों की निंदा की जो उनके अनुसार किसी काम के नहीं। जैसे कि जन्म पर, मरने पर, शादी-ब्याह के समय आदि। कुछ रीति रिवाजों को देखने पर हमारे मन में कई बार प्रश्न उठते हैं, ऐसा क्यों? जैसे ई.वी रामास्वामी नायकर जिन्हें 'पेरियार' भी कहा जाता है ने सोंचा **"आखिर कुछ विशिष्ट जाति के लोगों को मंदिर में जाने की इजाजत क्यों नहीं होती?"**

शिक्षक संकेत :

शिक्षक ध्यान रखें कि छात्र संवेदनशीलता पर, गहन सोच के भाव में, प्रश्न पूछे। कोशिश यही होनी चाहिए कि छात्र समझें कि यह एक सोच विचार का अवसर है जहाँ वो धर्म पर नहीं बल्कि कुछ धार्मिक कर्मकांडों पर प्रश्न पूछें।

रामया ने अपनी अध्यापिका से प्रश्न किया:

(क) 'शिवलिंग पर चढ़ाया जाने वाला इतना सारा दूध या जल कहाँ जाता है? क्या वाकई इससे भगवान खुश होते हैं?'

(ख) "किसी विशेष दिशा की तरफ मुख करने को क्यों कहा जाता है जबकि ऐसा समझा जाता है कि भगवान तो सब तरफ है?"

(ग) "पुजारी ने दीदी को बहुत गुस्सा किया क्योंकि उसने बाएं हाथ से दिया जलाया?"

क्या आपके मन में भी कोई ऐसा प्रश्न आता है? अपने सहपाठियों से चर्चा कर दिए चित्र में प्रश्न लिखें।



पहले अलग-अलग समूहों के लोग अपने-अपने देवी देवताओं की पूजा करते थे।अलग-अलग क्षेत्रों में पूजे जाने वाले देवी देवताओं को शिव, विष्णु, दुर्गा का रूप माना जाने लगा। जैसे जैसे लोग एक साथ आते गए, नए विचार पनपने लगे। जैसे कि सभी लोग जन्म से एक बराबर नहीं होते, कुछ विशेष अधिकार ऊँची जाति में पैदा होने की वजह से ही मिलते है, कुछ ने इन्हें माना तो कुछ इस पर सवाल उठाने लगे। ईश्वर के लिए गहरे प्रेम या भक्ति का दौर सातवीं शताब्दी में भक्ति-सूफी आंदोलन की देन है।

कुछ लोग सामाजिक असमानता, भेदभाव, घृणा-द्वेष, उच्च-नीच आदि अंतरों को दूर करना चाहते थे इसलिए वे बौद्ध-जैन धर्मों की तरफ आकर्षित हुए जिसमें जन्म पर नहीं कर्म, साधना, ध्यान आदि पर जोर दिया गया। व्यक्ति की जाति बहुत मायने नहीं रखती थी।

जीवन-मरण से मुक्ति पाने के लिए भक्ति-भाव से प्रभु की शरण में जाने की बात कही गई। पुराणों में भी आगे चलकर यह जिक्र मिलता है कि भक्त किसी भी जाति का हो, वह सच्ची भक्ति से ईश्वर की कृपा प्राप्त कर सकता है।

दो अलग किस्म के विचार निकल के आए। कुछ लोग ऐसे थे जिन्होंने धार्मिक रीती-रिवाजों से अलग होने के लिए धर्म को ही ठुकरा दिया। वे लोग बस किसी एक ईश्वर के प्रेम में सीमित थे और भक्ति की भावना से ही उनको याद करते थे। वहीं दूसरी ओर कुछ ऐसे लोग भी थे जिन्होंने अपने ही धर्म में होने वाले भेदभाव और अत्याचार के खिलाफ बात की और धर्म और ईश्वर को सब तक समानता से पहुँचाने की कोशिश की।

शब्द भण्डार :

असमानता	:	गैरबराबरी
साधना	:	ध्यान विधि, ज्ञान खोज विधि
पंचशील	:	पाँच नियम

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : अनेक लोग किन विचारों पर प्रश्न उठा रहे थे?

उत्तर 1 : ______________________________

____

____

____

प्रश्न 2 : क्या यह विचार सही है कि सभी लोग जन्म के समय भी एक बराबर नहीं होते हैं ? अपने उत्तर के लिए कोई दो कारण लिखिए।

उत्तर 2 : ______________________________

____

____

भाग-2

देश के अलग-अलग हिस्सों में धार्मिक आंदोलन

फोकस प्रश्न

सातवीं से तेरवीं शताब्दी के बीच हुए कुछ नए धार्मिक आंदोलन किन मायनों में अलग थे? इन्होंने किन आदर्शों को भक्ति के मूल्यों में शामिल किया?

शब्द भण्डार :

दर्शनशास्त्र : जगत, आत्मा, प्रकृति, समाज और व्यक्ति से संबंधित गूढ़ प्रश्नों का विवेचन करनेवाला शास्त्र

दार्शनिक : जो दर्शनशास्त्र में सोच विचार करते हैं

अस्पृश्य : अछूत

ढोंग : नाटक करना, बनावटी पन

तर्क : जानने-समझाने के लिए किया जानेवाला प्रयास

आडंबर : दिखावा

भक्ति परंपरा और उस काल के दार्शनिकों ने जोर दिया कि ईश्वर किसी विशिष्ट जाति के लिए नहीं, सबके लिए है। बहुत से भक्ति संत स्वयं नीची या अस्पृश्य जाति से थे। जैसे कि नयनार, महाराष्ट्र के महार जाति के संत, आदि। भक्ति संतों ने सभी तरह के कर्मकांडों, पवित्रता के ढोंगों और जन्म पर आधारित सामाजिक अंतरों का विरोध किया। यहाँ तक कि किसी-किसी ने सन्यास के विचार को भी ठुकरा दिया और किसी भी आम आदमी की तरह रोजी-रोटी कमाते हुए परिवार के साथ रहने और जरूरतमंद लोगों की सेवा करते हुए जीवन बिताना ज्यादा पसंद किया।इन्होंने मानवता पर जोर दिया और कहा कि असली भक्ति दूसरों के दुखों को बाँटने में है। कर्नाटक के वीरशैव आंदोलन में सभी लोगों की समानता के पक्ष में और जाति तथा नारी के प्रति ब्राह्मणवादी विचारधारा के विरुद्ध तर्क दिया।

इस्लाम के तहत सूफी आंदोलन ने भी धर्म के बाहरी आडंबरों को अस्वीकार करते हुए ईश्वर के प्रति प्रेम और भक्ति और सभी लोगों के प्रति सद्भावना रखने पर बल दिया। एक ईश्वर यानि अल्लाह के प्रति समपर्ण और सामूहिक प्रार्थना यानि नमाज़ जैसी सरल उपासना पर जोर दिया। इन्होंने मूर्ति पूजा को अस्वीकार कर दिया। सूफी और भक्ति आंदोलनों ने एक दूसरे को प्रभावित किया।

प्रमुख भक्ति संत और उनके विचार

भक्ति/सूफी संत	स्थान और समय	विचार
नयनार और अलवार (शैव संत) → 63 (वैष्णव संत) → 12	दक्षिण भारत- 7वीं 9वीं शताब्दी	घुमक्कड़ संत वे जगह-जगह घूम कर वहाँ के देवी-देवताओं की प्रशंसा में सुंदर कविताऐं लिखा करते थे जो स्थानीय भाषा में थीं। ये सभी जातियों से थे जिनमें से कुछ अस्पृश्य समझी जाती थीं।

शंकराचार्य	केरल '8वीं शताब्दी'	मोक्ष के लिए ज्ञान मार्ग अपनाने की बात कही।
सूफी संत	उत्तर भारत '10 वीं शताब्दी'	जटिल इस्लामिक कानून के विरोध में एक नया रास्ता दिखाया। वे ईश्वर के साथ ठीक उसी तरह जुड़े रहना चाहते थे, जिस प्रकार एक प्रेमी दुनिया की परवाह किए बिना अपनी प्रियतमा के साथ जुड़े रहना चाहता है। वे मानते हैं कि सब का ईश्वर के साथ गहरा रिश्ता होता है और उन्हें इमामों की रजामंदी और सख्त रीती रिवाजों की जरुरत नहीं है। सूफी संतों के मजारों पर हर साल सभी धर्म के लोग हजारों की तादाद में अपनी तकलीफों से छुटकारा पाने या उनका सामना करने की शक्ति पाने की उम्मीद में आते हैं।
रामानुज	उत्तरी भारत '11 वीं शताब्दी'	विष्णु के प्रति अनन्य भक्ति से मोक्ष की प्राप्ति
नाथपंथी, सिद्ध और योगी	उत्तर भारत '12 वीं शताब्दी'	निराकार ईश्वर का चिंतन-मनन, उस तक पहुँचने के लिए योगासन व प्राणायाम का प्रयोग।
वीरशैव संत- बसावन, अक्कामहादेवी	कर्नाटक '12 वीं शताब्दी'	सभी कर्मकांडों और मूर्ति पूजा के विरोधी, सभी की समानता के पक्ष में और जाति तथा नारी के प्रति ब्राह्मणवादी विचारधारा का विरोध किया।
महाराष्ट्र के भक्ति संत एकनाथ, तुकाराम, रामदास, नामदेव, सखुबाई।	पंढरपुर '12-17 वीं शताब्दी'	स्थानीय भाषा में गीत लिखे। ◆ विष्णु की भक्ति किया करते थे। ◆ सभी कर्मकांडों, पवित्रता के ढोंगों, और जन्म पर आधारित भेद-भाव का विरोध किया। ◆ सन्यास को ठुकरा कर आम इन्सान की तरह रोजी रोटी कमाने और जरूरतमंदों की मदद करने की बात कही।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : आपने कक्षा 6 में पढ़ा कि बौद्ध और जैन धर्मों में ज्ञान की खोज में घर छोड़ने की बात की। शंकराचार्य ने भी ज्ञान की खोज के लिए घर त्यागने को कहा। जबकि पंढरपुर में कवि संतों ने घर में ही रहने और रोजी रोटी कमाते हुए जरूरतमंदों की सेवा करने की बात कही। आपको इनमें से किसकी बात अधिक सही लगी और क्यों?

उत्तर 1 : ____________________

प्रश्न 2 : घुमक्कड़ संत सभी जातियों से थे और स्थानीय भाषाओं में अपनी कविताएँ लिखते थे। इन संतों ने कविताएँ लिखने के लिए स्थानीय भाषाओं का ही चुनाव क्यों किया होगा?

उत्तर 2 : ____________________

भाग-3

सामाजिक भेद-भाव को हटाने की कोशिश

फोकस प्रश्न

भक्ति और सूफी संतों की विचारधारा का विस्तार कैसे हुआ और किसने किया?

शब्द भण्डार :

उपासना	:	ध्यान लगाना
निर्वाह	:	जीना/निभाना
अनुयायी	:	कोई विचार या व्यक्ति से सहमती रखने वाले
सांझी	:	साथ

तेरहवीं सदी के बाद भक्ति आंदोलन की लहर ने इस्लाम, हिंदू धर्म, सूफीमत, भक्ति आदि अलग-अलग धाराओं को प्रभावित किया। उनके अनुसार जाति, धर्म या लिंग मुक्ति प्राप्त करने के लिए कोई मायने नहीं रखते है। लगभग सभी ने उचित उपासना, उचित जीवन निर्वाह और संसाधनों को मिल-बाँटकर प्रयोग करने पर जोर दिया।

भक्ति संत	मुख्य विचार
मीराबाई (16 वीं शताब्दी)	एक राजपूत राजकुमारी जिन्होंने भगवान कृष्ण के लिए अपने गहरे प्रेम और भक्ति भाव को कई भजनों में गाया। वे रविदास जो अस्पृश्य जाति के थे, उनकी अनुयायी बन गईं।उनके गीतों ने उच्च जाति के रीतियों, नियमों को खुलकर चुनौती दी, जो राजस्थान और गुजरात में बहुत लोकप्रिय हुए।
कबीर (15-16 वीं शताब्दी)	◆ कबीर का पालन पोषण बनारस में एक मुसलमान परिवार में हुआ। ◆ उनके भजनों, शायरी और दोहो तथा पदों का विशाल संग्रह है जिससे उनके विचारों की जानकारी मिलती है। उनके कुछ भजन गुरु ग्रंथ साहिब, पंचवाणी और बीजक में मिलते हैं। ◆ उन्होंने धार्मिक आडंबरों और पूजा की आलोचना की क्योंकि वह मानते थे कि सब मनुष्य एक हैं, कोई ऊँचा या नीचा नहीं होता। ◆ वह निराकार परमेश्वर में विश्वास करते थे और भक्ति को ही मुक्ति या मोक्ष का मार्ग बताया। हिंदू और मुसलमान दोनों उनके अनुयायी थे।
बाबा गुरु नानक (15-16 वीं शताब्दी) 	◆ तलवंडी में ननकाना साहब (जो अब पाकिस्तान में है) में जन्म लिया और करतारपुर में अपना डेरा या केंद्र स्थापित किया। ◆ उनके अनुयायी अपने धर्म जाति को भूल कर एक सांझी रसोई में इकट्ठे काम करते थे जिसे लंगर कहते हैं। उपासना की जगह को पहले धर्मसाल और बाद में गुरुद्वारा कहा गया। ◆ उनके अनुयायी कई जातियों से थे। यह ज्यादातर व्यापारी, किसान और शिल्पकार थे। नानक ने घर छोड़ने को नहीं कहा बल्कि ये कहा कि उनके अनुयायियों को ग्रहस्थ होना चाहिए, उत्पादक पेशों से जुड़कर कमाना चाहिए और अपनी कमाई से जरूरतमंदों के लिए दान करना चाहिए।

	◆ एक ईश्वर की उपासना पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मुक्ति के लिए जाति, धर्म या लिंग भेद कोई मायने नहीं रखते। उनके अनुसार जो जरूरी था, वह था सही विश्वास और उपासना, नाम, ईमानदारी से संसाधनों को बाँटना और दूसरों का भला करना, दान और आचार विचार की पवित्रता, इस्नान आदि। ◆ नानक की रचनाओं का संकलन गुरु अर्जुन ने किया जिसमें शेख फरीद, संत कबीर, भगत नामदेव जैसे संतों और गुरुओं की वाणी जोड़ी गई। आज यह ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहब के रूप में जाना जाता है। ◆ गुरु गोविंद सिंह ने सिक्खों को एक राजनैतिक संस्था यानी खालसा पंथ से जोड़ा।
तुलसीदास और सूरदास (15 वीं शताब्दी) 	तुलसीदास राम के भक्त थे और सूरदास कृष्ण के भक्त थे। वे यह मानते थे कि जो धार्मिक रीति-रिवाज चल रहे हैं उन्हें वैसे ही छोड़ देना चाहिए पर यह कोशिश करनी चाहिए कि वह सब लोगों तक पहुँचे तुलसीदास की रचना रामचरितमानस और सूरदास की सुरसरावली है।
असम के शंकरदेव (15 वीं शताब्दी)	विष्णु की भक्ति पर जोर दिया और असमिया भाषा में कविताएं और नाटक लिखे। नाम घर यानि 'कविता पाठ और प्रार्थना ग्रह' चलाए।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : संत तुकाराम का एक मराठी भक्ति गीत दिया है।इसे पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर दें :-

जो दीन-दुखियों, पीड़ितों को
अपना समझता है,
वही संत है
क्योंकि ईश्वर उसके साथ है।
वह हर एक परितक्य व्यक्ति को

अपने दिल से लगाए रखता है
वह एक दास के साथ भी
पुत्र जैसा व्यवहार करता है

मैं कहते-कहते
कभी नहीं थकूँगा
ऐसा व्यक्ति स्वयं
ईश्वर हैं।

(i) तुकाराम भारत के कौन से प्रदेश से थे?

(ii) उन्होंने सच्चे संत की कौन सी खूबियाँ बताई हैं?

(iii) ऐसे संत को उन्होंने किसके बराबर माना है और क्यों?

(iv) कैसा व्यक्ति स्वयं ईश्वर हैं?

प्रश्न 2 : चोखामेला के पुत्र ने जो अस्पृश्य समझी जाने वाली मेहर जाति से था एक भक्तिगीत रचा

तुमने हमें नीची जाति का बनाया
    मेरे महाप्रभु तुम स्वयं यह स्थिति
स्वीकार करके तो देखो
    हमें जीवनभर जूठन खानी पड़ती है
इसलिए मेरे प्रभु तुम्हें शर्म आनी चाहिए।

तुम जो हमारे घर में खा चुके हो
    तुम इससे कैसे इंकार कर सकते हो
चोखा का बेटा करमामेला पूछता है,
    तुमने मुझे जिंदगी क्यों दी ?

(i) चोखामेला को अपने प्रभु से क्या शिकायत है?

(ii) वह कहता है ''तुमने हमें नीची जाति का बनाया मेरे प्रभु''। क्या आपको लगता है ईश्वर किसी को ऊंची या नीची जाति का बनाते हैं? अगर नहीं तो आपके विचार में ये असमानताएें कैसे पनपती हैं?

प्रश्न 3 : गुरु नानक के अनुयायी जाति और लिंग भेद को नजरांदाज कर एक सांझी रसोई में खाते-पीते थे। स्कूल में आप सभी एक साथ बैठकर मिड-डे मील खाते हैं। ऐसा करने के क्या फायदे हैं?

मिड डे मील

लंगर खाते हुए लोगों का चित्र

उत्तर 3 : ____________________

____

____

भाग-4

भक्ति और सूफी संतों में समानताएं

शब्द भण्डार :

शायरिया	:	इस्लाम में धार्मिक कानून
सिलसिला	:	सूफी उस्तादों की पीढ़ियां
दरगाह	:	सूफी संतों की मजार
खानकाह	:	सूफी संतों की विशेष बैठक
निंदा	:	आलोचना/बुराई करना

विचारों की तिजोरी :

हर धर्म में एक/कुछ विशिष्ट स्थान होता/होते हैं जहाँ लोग यात्रा पर जाना चाहते हैं। कक्षा में चर्चा करो यह कौन सी जगहे है और लोग हर साल यहाँ क्या करने जाते हैं? जैसे अजमेर में चिश्ती की दरगाह।

फोकस प्रश्न

- भक्ति और सूफी संतों में क्या समानताएं थीं? दोनों ने एक दूसरे को कैसे प्रभावित किया?

इस काल में भारत में अनेक सूफी संत हुए। ये इस्लाम से संबंधित थे। इनमें और भक्ति संतों में बहुत सी समानताएं थी जैसे किः-

1. धर्म के आडंबरों को नकारना और ईश्वर के प्रति भक्ति व मनुष्यों के प्रति दया, प्रेम भाव पर बल।
2. ईश्वर के साथ एक प्रेमी की तरह जुड़े रहना
3. कविताओं के माध्यम से अपनी बात बताना।
4. कई रीतियां जैसे कि **जिक्र** (नाम का जप), **चिंतन, समा** (गाना), **रक्स** (नृत्य), सांस पर नियंत्रण।
5. अपने और ईश्वर के बीच किसी धार्मिक गुरु के होने को ठुकराना।
6. सभी इंसानों के बीच समानता
7. जन्म के आधार पर कोई विशेषाधिकार नहीं

दिए गए चित्र में भाग A, B, C में पूछी गई जानकारी भरो।



हमने सीखा :

- इस काल में ईश्वर के प्रति गहरी भक्ति भावना, प्रेम की भावना का उदय हुआ।
- भक्ति आंदोलन को भक्ति और सूफी संतों के माध्यम से बल मिला।
- इन संतों ने सामाजिक असमानता, कर्मकांडों और जातिवाद की निंदा की और सभी को एक समान माना। लोगों को अच्छे आचरण और दूसरों का दुख बाँटने की सलाह दी।
- इन्होंने लोगों को स्थानीय भाषा में अपने उपदेश दिए और गीत लिखे।
- दक्षिण भारत में अलवार, नयनार, रामानुज, शंकराचार्य आदि प्रसिद्ध हुए तो उत्तर भारत में कबीर, गुरु नानक, रायदास, नामदेव, मीरा आदि भक्ति संत बहुत लोकप्रिय हुए।
- इस्लाम धर्म से संबंधित सूफी सिलसिले भी भारत में लोकप्रिय हुए। भक्ति और सूफी आंदोलन ने एक दूसरे को प्रभावित किया।

अभ्यास

प्रश्न 1 : नीचे दिए गए स्थान किसी न किसी रूप में भक्ति-सूफी आंदोलनों से संबंधित हैं। इनके विषय में लिखिएः-

(i) खानकाह

(ii) दरगाह

(iii) नामघर

(iv) धर्मसाल/गुरुद्वारा

प्रश्न 1 : सही उत्तर पर √ का निशान लगाओः

1. भक्ति सूफी आंदोलन के विषय में इनमें से कौन-सा सच नहीं है?

   (i) ये ईश्वर के प्रति प्रेम और समर्पण पर जोर देते थे।

   (ii) ये कुछ विशेष जाति के लोगों को बढ़ावा देते थे।

   (iii) यह स्थानीय भाषा में उपदेश देते और कविताऐं लिखते थे।

   (vi) इन्होंने आडंबरों और कर्मकांडों से दूर रहने को कहा।

2. इनमें से कौन से भक्ति संत उत्तर भारत से संबंधित थे?

   (i) नयनार (ii) अलवार (iii) शंकराचार्य (iv) मीराबाई

3. घर का त्याग कर के ही ज्ञान को पाना और मुक्ति संभव है, ऐसा इनमें से किसने माना?

   (i) गुरु नानक (ii) बुद्ध (iii) महावीर (iv) कबीर

   a. (i) और (ii) b. (ii) और (iii) c. (iv) और (i)

प्रश्न 3 : भक्ति और सूफी मत किस प्रकार एक दूसरे से प्रेरित व प्रभावित हुए?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : हर साल अलग-अलग धर्मों के लोग सूफी संतों की मजारों पर हजारों की संख्या में क्यों इकट्ठे होते है? क्या ऐसा करने से अलग-अलग धर्म के लोगों के बीच आपसी सम्मान बढ़ता है? कैसे?

उत्तर 4 :

प्रश्न 5 : अशोक ने अपने संदेश लोगों तक पहुँचाने के लिए प्राकृत भाषा का सहारा लिया, जो आम लोगों की भाषा थी। भक्ति संतों ने भी अपने उपदेश और गीत स्थानीय भाषा में लिखे। इन सभी ने ऐसा क्यों किया?

उत्तर 5 :

प्रश्न 6 : आपको यहाँ दो स्थितियाँ दी जा रही हैं। अगर आप वहाँ होते तो उस दृश्य का आँखो देखा हाल कैसे लिखते? दिए गए शब्दों की मदद से आँखो देखा हाल लिखिए।

(i) एक सूफी दरगाह का दृश्य

(ii) गुरु नानक जी धर्मशाला/गुरुद्वारे में उपदेश देते हुए।

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब अपने शिक्षक की मदद से ढूढ़ें।

पाठ 5

अठाहरवीं शताब्दी में नए राजनीतिक गठन

(NCERT पाठ 10)

हम क्या सीखेंगे :

- अठाहरवीं शताब्दी के दौरान मुगल साम्राज्य पर कई कारणों की वजह से संकट की स्थिति आ गई और उसी दौरान नए राज्यों का उदय हुआ।

आपके सवाल :

इस पाठ के शीर्षक/नाम को देखने पर आपके मन में भी कई सवाल उठ रहे होंगे जैसे 'किसी साम्राज्य पर संकट की स्थिति कैसे आती है?' या 'क्या ये नए राज्य भारत में थे या बाहर?' जो भी सवाल उठ रहे हैं, उन्हें नीचे दी गई जगह में लिखें और उनका उत्तर ढूँढने की कोशिश कीजिए, इसमें आप शिक्षक की, अपने साथियों की मदद ले सकते हैं या फिर स्वयं कोशिश कर सकते हैं।

हम जानते हैं :

बाबर
(1526 - 1530)
प्रथम शासक

हुमायूँ
(1530- 1540 और
1555-1556)

अक्बर
(1556-1605)

जहाँगीर
(1605-1627)

शाह जहाँ
(1627-1659)

औरंगज़ेब
(1659-1707)
मुग़ल साम्राज्य के
आखरी बड़े शासक

आओ कदम बढ़ाएँ :

प्रश्न 1 : भारत की स्वतंत्रता से पहले यहाँ किस का शासन था ?

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : क्या आपको लगता है कि भारत में अंग्रेजों से पहले भी किसी का शासन था ? नीचे लिखें।

उत्तर 2 :

क्रियाकलाप :

एक मुलाकात इतिहासकार से

- इस क्रिया कलाप में शिक्षक एक इतिहासकार के रूप में होंगे जो ये जानने कि कोशिश करेंगे कि औरंगजेब के बाद मुगल साम्राज्य पर क्या संकट आए और वो क्यों टूटा।
- शिक्षक सभी छात्रों को आवश्यक्तानुसार समूहरें में बाटें।
- पाठ में आए शासक/वंशो के आधार पर प्रत्येक समूह का नाम रखें जैसे –

  समूह 1 – मुगल वंश

  समूह 2 – राजपुत वंश

  समूह 3 – हैदराबाद के शासक

  समूह 4 – अवध के शासक

  समूह 5 – बंगाल के नवाब

  समूह 6 – मराठा शासक

  समूह 7 – सिक्ख समूह

  समूह 8 – जाट शासक
- प्रत्येक समूह को पाठ में से अपने-अपने भाग का टॉपिक पढ़ने और समझने को कहें।
- हर समूह को ये निर्देश दिया जाए कि उनको कक्षा में की कहानी का प्रस्तुतीकरण करना है। वह ये प्रस्तुतीकरण पोस्टर से, रोल-प्ले से या कहानी के वर्णन से कर सकते हैं। अन्य समूहों को प्रस्तुतीकरण ध्यान से सुनने और प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित करें।
- शिक्षक इतिहासकार के रूप में हर समूह की कहानी को एक कड़ी में जोड़े। ताकि छात्र तब की राजनीतिक स्थिति को समझ पायें।

भाग-1

मुगल साम्राज्य पर संकट तथा उनका पुराने मुगल प्रांतों से संबंध

फोकस प्रश्न

मुगलों पर अंत में संकट कैसे आए और इनके अपने प्रांतों की इसमें क्या भूमिका रही?

शब्द भण्डार :

स्वतन्त्रता	:	खुद फैसला लेने की क्षमता
मनसबदार	:	मुगलों के समय एक प्रशासनिक पद
अभिजातवर्ग	:	मुगलों के समय उंचे पद वाले लोग
आक्रमण	:	दूसरे के द्वारा हमला करना
उदय	:	जन्म

औरंगजेब की मृत्यु के बाद मुगल शासकों की शक्ति काफी हद तक समाप्त होती चली गई। मनसबदारों ने राज्यों पर अपना हक जमाना शुरू कर दिया था। ये लोग किसानों से कर लेकर भी शाही खजाने में जमा नही करते थे। फसल खूब होती थी, फिर भी सम्राट का खजाना खाली रह जाता था तथा आमदनी वहां पहुँचने के बजाय दूसरे अफसरों के पास पहुँच जाती थी। जिससे किसानों और जमीदारों की हालत और खराब होती चली गयी।

ऐसे हालातों में यहां ईरान के नादिर शाह और अहमदशाह अब्दाली के आक्रमण भी हुए जिन्होंने मुगल खजानों को खूब लूटा। जिसमें सोने के सिक्के, सोने के बर्तन, गहने-तख्ते ताउस 'मयूर सिंहासन' भी अपने साथ ले गए।

अभिजातवर्ग की आपसी होड़ ने मुगल बादशाह की हालत और खराब कर दी। यहाँ तक की फर्रूखसियर और आलमगीर-II, औरंगजेब के बाद के मुगल राजाओं की हत्या कर दी गई तथा अहमदशाह और शाह आलम-II को अँधा कर दिया गया!

नए राज्यों का उदय :

एक तरफ मुगल साम्राज्य आपसी फूट का शिकार हो रहा था, वहीं दूसरी ओर मुगलों के विरोधी पक्ष अधिक शक्तिशाली हो रहे थे, मुगल साम्राज्य का अंत समझने के लिए हमें तीन प्रकार के राजनीतिक गठन को देखना होगाः

1. मुगल साम्राज्य के राज्य - हैदराबाद, अवध और बंगाल आदि राज्य।
2. मुगल साम्राज्य को मान के भी कुछ हद तक स्वतंत्र राज्य- राजपूत राज्य।
3. राज्य जिन्होंने मुगलों के खिलाफ युद्ध करके स्वतंत्रता प्राप्त की - मराठा, जाट और सिक्ख राज्य।

इस भाग में हम मुगल साम्राज्य के राज्य – हैदराबाद, अवध और बंगाल के बारे में पढ़ेंगे।

शब्द भण्डार :

युद्ध	:	लड़ाई
कुशल सैनिक	:	ट्रेंड (प्रशिक्षत) किए सैनिक
उपजाऊ जमीन	:	जहाँ खेती आसानी से हो सकें
राजस्व	:	राज्य को दिया जाने वाला कर
जागीर	:	ऐसे स्थान जहाँ से राजस्व/कर इकट्ठा किया जाता था
साहूकार	:	कर/ब्याज सम्बंधित कार्य करने वाले लोग
निर्धारण	:	निश्चित ,तय करना

हैदराबाद :-

हैदराबाद की स्थापना निजाम उल-मुल्क आसफ शाह ने की थी। शुरू में इन्हें अवध की सुबेदारी दी गई और बाद में दक्कन का कार्य सौंपा गया। मुगलों की आपसी फूट का फायदा उठाकर ये सत्ता पर राज करता रहा तथा मुगल सेवक भी बना रहा। निजाम के पास 400 हाथियों की सवारी, कई हजार घुड़सवार आदि सैनिक शक्ति शामिल थी।

आसफ शाह अपने लिए कुशल सैनिक और प्रशासकों को उत्तरी भारत से लेकर आये, और वे दक्षिण में नए अवसर पाकर प्रसन्न थे। उसने मनसबदार नियुक्त किए और इन्हें जागीरें प्रदान की। हालांकि वह अभी भी मुगल सम्राट का सेवक था, फिर भी वह काफी आजादी से शासन चलाता था।

मुख्य समझ : हैदराबाद के शासकों ने जागीरें बांटकर और कुशल सेना स्थापित कर अपने इलाके का स्वतंत्र रूप से संचालन करते रहे।

अवध :-

बुरहान उल-मुल्क को अवध का सुबेदार बनाया गया। इसने कर इकट्ठा करने की जिम्मेदारी अपने हाथों में ली तथा मुगलों द्वारा नियुक्त अधिकारियों की संख्या कम कर अपने वफादार सेठ, साहूकारों को इस काम में लगा दिया। धोखा- धड़ी को रोकने के लिए जागीर अधिकारियों के खातें व लेखों की जाँच करवाई,तथा सभी जिलों के राजस्व का फिर से निर्धारण करवाया। उसने अनेक राजपूत जमींदारों और रूहेलखंड के अफगानों की उपजाऊ कृषि भूमियों को अपने राज्य में मिला लिया।

कर प्राप्त करने के लिए राज्य को स्थानीय, सेठ, साहूकारों और महाजनों पर निर्भर होना पड़ता था। राज्य में राजस्व इकट्ठा करने का ठेका सबसे ऊंची बोली

लगाने वाले व्यक्तियों को दिया जाता था। इन परिवर्तनों के फलस्वरूप साहूकारों और महाजनों जैसे कई नए सामाजिक समूह राज्य की राजस्व प्रणाली के प्रबंध को प्रभावित करने लगे। जो पहले कभी नही हुआ था।

बंगाल :-

मुर्शिद कुली खान बंगाल का नवाब था। उन्होंने धीरे-धीरे बंगाल को मुगलों के नियंत्रण से अलग कर लिया और बहुत जल्दी मुगलों से सत्ता अपने हाथ में ले ली। हैदराबाद और अवध के शासकों की तरह उसने भी राज्य के राजस्व का बड़े पैमाने पर इकट्ठा करने का आदेश दिया। उसमे सभी जमींदारों से बड़ी कठोरता से राजस्व वसूल किया जाता था। परिणामस्वरूप, बहुत से जमादारों को महाजनों तथा साहूकारों से उधार लेने पड़ता था। जो लोग राजस्व नही दे पाते थे उन्हें मजबूर होकर अपनी जमीन बेचनी पड़ती थी।

मुख्य समझ : कर की वसूली एक प्रमुख जरिया था अपना स्वामित्व स्थापित करने का। अवध ने कर इकठ्ठा करने का काम अपने वफादार सेठ, साहूकारों को देकर अपना कब्जा जमाया।

सेठ, साहूकार, महाजन, एक शक्तिशाली समूह बनते गए।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : सही या गलत का निशान लगाए :

(i) नादिर शाह ने मुगलों के समय भारत पर आक्रमण किया। [ ]

(ii) औरगजेब मुगल वंश का अंतिम शासक था। [ ]

(iii) हैदराबाद, अवध, बंगाल मुग़लों के पुराने प्रान्त थे। [ ]

(vi) मुगल राज्य के दौरान ऊँचे पद वाले लोग अभिजात वर्ग कहलाते थे। [ ]

(v) मुगल वंश में फसल बहुत होती थी और खजाना बहुत बढ़ जाता था। [ ]

(vi) सम्राट जब कमजोर होने लगता है तो साम्राज्य के हिस्से खुद को स्वतंत्र राज्य बनाने लगते थे। [ ]

(vii) कर की वसूली एक महत्वपूर्ण तरीका था अपना अधिकार स्थापित करने का। [ ]

भाग-2

मुगलों के दौरान स्वतन्त्र राज्य और स्वतंत्रता छीनने वाले राज्य

फोकस प्रश्न

मुगलों से स्वतन्त्र रहने और स्वतंत्रता छीनने के लिए राज्यों ने क्या क्या प्रयास किये ?

राजपूत राज्य :-

बहुत से राजपूत घराने मुगलों की ताकत को स्वीकार करते थे, उसके बदले में इनको अपने क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से राज करने की आज्ञा मिलती थी। इनमे मुख्य रूप से अम्बर और जोधपुर के राजघराने थे। अपने प्रभाव को बढ़ाने के लिए इन राजाओं ने आस-पास के क्षेत्रों पर कब्जा करना शुरू कर दिया जिसके परिणाम स्वरूप जोधपुर के राजा अजीत सिंह को गुजरात और अम्बर के राजा जयसिंह को मालवा की सूबेदारी मिल गई। इसी प्रकार सवाई राजा जय सिंह ने जयपुर को अपनी राजधानी बनाया। 1740 के दशक से मराठों के इन अभियानों से रजवाड़ों पर भारी दबाव पड़ा जिससे इनका विस्तार रुक गया।

मुख्य समझ : राजपूतों ने अपना स्वामित्व स्थापित करने के लिए आस पास के इलाकों को पराजित कर अपने क्षेत्र में मिला लिया और उन पर अपना अधिकार बना लिया।

सिक्ख राज्य -

अठाहरवीं शताब्दी के समय सिक्खों ने अपना एक संगठन बना लिया था। गुरु गोविन्द जी ने 1699 में खालसा पंथ की स्थापना के पूर्व और पश्चात राजपूत और मुगल शासकों के खिलाफ कई लड़ाइयाँ लड़ी। 1708 में गुरु गोविन्द सिंह की मृत्यु के बाद बंदा बहादुर के नेतृत्व में मुगलों के खिलाफ विद्रोह हुए। उन्होंने बाबा गुरु नानक

और गुरु गोविन्द सिंह के नाम के सिक्के बनाकर अपने शासन को और मजबूत बनाने का प्रयास किया।

सिक्खों ने पहले अपने आप को 'जत्थों' तथा बाद में 'मिस्लों' में संगठित किया। जत्थों और मिस्लों की संयुक्त सेनाएं 'दल खालसा' कहलाती थी। अपने सुनियोजित संगठन के कारण खालसा पहले मुगल सूबेदारों के खिलाफ और फिर अहमदशाह अब्दाली के खिलाफ सफल विरोध प्रकट कर सके। ये शासक कई इलाकों में बटे हुए थे, इनमे से एक शासक महाराजा रणजीत सिंह ने सभी को संगठित कर 1799 में लाहौर को अपनी राजधानी बनाया।

मुख्य समझ : कुछ समूहों ने अपने सशक्त और सुनियोजित संगठन या दल द्वारा, जैसे सिखों ने, अपना शासन अपने हाथ में ले लिया। जैसे सिख।

मराठा राज्य :-

मराठा एक अन्य ताकतवर राज्य था जो मुगलों का लगातार विरोध करते रहे। 1720 से 1761 तक मराठा राज्य का काफी विस्तार हुआ। इनकी सफलता का राज था कि वे मुगलों के किलाबन्द इलाकों से सीधे टक्कर न लेकर, उनके पास से चुप-चाप निकलकर शहरों-कस्बों पर हमला बोलते थे और मुगल सेना से ऐसे मैदानी इलाकों में लड़ाईयां करते थे, जहाँ से मुगलों को मदद पहुँचने के रास्ते आसानी से रोके जा सकते थे। मराठाओं ने मुगलों को काफी नुक्सान पहुंचाया और उनसे मालवा, गुजरात छीन लिए। इनकी सीमाएं राजस्थान, पंजाब, उड़ीसा, कर्नाटक, तमिल नाडू तक फैल गई।

उन्होंने कर के रूप में ''चौथ'' और ''सरदेशमुखी'' वसूल किया। मराठों ने अपनी राजधानी पुणे को बनाया। इन्होने अपने कब्जे वाले क्षेत्रों के विकास के लिए भी कार्य किए, व्यापार को बढ़ावा दिया जिनमें उज्जैन, सिंधिया, इंदौर आदि प्रमुख है। कई युद्धों में इन्हें जीत मिलने के बाद भी बहुत सारा नुकसान उठाना पड़ता था। यहाँ तक कि कभी-कभी इन्हें अपने आस पास के राज्यों से भी कोई सहायता नहीं मिल पाती थी।

मुख्य समझ : मराठों ने अपनी सेना और कर वसूली के द्वारा अपने राज्य का विस्तार किया और इन क्षेत्रों पर कब्जा करने के साथ साथ विकास कार्य भी करते रहे।

जाट राज्य :-

जाट राजाओं का 18वी शताब्दी में अस्तित्व काफी ऊँचा हो गया था। जाटों ने अपने नेता चुडामन के नेतृत्व में दिल्ली के पश्चिमी क्षेत्रों आधिपत्य जमा लिया था। धीरे-धीरे वे आगरा के भी अभिरक्षक बन गए। जाट कृषक थे। पानीपत तथा बल्लभगढ़ उनके समय के बड़े व्यापारिक केंद्र थे।

सूरजमल के राज में भरतपुर एक शक्तिशाली राज्य के रूप में उभरा। नादिर शाह के आक्रमण के समय दिल्ली के जाने माने व्यक्तियों ने भरतपुर में जाकर शरण ली थी। नादिर शाह के बेटे, ज्वाहिशाह ने मराठाओं, सिक्खों से सेना का साथ लेकर मुगलों से युद्ध किया।

सुझाव के तौर पर क्रियाकलाप जो की पाठ के शुरुआत में हुई क्रियाकलाप का दूसरा भाग हैः

- शिक्षक आवश्यकता अनुसार छात्रों को समूह में बाटें।
- प्रत्येक समूह को खाली मानचित्र दे दें।
- प्रत्येक समूह को बताएं कि वे इस पाठ में दिए गए अलग-अलग राज्यों की सीमाएं, उनका क्षेत्र, उनके स्थान आदि मुख्य सूचनाएं दर्शाएँ जैसे - राजपूत राज्य, सिक्ख राज्य आदि।
- प्रत्येक समूह का कार्य पूरा होने के बाद प्रस्तुतिकरण करवाएं।
- छात्रों को समझ के लिए प्रश्न पूछने का मौका दें। इतिहासकार होने के नाते, हर प्रस्तुतीकरण से जानकारी लेकर अठाहरवी शताब्दी में मुगलों पर आये संकट की स्थिति को स्पष्ट करें।

हमने सीखा :

- औरंगजेब के बाद आने वाले मुगल सम्राट इस साम्राज्य को नहीं संभाल पाए, बंगाल, अवध और हैदराबाद जैसे बड़े मुगल प्रांत मुगल शासन से अलग और खुद का शासन चलाने लगे।
- अन्य राज्य जैसे राजपूत, मराठा, और जाट भी अपनी शक्ति बढ़ाने लगे और मुगलों का विरोध करने लगे।
- अपनी स्वतंत्रता स्थापित करने के मुख्य जरिया कर की वसूली को अपने हाथ में लेना और आस पास के क्षेत्रों पर सैनिक आक्रमण द्वारा कब्जा करना।
- अलग हुए राज्यों ने अपने वफादार लोगों को जागीदार और जमींदार बनाया।
- इस समय महाजन, सेठ और साहूकार एक शक्तिशाली समूह बनते गए।

अभ्यास

प्रश्न 1 : मुगल साम्राज्य, औरंगजेब की मृत्यु के बाद कैसे कमज़ोर होता चला गया ?

उत्तर 1 : ____________________

____

____

____

प्रश्न 2 : अगर आप किसी राज्य के शासक राजा रानी बनोगे तो अपने राज्य को ताकतवर बनाने के लिए क्या – क्या उपाय करोगें ?

उत्तर 2 : ____________________

____

____

____

प्रश्न 3 : आप जानते हैं हर देश और उसके राज्य की राजधानी होती है, क्या आप बता सकते हो किसी भी राज्य की राजधानी क्यों बनाई जाती है ?

उत्तर 3 : ____________________

____

____

____

प्रश्न 4 : हमने देखा कि अठाहरवीं शताब्दी में नादिर शाह ने मुगल साम्राज्य पर आक्रमण किया, ऐसा उसने क्यों किया ? और आज के समय में कोई देश भी किसी दूसरे देश पर क्यों आक्रमण करता है ?

उत्तर 4 : ____________________

____

____

____

प्रश्न 5 : नीचे दिए गए खाली स्थानों को भरिए:

1. खालसा पंथ की स्थापना ____________________ ने की थी।
2. मराठों की राजधानी ____________________ थी।
3. मुगल साम्राज्य से अलग होने वाले तीन राज्य __________, __________, __________ थे।

प्रश्न 6 : इनमें से किसका सम्बन्ध राजपूत राज्य से नहीं था ?

a. जोधपुर ☐

b. जयपुर ☐

c. अजीत सिंह ☐

d. चुड़ामन ☐

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

भूगोल

पाठ 1
सौरमण्डल में पृथ्वी
(NCERT पाठ 1)

हम क्या सीखेंगे :

सौरमण्डल को समझेंगे तथा तारों, ग्रहों और उपग्रहों के बीच अंतर समझ सकेंगे।

पृथ्वी का सूर्य और चंद्रमा से क्या संबंध है ?

पृथ्वी किस प्रकार एक अनोखा ग्रह है ?

आपके सवाल :

पाठ के शीर्षक को ध्यान से पढ़िए। इसे पढने पर आप के मन में कौन - कौन से सवाल उठते हैं ? उन्हें नीचे दी गई जगह में लिखिए और इन सवालों के जवाब पाठ में ढूंढ़ने की कोशिश करें।

हम जानते हैं :

रात में आकाश में चंद्रमा और तारे दिखाई देते हैं और दिन में सूर्य, जो हमें प्रकाश और उष्मा देता है।

आओ कदम बढाएँ :

मैं किस प्रकार ब्रह्मांड का एक हिस्सा हूँ ?

1. ये है एक स्कूल जो दिल्ली में हैं। हम भी दिल्ली के एक स्कूल में पढ़ते हैं।	

2. ये है मेरा देश भारत जो कि पृथ्वी पर है। दिल्ली भारत देश में है। भारत विश्व के कई अन्य देशों की तरह पृथ्वी पर है।

3. पृथ्वी जो कि एक ग्रह है सौरमंडल का एक हिस्सा है।

चित्र :-

i. ग्लोब (पृथ्वी का मॉडल)

ii. अंतरिक्ष से लिया गया पृथ्वी का चित्र।

4. सौरमंडल में सूर्य, आठ ग्रह, उपग्रह और अन्य खगोलीय या आकाशीय पिंड होते हैं। इस तरह के अनेकों सौरमंडल आकाशगंगा में हैं।



5. आकाशगंगा में करोड़ों तारे, धूल के बादल व गैसें होती हैं। हमारी आकाशगंगा का नाम 'मिल्की वे' है। ब्रह्मांड में अनेकों आकाशगंगाएं हैं।	
6. ब्रह्मांड बहुत ही विशाल है इसको मापना बहुत ही कठिन है। वैज्ञानिक अभी भी इसके बारे में जानकारी इकट्ठी करने में लगे हुए हैं। हवल टेलिस्कोप ने ब्रह्मांड के एक छोटे से हिस्से में इतनी सारी आकाशगंगाओं की चित्र खींची है।	

भाग-1 : सूर्य : "एक तारा"

फोकस प्रश्न

सूर्य क्या है और वह हमारे जीवन को कैसे संभव बनाता है?

शिक्षक संकेत :
विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चित्रों पर कक्षा में चर्चा करें और उन सभी को ब्लैकबोर्ड पर लिखते जाएं जैसे सूर्य, चाँद, तारे, बादल, चिड़िया आदि।

दिए हुए स्थान में आकाश का चित्र बनाएं:

दिन का आकाश	रात का आकाश

शब्द भंडार :

खगोल	:	आकाश
पिंड	:	गोलाकार आकृति
अध्ययन	:	पढ़ना
नक्षत्रमंडल	:	तारों द्वारा बनाई गई विभिन्न आकृतियाँ

रात के समय आकाश कितना सुंदर दिखाई देता है। छोटे-छोटे लाखों तारे और चंद्रमा आकाश में चमकते दिखाई देते हैं। आकाश में दिखने वाली व चमकने वाली, सभी चीजें खगोलीय पिंड कहलाती है।

मनुष्य हमेशा से ही आकाश के बारे में जानने के लिए उत्सुक रहता है। आकाश और खगोलीय पिंडो (सूर्य, चन्द्रमा, तारे, ग्रह, उपग्रह) के बारे में अध्ययन करना खगोलशास्त्र कहलाता है तथा जो यह अध्ययन करते हैं, वे खगोलशास्त्री कहलाते हैं। आर्यभट्ट प्राचीन भारत के प्रसिद्ध खगोलशास्त्री थे।

हमारे पूर्वज तारों से बनने वाली आकृतियों का प्रयोग अपने दैनिक जीवन में करते थे। तारों के विभिन्न समूह विभिन्न आकृतियाँ बनाते हैं। इन विभिन्न आकृतियों को नक्षत्रमंडल कहते हैं।

सप्तऋषि सात तारों का समूह है जो आकाश में बहुत आसानी से पहचाना जाता है। सप्तऋषि, एक और नक्षत्रमंडल अर्सा मेजर या बिग बेयर का भाग है। यह ध्रुव तारे की ओर संकेत करता है।

शिक्षक संकेत :

तारों द्वारा बनाई जाने वाली कुछ और आकृतियों को ब्लेकबोर्ड पर बनाए व कक्षा में इसके विषय में बताइए।

ध्रुव तारे से उत्तरी दिशा के बारे में पता चलता है। यह आसमान में हमेशा एक ही स्थान पर दिखाई देता है।

क्या आपने दिन में कोई तारा देखा है?

इस समय जो रोशनी आ रही है वह कहाँ से आ रही है ?

सूर्य भी एक तारा है जिससे हमें प्रकाश व ऊष्मा प्राप्त होते हैं। तारे गैसों से बने होते हैं। इनमें अपना प्रकाश होता है। ये बहुत ही गर्म होते हैं। रात के आकाश में दिखाई देने वाले तारें भी सूर्य के समान ही हैं पर वह हमसे बहुत अधिक दूर होने के कारण बहुत ही छोटे दिखाई देते हैं। ये दिन के आकाश में भी अपने स्थान पर ही होते हैं, पर सूर्य के तेज प्रकाश के कारण हमें दिखाई नही देते।

शब्द भंडार :

प्रकाश	:	रोशनी
उष्मा	:	ताप, गर्मी

सुबह व शाम के समय जब सूर्य का प्रकाश कम होता है तब हम चंद्रमा व तारों को आकाश में देख सकते हैं।

प्रश्न 1 : अपने साथी के साथ मिलकर सोचें और लिखेंः यदि सूर्य न हो तो, क्या होगा ?

उत्तर 1 :

सूर्य का प्रकाश और ताप जीवन को संभव बनाने में सहायक है। सूर्य के प्रकाश के बिना चारों ओर अंधेरा छा जाएगा और कभी दिन भी नहीं होगा। मानव सहित सभी जीव-जंतु और पेड़-पौधे अपना भोजन सूर्य की सहायता से प्राप्त करते हैं। सूर्य के ताप के बिना यहाँ बहुत ठंड हो जाएगी और पौधे अपना भोजन नहीं बना सकेंगे।

शिक्षक संकेत :

प्रकाश संश्लेषण के विषय में बताए और साथ ही जीव-जगत की पौधों पर निर्भरता को स्पष्ट करें।

मुख्य तत्व :

वे सभी खगोलीय पिंड जिनमें अपनी उष्मा व प्रकाश होता है तारे कहलाते हैं।

विचारों की तिजोरी :

प्रकाश की गति लगभग 3,00,000 किमी./प्रति सेकेण्ड है। इस तेज गति के बावजूद सूर्य के प्रकाश को पृथ्वी तक पहुँचने में लगभग 8 मिनट का समय लगता है।

जरा सोचो, जून माह में कितनी गर्मी होती है। हम दोपहर में घर से बाहर भी नहीं निकल पाते। तब हमारे आस-पास का तापमान अधिक से अधिक 48°C होता है। सूरज के घरातल का तापमान 6000°C होता है।

हमे कभी सूर्य की तरफ नहीं देखना चाहिए। यह हमारी आँखों को नुकसान पहुँचा सकता है।



प्रश्न 1 : क्या सूर्य एक आग का गोला है?

उत्तर 1 :

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : आकाश में क्या-क्या दिखाई देता है, लिखिएः

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : तारे क्या हैं?

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : उत्तरी दिशा के बारे में किस तारे से पता चलता है?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : तारों द्वारा बनाई किसी एक आकृति का नाम लिखिए।

उत्तर 4 :

प्रश्न 5 : तारे छोटे क्यों दिखाई देते हैं?

उत्तर 5 :

प्रश्न 6 : सूर्य से हमें क्या प्राप्त होता है?

a. उष्मा व प्रकाश b. लोहा c. पत्थर

उत्तर 6 :

प्रश्न 7 : सूर्य किस प्रकार हमारे लिए सहायक है?

उत्तर 7 :

भाग-2 : सौरमण्डल में पृथ्वी

फोकस प्रश्न

1. जिस पृथ्वी पर हम रहते है वह कहाँ है ?
2. क्या पृथ्वी के अलावा ऐसी कोई और जगह है जहाँ हम रह सकते हैं ?

शब्द भंडार :

केन्द्र	:	मध्य
कक्षा	:	ग्रहपथ

सूर्य, ग्रह, उपग्रह आदि मिलकर सौरमंडल का निर्माण करते हैं। इसे सौरपरिवार कहा जाता है। बहुत से ऐसे खगोलीय पिंड है, जिनमे अपना प्रकाश नहीं होता। वह सूर्य के प्रकाश के कारण चमकते हैं। हमारी पृथ्वी, जिस पर हम रहते हैं, उनमें से एक है। पृथ्वी एक ग्रह है और इसके समान सात अन्य ग्रह और हैं। ये आठ ग्रह सूर्य के खिंचाव बल के कारण सूर्य के चारों ओर अपनी अपनी कक्षा में चक्कर लगाते हैं और सूर्य से ऊष्मा और प्रकाश लेते हैं। सूर्य सौरमंडल का केंद्र होता है और इसका खिंचाव बल सौरमंडल को बाँधे रखता है ।

अगर सूर्य का खिंचाव बल न हो तो सभी ग्रह जो सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाते हैं कहीं दूर ब्रह्मांड में उड़ जाएंगे जैसे- एक गेंद को रस्सी से बाँधकर अपने ऊपर चारों और घुमाते हुए छोड़ दें।

मुख्य तत्व :

ग्रह : वे खगोलीय पिंड जिनमें अपनी उष्मा व प्रकाश नहीं होता और जो सूर्य के चारों ओर अपनी-अपनी कक्षा में चक्कर लगाते हैं।



ये सभी ग्रह सूर्य से अलग-अलग दूरी पर है। जो ग्रह सूर्य के करीब है वहाँ सूर्य का प्रकाश और ताप बहुत अधिक होगा और जो ग्रह सूर्य से दूर है वहां उतना ही अंधेरा और ठंड होगी। इसी प्रकार जो ग्रह जितना पास है, उसे सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाने में कम समय लगेगा तथा दूर वाले को अधिक समय लगेगा। हमारी पृथ्वी अपना चक्कर 365 दिन 6 घंटे में पूरा करती है, यानी एक वर्ष।

पृथ्वी सूर्य का एक चक्कर 365 दिन में काटती है।



नीचे दी हुई तालिका 1 में देखो और बताओ :

मंगल ग्रह कितने समय में सूर्य के चारों और अपना एक चक्कर पूरा करता है:

तालिका : 1

सौरमण्डल के ग्रह

ग्रह का नाम		सूर्य से दूरी के अनुसार क्रम	सूर्य के चारों और चक्कर में लगने वाला समय	प्राकृतिक उपग्रह	कुछ रोचक जानकारी
	बुध	पहला	88 दिन	0	सूर्य के सबसे समीप, व सबसे छोटा
	शुक्र	दूसरा	255 दिन	0	सबसे चमकीला पृथ्वी का जुड़वाँ ग्रह
	पृथ्वी	तीसरा	365 दिन	1	अनोखा ग्रह, नीला ग्रह
	मंगल	चौथा	687 दिन	2	लाल ग्रह
	बृहस्पति	पाँचवा	लगभग 12 वर्ष	16	सबसे बड़ा ग्रह

	शनि	छठा	लगभग 29 वर्ष	30 से अधिक	चारों ओर छल्ले, सबसे हल्का ग्रह
	अरुण	सातवाँ	84 वर्ष	लगभग 17	हरा ग्रह
	वरुण	आठवाँ	164 वर्ष	8	सबसे दूर, सबसे ठंडा

Image Source: Nasa

ग्रहों के चक्कर में लगने वाला समय पृथ्वी के दिन और साल में लगने वाले समय के आधार पर दिखाया गया है।

तालिकाः 1 में दी हुई जानकारी के अनुसार सभी ग्रहों के अलग अलग कार्ड्स बनायें और अपने साथियों के साथ चर्चा करें।

कक्षा में चर्चा :

सर : रवि, सूर्य से दूरी के अनुसार पहले तीन ग्रहों के नाम बताओ।

रवि : बुध, शुक्र ,पृथ्वी

सर : अगले दो ग्रह कौन से हैं, नगमा तुम बताओ।

नगमा : मंगल और बृहस्पति

सर : अंकुर अब बाकी के बचे हुए ग्रह बताओ

अंकुर : शनि, अरुण , वरुण

सर : सभी आठ ग्रहों में से **पृथ्वी एक अनोखा ग्रह है।**

नगमा : अनोखा किसे कहते हैं ?

सर : अनोखा मतलब 'सबसे अलग'। पृथ्वी सबसे अलग है क्योंकि अन्य किसी भी ग्रह पर जीवन संभव नही है।

रवि : इसका मतलब अन्य किसी ग्रह पर न तो जल है और न ही वायु।

सर : हाँ रवि, जल और वायु के अलावा, वहाँ उचित मात्रा में प्रकाश और ऊष्मा भी नहीं है। कहीं बहुत ज्यादा गर्म है तो कहीं बहुत ही ठंडा। इसलिए हमारी पृथ्वी एक अनोखा ग्रह है।

नगमा : अरे वाह! मैं आज अपने घर में सबको बताऊंगी कि मैं एक अनोखे ग्रह पर रहती हूँ।

सर : पृथ्वी पर जल होने के कारण इसे नीला ग्रह भी कहते हैं।

प्रश्न 1 : क्या आपको अन्य ग्रहों के बारे में कुछ रोचक जानकारी है? तालिका 1 में देखिए और लिखिए।

बुध ______________________

मंगल ______________________

बृहस्पति ______________________

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : सही उत्तर पर निशान लगाएं:

(i) सौरमंडल में कुल कितने ग्रह हैं ।

a. 10 ☐ b. 9 ☐

c. 6 ☐ d. 8 ☐

(ii) सूर्य के चारों ओर पृथ्वी कितने दिनों में अपना चक्कर पूरा करती है:

a. 370 ☐ b. 355 ☐

c. 365 ☐ d. 363 ☐

(iii) बताइए किस ग्रह पर सबसे कम तापमान होगा (सौरमंडल का चित्र देखिये):

a. शुक्र ☐ b. मंगल ☐

c. अरुण ☐ d. वरुण ☐

(iv) इनमे से कौन सा ग्रह अपना चक्कर सबसे जल्दी पूरा करेगा (सौरमंडल का चित्र देखिये) :

a. पृथ्वी ☐ b. शुक्र ☐

c. बृहस्पति ☐ d. शनि ☐

(v) पृथ्वी अनोखा ग्रह है क्योंकि यहाँ

a. जीवन है ☐ b. आकाश है ☐

c. पर्वत है ☐ d. जमीन है ☐

(vi) खगोलीय पिंडों पर गोला लगाइए:

हवा तारे पहाड़ जल सूर्य

पेड़ ग्रह नदी चंद्रमा चिड़िया

भाग-3 : चंद्रमा एक उपग्रह

फोकस प्रश्न

पृथ्वी सूर्य का चक्कर लगाती है तो क्या वो चंद्रमा का भी चक्कर लगाती है?

शब्द भण्डार :

प्राकृतिक : प्रकृति द्वारा प्राप्त

अभी हमने पढ़ा कि ग्रह सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाते हैं। ग्रहों के चारों ओर चक्कर लगाने वाले खगोलीय पिंडों को उपग्रह कहा जाता है। चंद्रमा पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह है। पृथ्वी सूर्य का चक्कर लगाती है तथा चंद्रमा पृथ्वी का चक्कर लगाता है। वह अपना चक्कर 27 दिन में पूरा करता है।

मुख्य तत्व :

उपग्रह : ग्रहों के चारों ओर चक्कर लगाने वाले खगोलिय पिंडों को उपग्रह कहा जाता है।

ऊपर दी हुई तालिका-1 देखो, बुध और शुक्र के अलावा सभी ग्रहों के अपने-अपने चंद्रमा यानि प्राकृतिक उपग्रह हैं। बृहस्पति ग्रह के सबसे अधिक उपग्रह है।

आपने चांद को विभिन्न रूपों में देखा होगा, इसका आकार अलग-अलग होता है। जिस दिन आकाश में पूरा चंद्रमा दिखाई देता है उस दिन को पूर्णिमा या पूर्णमासी कहा जाता है। आकाश में जिस रात चंद्रमा दिखाई नहीं देता, उसे अमावस्या कहा जाता है। (मौसम खराब ना होने पर)

चंद्रमा पर न तो जल है और न ही वायु। आपने अक्सर इस पर कुछ छवियाँ देखी होंगी जो इसकी जमीन पर पर्वत, मैदान एवं विशाल गड्ढे हैं। चंद्रमा पर जाने वाले पहले व्यक्ति का नाम नील आर्मस्ट्रांग था।

शब्द भण्डार :

कृत्रिम : मानव द्वारा निर्मित

कुछ उपग्रह मानव द्वारा बनाए जाते हैं। वे कृत्रिम उपग्रह कहलाते हैं। ये वैज्ञानिकों के द्वारा बनाये जाते हैं।इन्हें रॉकेट की सहायता से अंतरिक्ष में भेजा जाता है एवं पृथ्वी की कक्षा में स्थापित कर दिया जाता है। यह पृथ्वी के साथ-साथ इसके चारों ओर एक ही स्थान पर चक्कर लगाते हैं। इनकी सहायता से हमें ब्रह्मांड के बारे में जानकारी मिलती है। इन्हीं की सहायता से हम संचार माध्यमों, जी.पी.एस (GPS) व टेलीविजन का इस्तेमाल कर पाते हैं।

शिक्षक संकेत :

दैनिक जीवन में और कहाँ-कहाँ कृत्रिम उपग्रहों की सहायता ली जाती है, चर्चा करें।



चित्र : मानव-निर्मित उपग्रह

विचारों की तिजोरी :

कुछ भारतीय कृत्रिम उपग्रहः INSAT, IRS, EDUSAT

शिक्षक संकेत :

अध्यापक व्यास की अवधारणा को स्पष्ट करें।

चंद्रमा का आकार सूर्य के आकार की तुलना में बहुत ही छोटा है पर यह पृथ्वी के ज्यादा करीब है इसलिए बड़ा दिखाई देता है।

सूर्य का व्यास पृथ्वी के व्यास से 109 गुना बड़ा है।

पृथ्वी का व्यास चंद्रमा के व्यास से लगभग 4 गुना बड़ा है।



सूरज तो बहुत ही बड़ा है

पृथ्वी और चन्द्रमा

पृथ्वी और चन्द्रमा के आकार को दर्शाता एक काल्पनिक चित्र

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : चंद्रमा कितने दिनों में पृथ्वी का चक्कर पूरा करता है। ______________

प्रश्न 2 : क्या चंद्रमा पर जीवन संभव है। ______________

प्रश्न 3 : किसी एक कृत्रिम उपग्रह का नाम लिखे। ______________

प्रश्न 4 : बताइए कौन किसका चक्कर लगाता है :

पृथ्वी : ______________

चन्द्रमा : ______________

अभ्यास

प्रश्न 1 : मिलान करो –

सौरमंडल का केंद्र	चंद्रमा
पृथ्वी का जुड़वाँ ग्रह	ध्रुव तारा
इस तारे से उत्तर दिशा का पता चलता है	शुक्र ग्रह
पूरे चन्द्रमा दिखाई देने वाली रात	सूर्य
पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह	नक्षत्रमंडल
बिग-बीयर	पूर्णमासी

प्रश्न 2 : खाली स्थान भरिए –

i. ग्रहों के पास अपनी ______________ तथा प्रकाश नहीं होता। (चमक/ऊष्मा)

ii. सूर्य के तेज ______________ के कारण दिन में चंद्रमा तथा तारे नहीं दिखाई देते। (प्रकाश/असर)

iii. सूर्य व उसके चारों ओर चक्कर लगाने वाले आठों ग्रहों के समूह को ______________ कहते हैं। (सौरमंडल/तारामंडल)

iv. ______________ प्राचीन भारत के प्रसिद्ध खगोल शास्त्री थे। (आर्यभट्ट/चरक)

प्रश्न 3 : निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

i. ग्रह और तारे में क्या अंतर है?

ii. मनुष्य पृथ्वी के अलावा अन्य किसी ग्रह पर क्यों नहीं रहता?

iii. अगर सूर्य अपना कार्य करना बंद कर दे तो क्या होगा?

iv. उपग्रह किसे कहते हैं?

v. वरुण ग्रह को सूर्य के चारों ओर अपना चक्कर पूरा करने में सबसे अधिक समय क्यों लगता है?

vi. सूर्य किस बल के कारण सौरमंडल को बाँधे रखता है?

प्रश्न 4 : वाक्यों को सही करके लिखिए–

i. सूर्य एक ग्रह है।

ii. सौरमंडल में सभी ग्रहों पर जीवन संभव है।

iii. पौधे चाँद के प्रकाश में अपना भोजन बनाते हैं।

iv. पृथ्वी चंद्रमा के चारों ओर चक्कर लगाती है।

v. सबसे बड़ा ग्रह शनि है।

प्रश्न 5 : ढूंढो और गोला लगाओ –

i. बाएं से दाएं

a. सबसे दूर व ठंडा ग्रह

b. सूर्य से सबसे नजदीक ग्रह

c. लाल ग्रह

d. सूर्य से दूरी के अनुसार तीसरे नंबर का ग्रह

च	दो	बु	ध	शा	टू	ग
पृ	थ्वी	न	ता	म	का	ख
आ	स	न	व	रू	ण	था
सू	र	ज	र्य	सि	भ	ही
फ	मं	ग	ल	ता	रा	ट
प	य	मो	की	ट	न	धि

ii. ऊपर से नीचे –

a. हरा ग्रह

b. सबसे बड़ा ग्रह

c. पृथ्वी का जुड़वां ग्रह

d. सूर्य से दूरी के अनुसार छठा ग्रह

ब्र	म	ली	हा	हा	ट	बृ
द	क	अ	म	शु	ख	ह
क	म	रु	द	क्र	थी	स्प
च	प	ण	न	धा	चं	ति
श	ण	ई	मं	न	ऊ	दि
नि	ग	ल	ग्र	ह	न	त

प्रश्न 6 : सही उत्तर पर निशान लगाओ और खाली स्थान में लिखो –

i. सूर्य के प्रकाश को पृथ्वी तक पहुँचने में लगभग ____________ का समय लगता है।

a. 10 मिनट ☐ b. 8 मिनट ☐ c. 8 सेकंड ☐

ii. ____________ के सर्वाधिक उपग्रह हैं।

a. बृहस्पति ☐ b. शनि ☐ c. मंगल ☐

iii. चंद्रमा पर जाने वाले पहले व्यक्ति का नाम ____________ था।

a. राकेश मल्होत्रा ☐ b. नील आर्मस्ट्रांग ☐ c. स्टीवन ☐

iv. सभी चीजें जो आसमान में दिखाई देती है ____________ पिंड कहलाती है

a. खगोलीय ☐ b. उष्मीय ☐ c. जलीय ☐

v. तारों के विभिन्न समूहों द्वारा बनाई गई आकृतियों को ____________ कहते हैं ।

a. सौरमंडल ☐ b. नक्षत्रमंडल ☐ c. वायु मंडल ☐

प्रश्न 7 : सभी ग्रहों को सूर्य से दूरी के अनुसार सही क्रम में लगाए (पास से दूर)

शुक्र, बृहस्पति , शनि , वरुण , मंगल , बुध , अरुण , पृथ्वी

____

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

____

____

____

____

____

____

पाठ 2

ग्लोब : अक्षांश एवं देशांतर

(NCERT पाठ 2)

हम क्या सीखेंगे :

- ग्लोब पृथ्वी का एक प्रतिरूप है जिसके द्वारा हम पृथ्वी पर स्थित महासागरों, महाद्वीपों व विभिन्न देशों की स्थिति के बारें में समझ पाएंगे।
- पृथ्वी पर किसी भी स्थान की सटीक स्थिति बताने के लिए अक्षांश एवं देशांतर रेखाओं का प्रयोग किया जाता हैं।
- पृथ्वी के किस-किस स्थान पर गर्मी या ठण्ड रहने की संभावना रहती है।
- समय का निर्धारण कैसे किया जाता है।

आपके सवाल :

पाठ के शीर्षक को ध्यान से पढ़िए, इसे पढ़ने पर आप के मन में कौन-कौन से सवाल उठते हैं? उन्हें नीचे दी गई जगह में लिखिए और इन सवालों के जवाब पाठ में ढूंढ़ने की कोशिश करें।

भाग-1 : ग्लोब

फोकस प्रश्न

1. ग्लोब क्या होता है ?
2. पृथ्वी को समझने के लिए ग्लोब का क्या महत्व है?

महत्वपूर्ण जानकारी :

हमारी पृथ्वी पूरी तरह से गोल नही है। यह उत्तरी व दक्षिणी ध्रुवों पर थोड़ी चपटी तथा बीच में से थोड़ी उभरी हुई है। पृथ्वी के इस आकार को भू-आभ कहा जाता है। लेकिन पृथ्वी का यह चपटापन उत्तर व दक्षिण ध्रुवों पर न के बराबर है जो कि 22-22 किमी. है। इसलिए हमें पृथ्वी हमेशा गोल ही दिखाई देती हैं।

शिक्षक संकेत :

इन प्रश्नों के उत्तरों की चर्चा कक्षा में करने के बाद शिक्षक ग्लोब के बारे में चर्चा कर सकते हैं। शिक्षक अपनी कक्षा में विद्यार्थियों को ग्लोब दिखाये और महासागरों, महाद्वीपों व विभिन्न देशों के बारे में चर्चा करें। (चित्र 2.1 की सहायता से)

ग्लोब के बारे में समझने के लिए नीचे दिए गये प्रश्न पर चर्चा करें।

प्रश्न 1 : विद्यार्थियों को चार निम्न आकृति दिखाए व पूछें कि इनमें से कौन सी आकृति ग्लोब के आकार के समान है ?



उत्तर :

प्रश्न 2. इनमें से कौन सी वस्तु अपने 'अक्ष' पर घूमती है ?

उत्तर :

शब्द भण्डार :

अक्ष : एक काल्पनिक रेखा, जो पृथ्वी के बीच से होकर उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव को जोड़ती है। अक्ष को धुरी भी कहते है।

ग्लोब पृथ्वी का एक प्रतिरूप है, जिस पर देशों, महाद्वीपों तथा महानगरों को उनके छोटे आकार के रूप में दिखाया जाता है। ग्लोब को रंगीन बनाया जाता है जिसमें नीला रंग जल को दर्शाता है तथा अन्य रंग जमीन व पर्वतों को दर्शातें हैं। ग्लोब अलग-अलग आकार के हो सकते हैं। जैसे- पॉकेट में रखने वाले ग्लोब, गुब्बारे वाले ग्लोब, बहुत बड़े आकार के ग्लोब इत्यादि।

हम देखते है कि ग्लोब पर दिखाए हुए उत्तरी ध्रुव व दक्षिणी ध्रुव के बीच से एक सूई होकर गुजरती है। हम इस पर ग्लोब को घुमा सकते हैं। ऐसी ही एक काल्पनिक रेखा पृथ्वी के उत्तरी ध्रुव व दक्षिणी ध्रुव को जोड़ती है। इस काल्पनिक रेखा को पृथ्वी का अक्ष कहते हैं। जैसे ग्लोब सूई पर घूमता है, वैसे ही पृथ्वी अपने अक्ष पर घूमती है।

हमें यह बात ध्यान रखनी है कि पृथ्वी पर वास्तविक रूप में ऐसी कोई रेखा नहीं है।

ग्लोब के बारें में चर्चा करने के बाद निम्न प्रश्नों का उत्तर देने का प्रयास करें।

प्रश्न 1.अक्ष से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर 1 : ______________________

____

प्रश्न 2 : कौन सा देश ग्लोब पर सबसे बड़ा दिखाई देता है?

उत्तर 2 : ______________________

प्रश्न 3.भारत देश के आस-पास कौन से देश दिखाई देता हैं?

उत्तर 3 : ______________________

____

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : पृथ्वी के छोटे प्रतिरूप को ____________ कहते हैं।

क. मंगल   ख. ग्लोब   ग. अक्ष   घ. ध्रुव

प्रश्न 2 : ग्लोब पर नीला भाग ____________ को दर्शाता है।

क. जमीन   ख. पर्वत   ग. जल   घ. आकाश

प्रश्न 3 : पृथ्वी अपने ____________ पर घूमती है।

क. अक्ष   ख. कक्ष   ग. वृत   घ. ध्रुव

हमने सीखा :

- ग्लोब पृथ्वी का छोटा प्रतिरूप है।
- पृथ्वी पर नीला भाग पानी को दिखाता है।
- पृथ्वी पर एक काल्पनिक रेखा झुकी हुई अवस्था में स्थित है जिसे अक्ष कहते है।
- पृथ्वी के दो ध्रुव है- उत्तरी ध्रुव और दक्षिणी ध्रुव।

अभ्यास

प्रश्न 1 : लिखिए : आप ने ग्लोब के बारें में ऐसी क्या चार चीजें सीखीं, जिनसे आपको पृथ्वी को समझने में मदद मिली।

उत्तर 1 : ____________

____

____

____

भाग-2 : स्थान की सटीक स्थितिः संदर्भ रेखाएँ - अक्षांश एवं देशांतर

किसी स्थान की सटीक स्थिति जानने के लिए संदर्भ रेखाएँ जो कि अक्षांश एवं देशांतर होती हैं कि, चर्चा करने से पहले निम्नलिखित क्रियाकलाप किया जा सकता है।

अक्षांश व देशांतर रेखाओं को समझने के लिए क्रियाकलाप :

- प्रत्येक विद्यार्थी एक कागज लें।
- अब इस कागज को एक तरफ से पंखे की तरह मोड़ना शुरू करें।
- इसी तरह कागज को दूसरी तरफ से भी करें।
- अब आप देखेंगे कि आपके कागज पर कुछ रेखाएँ बन गई है जिन्हें हम संदर्भ रेखाएँ कहते हैं, जैसा कि चित्र 2.2 में दिखाया गया है।
- सतह एक और सतह दो की इन संदर्भ रेखाओं को A , B , C , D....तथा 1,2,3,4.....का नाम दें।
- जहाँ ये रेखाएँ एक-दूसरे को काट रही है उस जगह पर कहीं भी पांच बिंदु अंकित करें।
- इन अंकित बिंदुओं को निम्नलिखित नाम दें (यह नाम सांकेतिक हैं विद्यार्थी इन बिंदुओं को ओर कोई भी नाम दे सकते हैं।)

मेरा घर

मेरा विद्यालय

मेरा पार्क

मेरी नदी

मेरा पेड़



चित्र – 2.2 : संदर्भ रेखाएँ

अब आप अपने कागज पर देखें कि आपका घर सतह एक की कौन सी लाइन पर है और सतह दो की कौन सी लाइन उसे काट रही है।

उदहारण के लिए मेरा घर C:8 में स्थित है।

प्रश्न 1 : अब आप अपने विद्यालय, पार्क, नदी व अपने पेड़ की स्थिति इस कागज पर देखें व लिखें कि वह कहाँ स्थित है ।

उत्तर :

जिस तरह कागज को दोनों तरफ से, पंखे की तरह मोड़ने पर रेखाओं का जाल बन गया और इस जाल का इस्तेमाल करके छात्र ने अपने घर, पार्क इत्यादि की स्थिति का पता लगाया, उसी तरह पृथ्वी पर भी इस तरह की कुछ रेखाएँ मानी (जो वास्तविक रूप में नहीं) गयी हैं इन्हें संदर्भ रेखाएँ कहा जाता है, जिन्हें मिलाकर पृथ्वी पर किसी भी स्थान की सटीक स्थिति का पता लगाया जा सकता है। अब हम इन रेखाओं के बारें में चर्चा करेंगे। **ग्रिड को हिंदी में जाल कहते हैं।**

अक्षांश रेखाएँ

अभी हमने पृथ्वी के छोटे प्रतिरूप ग्लोब के बारे में जाना। पृथ्वी को एक अन्य काल्पनिक रेखा दो बराबर भागों में बाँटती है, जिसे भूमध्य रेखा कहा जाता है। पृथ्वी के उत्तर में स्थित आधे भाग को उत्तरी गोलार्ध व पृथ्वी के दक्षिण में स्थित आधे भाग को दक्षिणी गोलार्ध कहा जाता है। (चित्र 2.3)



चित्र 2.3 : भूमध्य रेखा

भूमध्य रेखा से ध्रुवों तक स्थित सभी समानांतर वृतों को अक्षांश रेखाएँ कहा जाता है, भूमध्य रेखा को शून्य अंश माना गया है (चित्र 2.4)



चित्र 2.4 : अक्षांश रेखाएँ (NCERT 2.2)

शिक्षक संकेत :

कक्षा में शिक्षक अक्षांश रेखाओं को ग्लोब पर दिखाएं।

अक्षांश रेखाओं के द्वारा हमें यह पता लगता है कि हम भूमध्य रेखा से कितनी दूर हैं अर्थात कितने डिग्री उत्तर में या कितने डिग्री दक्षिण में स्थित हैं। भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर गर्मी कम होती जाती है और ठण्ड बढ़ती जाती है।

शब्द भंडार :

सन्दर्भ रेखाएं	:	पृथ्वी पर किसी स्थान की सटीक स्थिति जानने के लिए काल्पनिक रेखाएं, जिन्हें अक्षांश रेखा और देशांतर रेखा कहते हैं।
भूमध्य रेखा	:	एक काल्पनिक रेखा जो पृथ्वी को दो बराबर गोलार्धों में बांटती है, जिन्हें उत्तरी गोलार्ध और दक्षिणी गोलार्ध कहते हैं। भूमध्य रेखा को विषुवत वृत्त भी कहा जाता है तथा इसे अंग्रेजी में **equator** कहते हैं।
अक्षांश रेखा	:	भूमध्य से दोनों ध्रुवों तक समान्तर वृत्त अक्षांश रेखा कहलाते हैं। अक्षांशों को अंश में मापा जाता है। भूमध्य रेखा को **0°** अंश मानते हैं। उत्तरी ध्रुव को **90°** उ० माना जाता है और दक्षिणी ध्रुव को **90°** द० माना जाता है। अक्षांश रेखाओं को समानांतर **(parallel)** रेखाएँ भी कहा जाता है।
देशांतर रेखा	:	उत्तरी ध्रुव को दक्षिणी ध्रुव से जोड़ने वाली काल्पनिक संदर्भ रेखाओं को देशांतर रेखाएँ कहते हैं।
प्रमुख याम्योत्तर	:	वह देशांतर जो पृथ्वी को पूर्व से पश्चिम में दो बराबर भागों में बाँटती है। इन्हें पश्चिमी गोलार्ध और पूर्वी गोलार्ध कहते हैं। प्रमुख याम्योत्तर को प्रमुख देशांतर भी कहा जाता है। इसका मान 0° देशांतर अंश है।
ग्रिड	:	अक्षांश और देशांतर रेखाएँ मिलकर एक जाल (नेटवर्क) बनाते हैं जिसे ग्रिड कहते हैं। इन रेखाओं को अंश (डिग्री, मिनट और सेकंड) में गिना जाता है। इन ग्रिड के द्वारा हम पृथ्वी पर स्थित किसी भी स्थान की सटीक स्थिति का पता लगा सकते हैं। आज कल तो स्मार्ट फोन पर यह सटीक स्थिति आसानी से मिल सकती है। स्मार्ट फोन हो तो देखिये आप कहाँ खड़े हैं।

मुख्य तत्व :

180° पूर्व देशांतर अंश और 180° पश्चिम देशांतर अंश एक ही रेखा पर स्थित है जिसे अंतर्राष्ट्रीय-तिथि रेखा कहा जाता है। इस रेखा के पश्चिमी स्थान पूर्वी स्थान से एक दिन पीछे होते हैं। कैसे ? सोचिये!



चित्र 2.5 : भूमध्य रेखा से दूरी

देशांतर रेखाएँ

किसी स्थान की स्थिति जानने के लिए अक्षांश के अलावा देशांतर रेखाओं को जानना भी बहुत जरूरी है। पृथ्वी को एक अन्य काल्पनिक रेखा दो बराबर भागों में बाँटती है जिसे प्रमुख याम्योतर कहते हैं यह रेखा पृथ्वी को पूर्वी व पश्चिमी गोलार्ध में बाँटती हैं । (चित्र 2.6)



चित्र 2.6 : प्रमुख याम्योतर रेखा

उत्तरी ध्रुव को दक्षिणी ध्रुव से जोड़ने वाली काल्पनिक संदर्भ रेखाओं को देशांतर रेखाएँ कहा जाता है। इन रेखाओं के बीच की दूरी को देशांतर के अंशों में मापा जाता है। सभी देशांतर रेखाओं की लंबाई समान होती है। (चित्र 2.7)



चित्र 2.7 : देशांतर रेखाएँ (NCERT VI 2-5)

ग्रीनिच (ग्रेट ब्रिटेन) में ब्रिटिश राजकीय वेधशाला से होकर गुजरने वाली देशांतर रेखा को प्रमुख देशांतर या याम्योत्तर कहा जाता है, जिसका मान 0° देशांतर अंश है। देशांतर रेखाओं के द्वारा हमें यह पता लगता है कि, हम प्रमुख याम्योतर से कितने डिग्री पूर्व में या कितने डिग्री पश्चिम में स्थित है (चित्र 2.8)



चित्र 2.8 : प्रमुख याम्योतर से दूरी

पृथ्वी पर जहाँ अक्षांश व देशांतर रेखाएँ एक दूसरे को काटती है उन्हें ग्रिड कहा जाता है। पृथ्वी पर इस तरह की ग्रिड का पूरा जाल फैला हुआ है। इस ग्रिड को हम पृथ्वी पर किसी भी स्थान की सटीक स्थिति जानने के लिए प्रयोग में लाते हैं (चित्र 2.9)।



चित्र 2.9 अक्षांश व देशांतर रेखाओं से बनी ग्रिड

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1. अक्षांश रेखा का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

उत्तर 1 : ______________________________

____

प्रश्न 2. अक्षांशों को ______________ में मापा जाता है।

क. कटिबंध ख. अंश ग. वृत्त घ. रेखा

प्रश्न 3. देशांतर रेखा का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

उत्तर 3 : ______________________________

____

प्रश्न 4. इन रेखाओं का हम कैसे उपयोग करते है?

उत्तर 4 : ______________________________

____

प्रश्न 5. ग्रीनिच स्थान ______________ में स्थित है।

क. ग्रेट-ब्रिटेन ख. भारत ग. रूस घ. पेरिस

हमने सीखा :

- पृथ्वी को समझने के लिए कुछ काल्पनिक संदर्भ रेखाओं को माना गया है।
- भूमध्य रेखा पृथ्वी को दो बराबर भागों में बाँटती है। जिसे उत्तरी गोलार्ध व दक्षिणी गोलार्ध कहते हैं।
- प्रमुख याम्योतर रेखा पृथ्वी को दो बराबर भागों में बाँटती है जिसे पूर्वी गोलार्ध व पश्चिमी गोलार्ध कहते हैं।
- भूमध्य रेखा से ध्रुवों तक स्थित सभी समानांतर रेखाओं या वृतों को अक्षांश रेखाएँ कहा जाता है।
- उत्तरी ध्रुव को दक्षिणी ध्रुव से जोड़ने वाली काल्पनिक रेखाओं को देशांतर रेखा कहा जाता है।
- ग्रीनिच (ग्रेट- ब्रिटेन) से होकर गुजरने वाली देशांतर रेखा को प्रमुख (याम्योतर) देशांतर रेखा माना गया है।

अभ्यास

प्रश्न 1 : ग्लोब को देखते हुए भारत की अक्षांशीय व देशांतरीय स्थिति का पता लगाइए तथा वह कौन से गोलार्द्ध में स्थित है यह भी बताइए ?

उत्तर 1 : ______________________________

____

भाग-3 :

पृथ्वी के ताप कटिबंध व समय की गणना

इस भाग में हम पृथ्वी के ताप कटिबंधो व समय की गणना कैसे की जाती है, इस पर चर्चा करेंगे।

शिक्षक संकेत :
यह प्रश्न बाद के लिए है शिक्षक यहाँ पहले ताप कटिबंधो के बारें में चर्चा करें

फोकस प्रश्न

उत्तरी भारत व दक्षिणी भारत का तापमान एक ही समय पर अलग-अलग क्यों होता है ? आइये जानते है।

कुछ महत्त्वपूर्ण अक्षांश रेखाएँ (चित्र 2.10)

हमने पिछले खण्ड में अक्षांश रेखाओं के बारें में जाना था अब हम कुछ प्रमुख अक्षांश रेखाओं के बारें में चर्चा करेगें।

भुमध्य रेखा (0° अक्षांश)

उत्तर ध्रुव (90° उत्तरी अक्षांश)
कर्क रेखा (23.5° उत्तरी अक्षांश)
उत्तर ध्रुव वृत्त (66.5 ° उत्तरी अक्षांश)
— उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित अक्षांश रेखाएँ

दक्षिण ध्रुव (90 ° दक्षिणी अक्षांश)
मकर रेखा (23.5° दक्षिण अक्षांश)
दक्षिण ध्रुव वृत (66.5 ° दक्षिण अक्षांश)
— दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित अक्षांश रेखाएँ



चित्र 2.10 : ताप कटिबंध दर्शाती हुई महत्वपूर्ण अक्षांश रेखाएँ

पृथ्वी के ताप कटिबंध (चित्र 2.10) : पृथ्वी के तीन ताप कटिबंध हैं जिनके बारें में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी नीचे तालिका में दी गई है :

उष्ण कटिबंध	शीतोष्ण कटिबंध	शीत कटिबंध
कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच का क्षेत्र	उत्तरी गोलार्द्ध में कर्क रेखा व उत्तरी ध्रुव वृत के बीच का क्षेत्र दक्षिणी गोलार्ध में मकर रेखा व दक्षिणी ध्रुव वृत के बीच का क्षेत्र	उत्तरी गोलार्द्ध में उत्तर ध्रुव वृत व उत्तरी ध्रुव के बीच का क्षेत्र दक्षिणी गोलार्ध में दक्षिण ध्रुव वृत्त व दक्षिणी ध्रुव के बीच का क्षेत्र
सूर्य वर्ष में एक बार दोपहर में सिर के ठीक ऊपर होता है।	सूर्य की किरणें तिरछी पड़ती है	सूर्य क्षितिज से ज्यादा ऊपर नहीं आ पाता
सबसे अधिक गर्मी होती है।	न अधिक गर्मी न अधिक ठंड	बहुत अधिक ठंड होती है।

ऊपर दी गई तालिका को देखकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास करें।

प्रश्न 1 : किस कटिबंध में सबसे अधिक गर्मी पड़ती है ?

उत्तर 1 : ____________________

प्रश्न 2 : किस कटिबंध में सबसे अधिक ठण्ड पड़ती है।

उत्तर 2 : ____________________

प्रश्न 3 : किस कटिबंध में सूर्य क्षितिज से ज्यादा ऊपर नहीं आ पाता है?

उत्तर 3 : ____________________

प्रश्न 4 : उष्ण-कटिबंध क्षेत्र किन अक्षांश रेखाओं के बीच स्थित है?

उत्तर 4 : ____________________

समय की गणना

प्राचीन काल में समय की गणना करने के लिए सबसे अच्छा साधन पृथ्वी, चंद्रमा व अन्य ग्रहों की गति थी और किसी भी स्थान के समय का अनुमान सूर्य के द्वारा बनने वाली परछाई से लगाया जाता था। आज विज्ञान की उन्नति के कारण हम किसी भी स्थान के समय का सही पता लगा सकते हैं। आइए अब हम यह समझते है कि समय की गणना कैसे की जाती है।

जैसे कि हम जानते हैं पृथ्वी पश्चिम से पूर्व (घड़ी की सुई की विपरीत दिशा में – anti-clock wise) की ओर चक्कर लगाती है और ग्रीनिच का मान 0° देशांतर अंश है। अतः वे स्थान जो ग्रीनिच के पूर्व में पढ़ते हैं, उनका समय ग्रीनिच समय से आगे होगा और जो स्थान ग्रीनिच से पश्चिम में है उनका समय ग्रीनिच से पीछे होगा (चित्र 2.11)।



चित्र 2.11 : विश्व के समय क्षेत्र

समय की गणना निम्नलिखित विधि से की जा सकती है:

पृथ्वी अपने अक्ष पर 24 घंटे में एक चक्कर लगाती है यानि वह 24 घंटे में 360° घूम जाती है।

अतः वह 1 घंटे में 15° व 4 मिनट 1° घूमती है। अब मान लीजिए ग्रीनिच में दोपहर के 12:00 बज रहे हैं तो ग्रीनिच से 10° पूर्व में समय होगा 10 X 4 = 40 मिनट यानि 10° पूर्व में 12:40 P.M. हो रहें होंगे।

इसी तरह ग्रीनिच से 10° पश्चिम में समय 40 मिनट पीछे होगा यानि वहां 11:20 A.M. हो रहे होंगे।



चित्र 2.12 : भारत की मानक याम्योतर

मुख्य तत्व :

G.M.T. (Greenwich Mean Time) ग्रीनिच (ग्रेट ब्रिटेन) में स्थित है तथा विश्व का मानक समय है।

I.S.T. (Indian Standard Time) भारतीय मानक समय विश्व के मानक समय से 5½ घंटे आगे है।

भारत में 82.30° पूर्व देशांतर को भारत का मानक याम्योत्तर माना गया है। (चित्र 2.12)

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : पृथ्वी के ______________ ताप कटिबंध है

क. चार   ख. पाँच   ग. तीन   घ. दो

प्रश्न 2 : सबसे अधिक गर्मी ______________ कटिबंध में पड़ती है

क. शीत   ख. ऊष्ण   ग. शीतोष्ण

प्रश्न 3 : सबसे अधिक सर्दी ______________ कटिबंध में पड़ती है

क. शीत   ख. ऊष्ण   ग. शीतोष्ण

प्रश्न 4 : पृथ्वी पश्चिम से पूर्व ______________ चक्कर लगाती है।

क. घड़ी की सुई की विपरीत दिशा में (anti clock wise)

ख. घड़ी की सुई की दिशा में (clock wise)

प्रश्न 5 : पृथ्वी 24 घंटे में ______________ घूम जाती है।

क. 360°   ख. 90°   ग. 180°   घ. 4°

प्रश्न 6 :कर्क रेखा ______________ पर स्थित है।

क. 23.5 ° उत्तरी अक्षांश   ख. 23.5 ° दक्षिणी अक्षांश   ग. 66.5 ° उत्तरी अक्षांश

प्रश्न 7 :मकर रेखा ______________ अक्षांश पर स्थित है।

क. 23.5 ° उत्तरी अक्षांश   ख. 23.5 ° दक्षिणी अक्षांश   ग. 66.5 ° उत्तरी अक्षांश

हमने सीखा :

पृथ्वी के तीन प्रमुख ताप कटिबंध है- ऊष्ण, शीतोष्ण, शीत।

पृथ्वी पश्चिम से पूर्व घड़ी की सूई की विपरीत दिशा में (anti & clock wise) चक्कर लगाती है।

समय के निर्धारण के लिए देशांतर रेखाओं का प्रयोग किया जाता है।

अभ्यास

प्रश्न 1 : पता लगाएं कि भारत किस ताप कटिबंध में आता है और उसका भारत देश पर क्या प्रभाव पड़ता है।

उत्तर :

प्रश्न 2 : पता लगाएं कि अमरीका में न्यू यॉर्क और भारत में दिल्ली में कितने समय का अंतर है। आपने कैसे गणना की? यदि न्यू यॉर्क में सुबह के 5:00 बज रहे हैं तो दिल्ली में उस समय क्या बज रहा होगा?

उत्तर :

प्रश्न 3 : सिंगापूर और दिल्ली में कितने समय का अंतर है? यदि सिंगापूर में शाम के 5:00 बज रहे हैं तो दिल्ली में उस समय क्या बज रहा होगा? आपने कैसे हिसाब लगाया?

उत्तर :

प्रश्न 4 : प्राचीन काल में समय का पता कैसे लगाते थे और आज हम समय का अनुमान कैसे करते हैं? उदाहरण सहित समझाये।

उत्तर :

प्रश्न 5: हम किन रेखाओं को सन्दर्भ रेखाएं कहते हैं? हम इनका कैसे प्रयोग कर सकते हैं? उदाहरण दे कर समझाये।

उत्तर :

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

पाठ 3

पृथ्वी की गतियाँ

(NCERT पाठ 3)

हम क्या सीखेंगे :

- पृथ्वी अपने अक्ष पर घूमने (घूर्णन) के साथ साथ सूर्य के चारों ओर भी घूमती (परिक्रमण) रहती है।
- पृथ्वी के घूर्णन के कारण दिन और रात बनते हैं।
- परिक्रमण की स्थिति में पृथ्वी का अक्ष एक ही दिशा में झुका हुआ रहता है।
- पृथ्वी के परिक्रमण के कारण ऋतुओं में परिवर्तन होता है।
- पृथ्वी का झुका हुआ अक्ष ऋतु बदलने और दिन की लम्बाई बदलने का कारण है।

आपके सवाल :

पाठ के शीर्षक को ध्यान से पढ़िए। इसे पढ़ने पर आपके मन में कौन-कौन से सवाल उठते हैं? उन्हें नीचे दी गई जगह में लिखिए और इन सवालों के जवाब पाठ में ढूंढ़ने की कोशिश करें।

हम जानते हैं :

सौरमंडल के केंद्र में सूर्य स्थित है और सभी ग्रह सूर्य के चारों ओर अपनी एक निश्चित दिशा में घूमते हैं

भाग-1 : घूर्णन : दिन और रात का बनना

फोकस प्रश्न

1. घूर्णन से आप क्या समझते हैं?
2. दिन ओर रात कैसे बनते हैं?

प्रश्न 1 : हमें कैसे पता चलता है कि दिन है या रात? अपनी समझ से लिखिए।

उत्तर 1 :

प्रश्न 2. आप क्या सोचते हैं, दिन रात में कैसे बदलता है?

उत्तर 2 : ______________________________

____

विद्यार्थियों से लिखवाने के बाद उनके इन कारणों की चर्चा कक्षा में साँझा करें

आओ देखें कि दिन-रात कैसे बनते हैं

आप सब मिल कर अपनी कक्षा में से दो विद्यार्थी चुनें, जिसमें से एक सूरज बने और दूसरा पृथ्वी।

1. पहले विद्यार्थी को सूरज बनाकर कक्षा में खड़ा करें।
2. दूसरे विद्यार्थी (पृथ्वी) को कहा जाये कि वह पहले विद्यार्थी (सूरज) के चारों तरफ एक वृताकार आकृति में घूमे। यहाँ बाकि विद्यार्थियों की यह भूमिका है कि वे देखें कि दूसरा विद्यार्थी जो पृथ्वी बना है पहले विद्यार्थी के चारों ओर ठीक दिशा में घूम रहा है या नहीं (पश्चिम से पूर्व की ओर)।
3. शिक्षक कक्षा में पृथ्वी की घूर्णन की अवस्था को बताते हुए (पृथ्वी) विद्यार्थी को अपनी जगह घूमते हुए सूरज के चारों ओर चक्कर लगाने को कहें।
4. विद्यार्थी यह निरीक्षण करें कि जब (पृथ्वी) विद्यार्थी अपने अक्ष पर घूमता हुआ पहले विद्यार्थी (सूर्य) के चारों ओर चक्कर लगाता है तो दूसरे विद्यार्थी का किसी भी समय केवल एक ही भाग सूरज (विद्यार्थी) की तरफ होता है और दूसरा भाग विपरीत दिशा की तरफ होता है।
5. विद्यार्थी यह समझ सकेंगे कि पृथ्वी अपने अक्ष पर घूमते हुए जब सूरज के चारों ओर चक्कर लगाती है तो चक्कर लगाते हुए जो भाग पृथ्वी का सूर्य की तरफ होता है वहाँ दिन होता है और जो भाग बाहर की तरफ है वहाँ सूरज की किरणें नहीं पड़तीं, यानी अँधेरा रहता है और रात होती है।

हम जानते हैं कि पृथ्वी अपने अक्ष पर 23.5° झुकी हुई है इस झुकी हुई अवस्था में पृथ्वी जब अपने अक्ष पर घूमती है तो इसे **घूर्णन** कहा जाता है।



चित्र 3.1 घूर्णन के कारण पृथ्वी पर दिन ओर रात (NCERT 3.2)

पृथ्वी अपनी अक्ष पर पश्चिम से पूर्व की दिशा में घूमती है। एक घूर्णन को पूरा होने में 24 घंटे से थोड़ा अधिक समय लगता है।

ग्लोब पर वह वृत जो दिन और रात को अलग करता है उसे प्रदीप्ति वृत (circle of illumination) कहते हैं। (चित्र 3.1) पृथ्वी का आकार गोले के समान है और यह गोला लगातार अपने अक्ष पर घूमता रहता है। जिसकी वजह से एक समय पर पृथ्वी का आधा भाग ही सूर्य की रोशनी प्राप्त करता है और आधे भाग पर अंधेरा रहता है। इसलिए पृथ्वी के जिस भाग पर सूर्य की रोशनी पड़ती है वहाँ दिन होता है और जहां सूर्य की रोशनी नहीं पड़ती वहाँ रात होती है।



चित्र 3.2

ऊपर दिए गए चित्र में प्रदीप्ति वृत कहाँ बनेगा? पृथ्वी पर रेखा खीचकर बताएं। दिन और रात कैसे बनते हैं यह भी बताएं।

शब्द भंडार :

पृथ्वी का घुर्णन	:	अक्ष पर घूमना
प्रदीप्ति वृत	:	जो वृत पृथ्वी पर दिन और रात को अलग करता है
दैनिक गति	:	एक घूर्णन के लिए लिया गया समय

लीप वर्ष

लीप वर्ष : जिस वर्ष की फरवरी मास में 29 दिन और पूरे वर्ष में कुल 366 दिन होते हैं वह वर्ष लीप वर्ष कहलाता है। पृथ्वी अपने अक्ष पर 24 घंटे में एक चक्कर पूरा करती है जिसे पृथ्वी की **दैनिक गति** कहते हैं। पृथ्वी सूर्य का चक्कर 365 दिन व 6 घंटों में पूरा करती है। सुविधा के लिए यह अतिरिक्त 6 घंटे, हर वर्ष में नहीं जोड़े जाते हैं. हर चार वर्ष के बचे हुए 6 घंटे जोड़ कर एक दिन बन जाता है (4 वर्ष X 6 घंटे = 24 घंटे यानि एक दिन)। यह दिन हर चौथे वर्ष, फरवरी माह में जोड़ा जाता हैं. अतः हर चौथे साल की फरवरी में 28 की जगह 29 दिन होते हैं। और हर चौथा साल 365 की जगह 366 दिन का होता है। 366 दिन वाले वर्ष को लीप वर्ष कहा जाता है।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमना ____________ कहलाता है।

क. घूर्णन ख. परिक्रमण ग. रात

प्रश्न 2 : लीप वर्ष में ____________ दिन होते हैं?

क. 367 ख. 365 ग. 366

प्रश्न 3 : वह वृत जो पृथ्वी पर दिन और रात को अलग करता है उसे ____________ कहते है।

क. प्रदीप्ति वृत ख. रेखा ग. सूर्य

प्रश्न 4 : पृथ्वी अपने अक्ष पर ____________ घंटे में एक चक्कर पूरा करती है जिसे पृथ्वी की ____________ कहते हैं।

क. 23, घूर्णन गति ख. 25, रोजाना गति ग. 24, दैनिक गति

प्रश्न 5 : पृथ्वी अपने अक्ष पर ____________ झुकी हुई है

क. 24. 5° ख. 66. 5° ग. 23.5°

घ. 25. 5°

हमने सीखा :

- पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमना घूर्णन कहलाता है।
- पृथ्वी के अपने अक्ष पर घूमते रहने के कारण दिन और रात बनते हैं।
- लीप वर्ष हर चौथे साल में 366 दिन वाले वर्ष को कहते हैं।

अभ्यास

प्रश्न 1 : सोचिये और लिखिए : अगर पृथ्वी अपने अक्ष पर न घूमे तो क्या होगा?

उत्तर 1 : ____

____

भाग-2 : परिक्रमण व पृथ्वी के अक्ष का स्थिर रहना

फोकस प्रश्न

शिक्षक संकेत :

परिक्रमण की अवधारणा को समझने के लिए निम्नलिखित गतिविधि की जा सकती है:

1. कक्षा में शिक्षक अपने साथ ग्लोब लेकर जाएं।

1. परिक्रमण घूर्णन से कैसे अलग है ?

हमने पिछले भाग में यह समझा कि पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमना घूर्णन कहलाता है और पृथ्वी घूर्णन के समय सूर्य के चारों ओर भी घूमती है।

2. कक्षा में किसी एक विद्यार्थी को सूर्य बनने के लिए कहें।

3. अब कक्षा के कुछ विद्यार्थियों को एक-एक करके ग्लोब को सूर्य के चारों ओर घुमाने के लिए कहें।

4. यहाँ शिक्षक देखें कि, जब एक विद्यार्थी ग्लोब को सूर्य के चारों ओर घूमा रहा है तो वह क्या अक्ष को भी इधर-उधर घूमा रहा है या अक्ष अपनी जगह स्थिर है।

5. शिक्षक विद्यार्थियों को यह बताएँ कि जब पृथ्वी सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है तो उसका अक्ष एक ही दिशा में स्थिर रहता है और पृथ्वी की स्थिति में परिवर्तन होता रहता है।

6. इस क्रियाकलाप को समझने के लिए चित्र 3.3 की सहायता ली जा सकती है

आइये समझें पृथ्वी सूर्य के चारों ओर कैसे घूमती है और यह घूमना क्या कहलाता है।



चित्र 3.3 पृथ्वी का परिक्रमण

इस गतिविधि के माध्यम से हमें यह समझने में मदद मिलेगी कि पृथ्वी अपने अक्ष पर 23.5° एक ही दिशा में झुकी रहती है और पृथ्वी जब सूर्य के चारों और घूमती है तो इसे परिक्रमण कहते है। जब पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है तो पृथ्वी का अक्ष एक ही दिशा में स्थिर रहता है (जैसा कि चित्र 3.3 में दिखाया गया है) लेकिन पृथ्वी की अपनी स्थिति में परिवर्तन होता रहता है।

अतः पृथ्वी घूर्णन व परिक्रमण साथ साथ करती है।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : पृथ्वी जब सूर्य के चारों ओर घूमती है तो इसे ____________ कहा जाता है।

क. घूर्णन ख. परिक्रमण ग. दिन

प्रश्न 2 : पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है तो उसका ____________ स्थिर रहता है लेकिन पृथ्वी की अपनी स्थिति में ____________ होता रहता है।

क. अक्षांश, रुकना ख. अक्ष, परिवर्तन ग. गति, स्थिर

प्रश्न 3 : सौरमंडल के केंद्र में ____________ स्थित है।

क. सूर्य ख. पृथ्वी ग. चन्द्रमा

हमने सीखा :

- पृथ्वी का सूर्य के चारों ओर घूमना परिक्रमण कहलाता है
- सूर्य के चारों ओर घूमते समय पृथ्वी का अक्ष एक ही दिशा में स्थिर रहता है।

अभ्यास



चित्र 3.4

ऊपर दिए हुऐ चित्र को देखें ओर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास करें

प्रश्न 1 : किस स्थिति में उत्तरी ध्रुव सूर्य की तरफ झुका हुआ होगा?

स्थिति 1 2 3 4

प्रश्न 2 : किस स्थिति में दक्षिणी ध्रुव सूर्य की तरफ झुका हुआ होगा?

स्थिति 1 2 3 4

प्रश्न 3 : किन स्थितियों में कोई भी ध्रुव सूर्य की तरफ झुका हुआ नहीं होगा?

स्थिति 1 2 3 4

भाग-3 : आओ पता लगाएं : ऋतुएँ कैसे बनती हैं

फोकस प्रश्न

1. ऋतुएँ किस वजह से परिवर्तित होती रहती हैं ?
2. दिन और रात छोटे-बड़े कैसे होते हैं ?
3. दिन और रात की लम्बाई

पिछले भाग में हमने पृथ्वी की गतियों घूर्णन व परिक्रमण के बारें में जाना और पृथ्वी घूर्णन ओर परिक्रमण साथ-साथ करती है यह भी समझा।

शिक्षक संकेत :
शिक्षक दिन और रात की लम्बाई की अवधारणा को समझाने के लिए ग्लोब का प्रयोग करें।

इस भाग में हम ऋतुएँ कैसे बनती हैं व दिन और रात छोटे-बड़े क्यों होते हैं इस पर चर्चा करेंगे जिसके लिए निम्नलिखित गतिविधि की जा सकती है।

चित्र 3.5 व 3.6 को देखें व दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास करें।



चित्र 3.5 दिन और रात की लम्बाई

प्रश्न 1 : निम्नलिखित शब्दों को ऊपर दिये गये चित्र में बनाएं व लिखें।
सूर्य, पृथ्वी, पृथ्वी का अक्ष, विषुवत वृत, उत्तरी गोलार्ध, दक्षिणी गोलार्ध, उत्तर ध्रुव, दक्षिण ध्रुव, प्रदीप्ति वृत्त, मकर रेखा, कर्क रेखा, भूमध्य रेखा

प्रश्न 2 : उपरोक्त चित्र में ________________ ध्रुव सूर्य की तरफ झुका हुआ है

प्रश्न 3 : उपरोक्त चित्र में प्रदीप्ति वृत पर बिंदु A पर सूर्योदय व B पर सूर्यास्त होता है।
निम्नलिखित वाक्यों को पढ़ें, अपने साथी के साथ चर्चा करें व उत्तर लिखें ।

i. हमें बिंदु A से B (घड़ी की सूई की विपरीत दिशा में) तक जाने में ज़्यादा समय लगेगा या बिंदु B से A तक आने में ज़्यादा समय लगेगा और क्यों?

---

ii. आपकी समझ में यहाँ दिन लंबा होगा या रात और क्यों?

सामान्यतः एक वर्ष के दौरान हमें गर्मी, सर्दी, वसंत और शरद ऋतु का एहसास होता है। सूर्य के चारों ओर घूमते समय पृथ्वी की स्थिति में परिवर्तन के कारण हमें इन ऋतुओं में परिवर्तन देखने को मिलता है। हम चित्र 3.5 में देखेंगे कि 21 जून को उत्तरी ध्रुव सूर्य की तरफ झुका है ओर सूर्य की किरणें कर्क रेखा पर सीधी पड़ती हैं क्योंकि उत्तरी गोलार्ध के बहुत बड़े भाग में सूर्य की रोशनी प्राप्त होती है इसलिए विषुवत वृत के उत्तरी भाग में गर्मी का मौसम होता है। 21 जून को इन क्षेत्रों में सबसे लम्बा दिन तथा सबसे छोटी रात होती है, पृथ्वी की इस अवस्था को **उत्तर अयनांत** कहा जाता है। (उत्तरायण)

शब्द भण्डार :		
	अयनांत	: साल में दो दिन ऐसे आते हैं जब दिन एक गोलार्ध में सबसे लंबा होता है और उसी दिन दूसरे गोलार्द्ध में रात सबसे बड़ी होती है।
	उत्तरायण	: उत्तरी गोलार्ध में वो एक दिन जब दिन सबसे लम्बा और रात सबसे छोटी होती है।
	दक्षिणायन	: दक्षिणी गोलार्ध में वो एक दिन जब दिन सबसे लम्बा और रात सबसे छोटी होती है।
	विषुव	: वह दिन जब कोई भी ध्रुव सूर्य की ओर नहीं झुका होता हैं सूर्य की किरणें भू-मध्य रेखा पर सीधी पड़ती।

जबकि 22 दिसम्बर को दक्षिणी ध्रुव सूर्य की तरफ झुका है और सूर्य की किरणें मकर रेखा पर सीधी पड़ती हैं, क्योंकि दक्षिणी गोलार्ध के बहुत बड़े भाग में सूर्य की रोशनी प्राप्त होती है। इसलिए विषुवत वृत के दक्षिणी भाग में गर्मी का मौसम होता है। 22 दिसम्बर को इन क्षत्रों में सबसे लम्बा दिन तथा सबसे छोटी रात होती है पृथ्वी की इस अवस्था को दक्षिणी अयनांत कहा जाता है। (दक्षिणायन)

21 मार्च व 23 सितम्बर को सूर्य की किरणें भू-मध्य रेखा पर सीधी पड़ती हैं इस दिन कोई भी ध्रुव सूर्य की ओर झुका हुआ नहीं होता। इसीलिए इन दोनों तारीख को दिन और रात बराबर होते हैं, और पृथ्वी की इस अवस्था को विषुव कहा जाता है।



चित्र 3.6 पृथ्वी का परिक्रमण व ऋतुएँ

यह बात ध्यान रखने योग्य है कि जब उत्तरी गोलार्ध में गर्मी होती है तो दक्षिणी गोलार्ध में इसके विपरीत सर्दी होती है और जब दक्षिणी गोलार्ध में गर्मी होती है तो उत्तरी गोलार्ध में सर्दी का मौसम होता है।

भारत में एक साल में 6 ऋतुएँ आती हैं जिनके नाम हैं वसंत ऋतु (मार्च से अप्रैल), ग्रीष्म ऋतु (मई से जून), वर्षा ऋतु (जुलाई से सितम्बर), शरद ऋतु (अक्टूबर से नवम्बर), हेमंत ऋतु (दिसम्बर से 15 जनवरी), शिशिर ऋतु (16 जनवरी से फरवरी)।

चित्र 3.7 को देखें व दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास करें :



चित्र 3.7

प्रश्न 4 : निम्नलिखित शब्दों को ऊपर दिये गये चित्र में दर्शाएं :

सूर्य, पृथ्वी, पृथ्वी का अक्ष, उत्तरी गोलार्ध, दक्षिणी गोलार्ध, उत्तरी ध्रुव, दक्षिणी ध्रुव, प्रदीप्ति वृत्त, मकर रेखा, कर्क रेखा, भूमध्य रेखा

प्रश्न 5 : निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर उनका उत्तर दें।

i. कौन सा गोलार्ध अधिक गर्मी और प्रकाश प्राप्त करेगा? ______

ii. उत्तरी गोलार्ध में गर्मी या सर्दी में से कौन-सी ऋतु होगी? ______

iii. दक्षिणी गोलार्ध में गर्मी या सर्दी में से कौन-सी ऋतु होगी? ______

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : जून को उत्तरी गोलार्ध में ______ का मौसम होता है।

क. गर्मी　　ख. सर्दी　　ग. वसंत　　घ. शरद

प्रश्न 2 : ______ को भू-मध्य रेखा पर सूर्य की किरणें सीधी पड़ती है।

क. 21 मार्च व 23 सितम्बर　　ख. 21 जून व 23 दिसम्बर

ग. 23 मार्च व 21 सितम्बर　　घ. 21 अप्रैल व 23 नवम्बर

प्रश्न 3 : 22 दिसंबर को उत्तरी गोलार्ध में ______ का मौसम होता हैं।

क. गर्मी　　ख. शरद　　ग. वसंत　　घ. सर्दी

प्रश्न 4 : 21 जून को ______ पर सूर्य की किरणें सीधी पड़ती हैं।

क. मकर रेखा　　ख. कर्क रेखा　　ग. भूमध्य रेखा

प्रश्न 5 : 22 दिसम्बर को ______ पर सूर्य की किरणें सीधी पड़ती हैं।

क. मकर रेखा　　ख. कर्क रेखा　　ग. भूमध्य रेखा

हमने सीखा :

- पृथ्वी के परिक्रमण के कारण ऋतुओं में परिवर्तन होता है।
- 21 जून के आस-पास उत्तरी गोलार्ध (जैसे- भारत) में अधिक गर्मी व दक्षिणी गोलार्ध (जैसे-ऑस्ट्रेलिया) में अधिक सर्दी का मौसम होता है।
- इसके विपरीत 22 दिसम्बर के आस-पास उत्तरी गोलार्ध (जैसे भारत) में अधिक सर्दी व दक्षिणी गोलार्ध (जैसे ऑस्ट्रेलिया) में अधिक गर्मी का एहसास होता है।

अभ्यास

प्रश्न 1 : सोचिये और लिखिए : अगर पृथ्वी सूर्य के चारों ओर न घूमती तो क्या होता ?

उत्तर 1 : ______________________________

____

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढ़ने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

____

____

____

____

पाठ 4

मानचित्र

(NCERT पाठ 4)

हम क्या सीखेंगे :

- मानचित्र का इस्तेमाल करना : उस पर दर्शाए गए दिशाओं और स्थानों को पहचानना।
- दिशा, दूरी, प्रतीक को ध्यान में रखते हुए, मानचित्र बनाना।
- मानचित्र के प्रकार और उन पर बने हुए विभिन्न छोटे-छोटे प्रतीकों के बारे में समझ बनाना।

आपके सवाल :

पाठ के शीर्षक को ध्यान से पढ़िए। इसे पढ़ने पर आपके मन में कौन-कौन से सवाल उठते हैं? उन्हें नीचे दी गई जगह में लिखिए और इन सवालों के जवाब पाठ में ढूंढने की कोशिश करें।

हम जानते हैं :

1. ग्लोब क्या है।
2. मानचित्र (नक्शा) कैसे दिखते हैं।
3. सूरज पूर्व दिशा से निकलता दिखाई देता है।

आओ कदम बढ़ाएँ :

आज कक्षा में मैडम जी ने यह कविता सुनाई और बच्चों से जवाब पूछेः

"कहाँ-कहाँ देखा है नक्शा?

नक्शे में क्या-क्या है देखा?

क्या-क्या बात समझ में आई?

रंगों ने क्या बात सिखाई?

प्रतीक क्या चीज है भाई? कहाँ नदी कहाँ पर्वत खाई?

दूरी कैसे मापे इसमें, दिशा को कैसे जांचें इसमें ?

मानचित्र का क्या है मतलब, जब ग्लोब मिलता है सब जग।

प्रश्न 1: आप ने नक्शा कहाँ देखा है? नक्शे पर क्या देखा है?

उत्तर 1 : ____________________

____

भाग-1

फोकस प्रश्न

मानचित्र क्या होता है?

विषय वस्तु :

आपने पिछले अध्यायों में ग्लोब के बारे में समझा और इसका प्रयोग किस प्रकार किया जाता है यह जाना। जब हम पूरी पृथ्वी का अध्ययन करना चाहते हैं, तो ग्लोब का उपयोग कर सकते हैं। लेकिन जब हम पृथ्वी के एक हिस्से का अध्ययन करना चाहते हैं जैसे भारत, या हमारा शहर-दिल्ली या हमारा गाँव, ग्लोब हमें पर्याप्त जानकारी नहीं देता है। ऐसी परिस्थितियों में हम मानचित्र का उपयोग करते हैं।

मानचित्र पृथ्वी की सतह या इसके एक भाग का चपटी सतह पर खींचा गया चित्र है।

मानचित्र के प्रकार



नक्शे तीन तरह के होते हैं :-

1. भौतिक मानचित्र

जो नक्शे रंग-बिरंगे पर्वत, पठार, मैदान, नदी, महासागर आदि दिखाते हैं, इन्हे भौतिक मानचित्र कहते है। मानचित्र में अलग अलग रंगों के उपयोग जानना जरूरी हैं। नीला रंग जल के लिये, भूरा पर्वत के लिये, पीला पठार के लिये और हरा रंग मैदान दिखाने के लिये।

कक्षा कार्य 1 :



चित्र 4.1 भारत का भौतिक मानचित्र

प्रश्न 1 : भौतिक मानचित्र क्या दिखाते हैं ?

उत्तर 1 : ______________________________

____

प्रश्न 2 : भारत के भौतिक मानचित्र पर

i. नीला रंग क्या दिखाता है ? ______________

iI. पीला रंग क्या दिखाता है ? ______________

iII. हरा रंग क्या दिखाता है ? ______________

iV. भूरा रंग क्या दिखाता है ? ______________

प्रश्न 3 : भारत के भौतिक मानचित्र में महासागर को छोड़ के सबसे अधिक स्थान

(क) पठार हैं ☐ (ख) पर्वत हैं ☐ (ग) मैदान हैं ☐ (घ) नदियाँ हैं ☐

2. राजनीतिक मानचित्र

शिक्षक संकेत :

दिल्ली व भारत का राजनीतिक मानचित्र दिखा कर सीमाएँ भी दिखाएं।

राज्यों, देशों, नगरों, शहरों तथा गावों और विश्व के विभिन्न देशों व राज्यों तथा उनकी सीमाओं को दर्शाने वाले मानचित्रों को राजनीतिक मानचित्र कहते है।

चित्र 4.2 : दिल्ली का राजनीतिक मानचित्र

चित्र 4.3 : भारत का राजनीतिक मानचित्र

प्रश्न 1 : भारत के राजनीतिक मानचित्र में दिल्ली ढूँढें।

प्रश्न 2 : भौतिक और राजनीतिक मानचित्रों में क्या दो समानताएँ और क्या दो अंतर हैं? इनको बनाने के क्या मकसद रहे होंगे।

3. थीमैटिक मानचित्र

नीचे दिए गए तीन तरह के नक्शे देखिए, यह क्या दर्शाते हैं?

ये नक्शे अलग-अलग खास जानकारी वाले हैं। एक सड़कों वाला, दूसरा वर्षा वाला, तीसरा वनों वाला, ऐसे और भी होते हैं। इनका नाम है थीमैटिक मानचित्र।

चित्र 4.4 उत्तरी भारत की मुख्य सड़कें



चित्र 4.5 दिल्ली मेट्रो का मानचित्र



चित्र 4.6 भारत वन मानचित्र

शिक्षक संकेत :

समूह में चर्चा करें, फिर शिक्षक सब से पूछें और ब्लैकबोर्ड पर लिखें।

प्रश्न 1 : चित्र 4.4 में आप सड़क से गांधीनगर (गुजरात) से कोलकत्ता जाते हुए कौन कौन से शहरों से गुजरेंगे ?

उत्तर 1 : ____________________

प्रश्न 2 : चित्र 4.5 में भारत के कौन से क्षेत्र में सबसे ज़्यादा वर्षा होती है?

उत्तर 2 : ______________________________

प्रश्न 3 : चित्र 4.6 में जहाँ अधिक वर्षा होती है वहाँ वन घने हैं। सही या गलत?

उत्तर 3 : ______________________________

प्रश्न 4 : दिल्ली के आस पास घने वन नहीं दिखते। क्यूँ?

उत्तर 4 : ______________________________

हम ने देखा मानचित्र कई तरह के होते हैं। जब बहुत से मानचित्रों को एक साथ किताब में रख दिया जाता है उसे एटलस कहते हैं।

भाग 2 : मानचित्र के तीन घटक

फोकस प्रश्न

1. मानचित्र और चित्र में क्या अंतर है?
2. ऐसा क्यों है कि छोटे से मानचित्र पर बड़ी-बड़ी दूरियाँ समा जाती हैं?

शिक्षक संकेत :

छात्रों को छोटे समूह में विद्यालय का नक्शा बनाने को कहें, फिर दो-तीन समूह से एक एक छात्र को ब्लैकबोर्ड पर बुलाएँ और उन्हें बोर्ड पर स्कूल का मानचित्र बनाने को कहें। कक्षा के और विद्यार्थी अपनी जगह से सुझाव दें जब तक ब्लैकबोर्ड पर एक मानचित्र हो जिससे सब सहमत हो।

कक्षा कार्य 1:

अपनी कॉपी में आप स्कूल का नक्शा बनाएँ :

मानचित्र के 3 घटक

हम अब मानचित्र के इन तीन घटक के बारे में सीखेंगे।

1. दूरी
2. दिशा
3. प्रतीक

दूरी :

मानचित्र एक चित्र होता है जो पूरे विश्व या उसके एक भाग को एक पन्ने पर दर्शाता है। वास्तविक दूरी को एक पन्ने पर खीचने के लिए एक पैमाना चुना जाता है। पैमाना स्थल पर वास्तविक दूरी तथा मानचित्र पर दिखाई गई दूरी के बीच का अनुपात होता है।

उदाहरण : यदि आपके विद्यालय और घर के बीच की दूरी 10 किमी. है, जिसे मानचित्र पर 2 सिमी. की दूरी दिखाई गई है, हम समझ सकते हैं कि मानचित्र का 1 सिमी. स्थल के 5 किमी. को दर्शाएगा। आपके रेखाचित्र का पैमाना होगा 1 सेमी. = 5 किमी.।

जरा सोचिए : पैमाना किसी भी मानचित्र के लिए महत्वपूर्ण क्यों है? इससे हमें क्या पता लग सकता है?

अगर आपको पैमाने की जानकारी है तो आप मानचित्र पर दिए गए किसी भी दो स्थानों के बीच दूरी का पता लगा सकते हैं।

छोटा पैमाने वाला मानचित्र : बड़ी दूरी को दर्शाने के लिए : जैसे 1 सेमी. = 500 किमी.

शिक्षक संकेत :

छात्रों को पहले चर्चा कराएँ कि मानचित्र (चित्र 4.7) में क्या क्या दर्शाया गया है।

बड़े पैमाने का मानचित्र स्थान की अधिक जानकारी देता है। जैसे गांव मानचित्र का पैमाना 1 सेमी. = 100 मीटर हो तो उसमें बहुत कुछ दिखा सकते हैं।



चित्र 4.7 एक गाँव का मानचित्र

आओ कुछ देखकर सीखें :

चित्र 4.7 को देखिये वहां एक पैमाना बना है। इसका उपयोग स्थानों के बीच की दूरी मापने में किया जाता है।

लिखिए इस मानचित्र का पैमाना क्या हैः ____________________

1 सेमी. = 10 मीटर सही उत्तर !

अब आपको बताया जाये कि मानचित्र में कुआँ और वृक्ष की दूरी 5 सेमी. है, तो कुआँ और वृक्ष की वास्तविक दूरी क्या है? ____________________

उत्तर : अगर 1 सेमी. = 10 मीटर, 5 सेमी = 5 x 10 = 50 मीटर! सही!

अब पोस्ट ऑफिस (A) करीम के घर (E) से मानचित्र में 12 सेमी. की दूरी पर है! तो बताइए, पोस्ट ऑफिस (A) और करीम के घर (E) में वास्तविक दूरी क्या होगी? ____________________

उत्तर : अगर 1 सेमी. = 10 मीटर, 12 सेमी = 12 x 10 = 120 मीटर! सही उत्तर!

लेकिन आप एक पक्षी की तरह उड़ कर E से A तक सीधे नहीं जा सकते! आपको सड़क पर चलना होगा!

अब करीम के घर से पोस्ट ऑफिस कितनी दूर है? मानचित्र पर सेमी. में दूरियाँ मापिये :

E से C = ____________________ सेमी.

C से M = ____________________ सेमी.

M से B = ____________________ सेमी.

B से A = ____________________ सेमी.

इन दूरियों को जोड़ के करीम के घर से पोस्ट ऑफिस मानचित्र पर दूरी = ____________________ सेमी.

वास्तविक दूरी = मानचित्र की दूरी ____________________ सेमी. 10 मीटर = ____________________ मीटर

दिशा :

कई नक्शों के ऊपर सीधे हाथ की तरफ तीर का जैसा निशान होता है। इसके ऊपर उत्तर भी लिखा है। उत्तर का क्या मतलब ? उत्तर का मतलब है उत्तर दिशा, नीचे दक्षिण दिशा, सीधे हाथ की तरफ पूर्व और उल्टे हाथ की तरफ पश्चिम दिशा होती है। इन्हे प्रधान दिग्बिंदु कहते हैं।



चित्र 4.8 : प्रधान दिग्बिंदु – चार मुख्य दिशाएँ



चित्र 4.9 : प्रधान दिग्बिंदु और चार बीच की दिशाएँ

शिक्षक संकेत :

बोर्ड पर यह रेखा चित्र बनाएं (चित्र 4.9)

इनके बीच की चार दिशाएँ होती हैं – उत्तर-पूर्व, दक्षिण-पूर्व, दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पश्चिम।



चित्र 4.10 : दिक्सूचक

दिक्सूचक

मैडम जी ने एक गोल घड़ी जैसी चीज निकाली। इसमें एक सूई ऊपर से थोड़ी लाल थी। यह सुई हमेशा उत्तर दिशा को दिखाती है। नीचे वाली सुई का भाग दक्षिण दिशा को दिखाता है। मैडम जी ने इस यंत्र का नाम दिक्सूचक बताया। यह यंत्र भी दिशाओं को बता सकता है।

अंग्रेजी में इस यंत्र को कम्पास (Compass) कहते हैं।

अपने साथी के साथ चित्र 4.7 से निम्नलिखित दिशाओं का पता लगाइएः

1. विकास के घर से सामुदायिक केंद्र की दिशा ? ____________
2. दुकानों से विद्यालय की दिशा ? ____________
3. पोस्ट ऑफिस से करीम के घर की दिशा ? ____________
4. खेल के मैदान से विकास के घर की दिशा ? ____________

प्रतीक :

मानचित्र का तीसरा महत्वपूर्ण घटक प्रतीक हैं। मानचित्र पर कुछ विभिन्न विशेषताओं के वास्तविक आकार दिखाना संभव नहीं है। विशेषताओं, जैसे इमारतों, सड़कों, पुलों, पेड़ों, रेलवे लाइनों या कुएं आदि को कुछ निशान द्वारा दिखाया जाता है। चित्र 4.11 में यह निशान दिखाए हैं। इन्हें प्रतीक या रूढ़ चिन्ह कहते हैं। पूरी दुनिया में यह प्रतीक समान होते हैं।



चित्र 4.11 : प्रतीक

अपने साथी के साथ नीचे दी गयी जगह में एक ख्याली शहर का मानचित्र बनाइये और शहर के कुछ जरूरी पाँच या छह स्थान दिखाएं जैसे रेलवे स्टेशन, पोस्ट ऑफिस, पुल, पेड़, बस्ती, पुलिस स्टेशन इत्यादि। लेकिन मानचित्र पर जगहों के नाम न लिख कर प्रतीकों का प्रयोग करें।

हमने सीखा :

- मानचित्र पृथ्वी की सतह या इसके एक भाग का पैमाने के माध्यम से चपटी सतह पर खींचा गया चित्र है।
- मानचित्र विभिन्न प्रकार के होते है, जिनमे प्रमुख है भौतिक मानचित्र, राजनीतिक मानचित्र और थिमैटिक मानचित्र।
- मानचित्र के तीन घटक हैं : दूरी, दिशा और प्रतीक।
- दूरी पैमाने के माध्यम से दर्शायी जाती है, दिशा दर्शाने के लिए प्रधान दिग्बिंदु और चार बीच की दिशाओं का प्रयोग किया जाता है, और प्रतीक चिन्ह होते हैं, जिन के द्वारा मानचित्र पर कुछ विशेषताएँ दिखाई जाती हैं।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : राजनीतिक मानचित्र पर सीमा किस चिन्ह से दिखाते हैं ?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 2 : राजनीतिक मानचित्र पर राजधानी किस चिन्ह से दिखाते हैं ?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 3 : हमें मानचित्र की आवश्यकता क्यों होती है ?

उत्तर : ____________________

____

प्रश्न 4 : मानचित्र पर दिशाएँ कैसे दिखाते हैं ?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 5 : हम मानचित्र पर दूरी कैसे समझते हैं ? उदाहरण दे कर समझाइए।

उत्तर : ____________________

प्रश्न 6 : दिक्सूचक क्या है ? उसके प्रयोग का उदाहरण दे कर समझाएं।

उत्तर 6 : ____________________

____

प्रश्न 7 : मानचित्र पर प्रतीक क्यों जरूरी हैं? उदाहरण दे कर समझाएं।

उत्तर 7 : ______________________________

____

प्रश्न 8 : प्रधान दिग्बिंदु कौन से हैं? रेखाचित्र बनाकर में नीले रंग में लिखें। प्रधान दिग्बिंदु के बीच की दिशाओं को लाल रंग में लिखें।

उत्तर 8 : ______________________________

____

मानिकलाल का मकान

मानिकलाल कक्षा 6 का छात्र है। उसकी कक्षा की साथी लता ने जब मानिकलाल के जन्मदिन पर उसके घर का रास्ता पूछा तो उसने नक्शा बना कर दे दिया।



अब आप सोच समझकर बताएँ :

प्रश्न 1 : लता का घर मानिकलाल के मकान से कितनी दूरी पर है? (नक्शे मे सड़क के रास्ते को फुट से नापें)

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : लता को पोस्ट ऑफिस से किस दिशा की ओर जाना चाहिए?

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : किस संकेत से तालाब को बताया गया है?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : यदि इस नक्शे मे 1 सेमी की दूरी असल मे 1द्र मीटर हो तो लता के घर से मानिकलाल के मकान की दूरी कितनी है?

उत्तर 4 :

प्रश्न 5 : इस संकेत PO से क्या दिखाया गया है?

उत्तर 5 :

प्रश्न 6 : स्कूल कौन सी दिशा में है?

उत्तर 6 :

प्रश्न 7 : बारात घर किस दिशा में है?

उत्तर 7 :

प्रश्न 8 : नीचे दिए गये डब्बों को भरिये।



यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

शिक्षक संकेत :

1. कक्षा मे ग्लोब भी रखें और इसकी तुलना बच्चों को ही मानचित्र से करने दें।
2. इस बात पर चर्चा करें कि पर्यटक अपने साथ मानचित्र क्यों रखते हैं? वे उसमे बार बार क्या देखते हैं?
3. कार्बन पेपर से या बटर पेपर से नक्शों को छापें।
4. किसी नक्शे के सभी घटकों की खाली रेखा मानचित्र पर हुबहू नकल करें।
5. दो-दो के समूहों में नक्शे में जगह ढूंढ़ने का खेल खेलें।
6. अपने हाथ से भारत का नक्शा बनाने का अभ्यास करें।
7. भारत के राज्यों को खाली नक्शे में सही जगह पर भरने का अभ्यास करें ।
8. भौतिक मानचित्र पर पर्वत, मैदान और पहाड़ी प्रदेशों में क्रमशः भूरा, हरा और पीला रंग भरवाएं।

शिक्षक को बुलावा :

यदि विद्यार्थी अब अपने आप नक्शा बनाएं और एक जगह से दूरी जगह तक का रास्ता, दिशाओं सहित, दर्शाएं और लिखें तो यह अधिगम का हस्तांतरण (Transfer of Learning) का सबूत होगा। जैसे : स्कूल से अपने घर जाने के रास्ते का मनचित्र बनाओ और दिशाएं बताते हुए रास्ता शब्दों में लिखो। करा के देखिये कितना सीखें हैं आपके छात्र!

पाठ 5

हमारा देश : भारत

(NCERT पाठ 7)

हम क्या सीखेंगे :

- महाद्वीप तथा महासागर क्या हैं और कहाँ हैं?
- भारत देश के पड़ोसी देश कौन-कौन से हैं?
- भारत में राजनीतिक और प्रशासनिक विभाजन किस प्रकार हैं?
- भारत में विभिन्न भौतिक स्वरूप किस प्रकार के हैं और कौन-कौन से हैं?

आपके सवाल :

पाठ के शीर्षक को ध्यान से पढ़िए, इसे पढ़ने पर आप के मन में कौन-कौन से सवाल उठते हैं? उन्हें नीचे दी गई जगह में लिखिए और इन सवालों के जवाब पाठ में ढूंढ़ने की कोशिश करें।

हम जानते हैं :

1. ग्लोब पर या विश्व के मानचित्र पर 7 महाद्वीप हैं और भारत एशिया महाद्वीप में स्थित है।
2. अक्षांश-देशान्तर क्या है।
3. मानचित्र के क्या घटक हैं।

आओ कदम बढ़ाएँ :

प्रश्न 1 : भारत किस महाद्वीप में है?

भाग-1 : महाद्वीप और महासागर

फोकस प्रश्न

1. विश्व के मानचित्र में कौन-कौन से महाद्वीप और महासागर हैं?



चित्र 5.1 विश्व–महाद्वीप और महासागर

चित्र 5.1 देखिये और बताइयेः

प्रश्न 1 : विश्व में कितने महाद्वीप हैं और उनके नाम क्या हैं?

उत्तर : विश्व में __________ महाद्वीप हैं।

महाद्वीपों के नाम हैं:

1. __________ 5. __________

2. __________ 6. __________

3. __________ 7. __________

4. __________

प्रश्न 2 : विश्व में कितने महासागर हैं और उनके नाम क्या हैं?

उत्तर : विश्व में __________ महासागर हैं।

महासागरों के नाम हैं:

1. ____________ 2. ____________

3. ____________ 4. ____________

5. ____________

प्रश्न 3 : भारत किस महाद्वीप में स्थित है ?

उत्तर : ____________________________

प्रश्न 4 : भारत के दक्षिण में ____________ महासागर है।

प्रश्न 5 : सही उत्तर चुनिए:

1. भारत उत्तरी / दक्षिणी गोलार्ध में स्थित है।
2. भारत पश्चिमी / पूर्वी गोलार्ध में स्थित है।

विचारों की तिजोरी :

पृथ्वी पर सात प्रमुख महाद्वीप हैं: एशिया, यूरोप, अफ्रीका, उत्तर अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, आस्ट्रेलिया तथा अंटार्कटिका।

विश्व में पाँच मुख्य महासागर माने जाते हैं : अटलांटिक, प्रशांत, आर्कटिक, दक्षिणी और हिंद महासागर।

भारत कहाँ स्थित है :

शिक्षक संकेत :

कक्षा में भारत का राजनीतिक नक्शा, भारत का भौतिक नक्शा और ग्लोब होना जरूरी है। हर स्टेप पर नक्शा की सहायता से समझाइए।

स्टेप 1. अपनी अभ्यास पुस्तिका (कॉपी) में भारत का मानचित्र बनाइये।

स्टेप 2. नीचे दी गयी जानकारी के अनुसार दोनों अक्षांश, दोनों देशांतर और कर्क रेखा दर्शाइए।

भारत उत्तरी गोलार्ध में अक्षांश 8.4' ऊ. और 37.6' ऊ. के बीच स्थित है (चित्र 5.2)।

उत्तरी अक्षांश रेखा 23.5° कर्क रेखा कहलाती है। कर्क रेखा भारत के बीचों बीच, पश्चिम में गुजरात से लेकर पूर्व में मिज़ोरम तक कुल आठ राज्यों से होकर गुज़रती है (चित्र 5.4)।

पश्चिम से लेकर पूर्व तक भारत का विस्तार 68 डिग्री 7 मिनट (68° 7') पर्वू से लेकर 97 डिग्री 25 मिनट (97° 25') पूर्व देशांतर के बीच है।

भारत में लगभग 30 (29.3) देशांतर है। (गुजरात से अरुणाचल प्रदेश)

1 देशांतर बढ़ने पर 4 मिनट समय का फ़र्क आ जाता है। इस प्रकार पूरे भारत में ही दो घंटे का फर्क आ जाता है। (30 x 4 मिनट = 120 मिनट = 2 घंटे)।

भारत के लगभग बीच से गुज़रती हुई खड़ी रेखा (देशांतर) 82° 30' पूर्व को शहर मिर्ज़ापुर से गुजरती है। इसी से भारत का मानक समय भी तय होता है। इसे भारत का मानक याम्योत्तर भी कहते हैं।



चित्र 5.2

शिक्षक संकेत :

छात्र स्थानिक समय और भारतीय मानक समय में अंतर ठीक से समझ लें।

दिल्ली 77° 6' पश्चिम पर स्थित है। जब मिर्ज़ापुर में दोपहर के 12 बजते हैं तो दिल्ली का स्थानीय समय अनुसार सुबह के 11.30 बजते हैं। स्थानीय समय दोपहर के 12 बजे सूर्य आकाश में अपने उच्चतम बिन्दु पर होता है। दिल्ली के स्थानीय समय के अनुसार दोपहर के 12 बजे, मिर्ज़ापुर में स्थानीय समय अनुसार 12.30 होंगे।

विचारों की तिजोरी :

हम जानते हैं कि वस्तुओं की छाया सूर्योदय और सूर्यास्त के समय सबसे लंबी है, और स्थानीय समय ठीक दोपहर के 12 बजे सबसे छोटी होती है।

क्या जाना क्या सीखाः

प्रश्न 1 : भारत किन अक्षांशों के मध्य स्थित है ?

उत्तर :

प्रश्न 2 : भारत किन देशांतरों के मध्य स्थित है?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 3 : भारत का मानक समय रेखा कौन से देशांतर पर स्थित है?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 4 : भारत का मानक याम्योत्तर कौन से शहर में स्थित है?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 5 : कर्क रेखा किन किन राज्यों से होकर गुजरती है? (मानचित्र में देखिए और लिखिए)

उत्तर : ____________________

भाग-2 : भारत के पड़ोसी देश

फोकस प्रश्न

1. भारत के पड़ोसी देश कौन-कौन से देश हैं?

छोटे समूह में मिलकर भारत के पड़ोसी देश कौन से हैं नीचे लिखिए:

1. ______	6. ______
2. ______	7. ______
3. ______	8. ______
4. ______	9. ______
5. ______	

शिक्षक संकेत :

शिक्षक छात्रों से उत्तर कर ब्लैकबोर्ड पर लिखें।

स्टेप 2 : भारत का नक्शा बनाएं और पड़ोसी देश दिखाएं।

स्टेप 3 : 5.3 में देखें और अपने नक्शे से मिलाए। यदि कुछ पड़ोसी देशों के नाम ठीक न हों तो उन्हें सही करें।



चित्र 5.3 : भारत एवं उसके पड़ोसी देश

यह भी जानें :

भारत बहुत बड़ा देश है। उत्तर में यह हिमालय के ऊँचे शिखरों से घिरा है। पश्चिम में अरब सागर, पूर्व में बंगाल की खाड़ी और दक्षिण में हिंद महासागर हैं। (भारत और श्रीलंका को पाक जलसंधि अलग करती है।) कुछ देशों की स्थलीय सीमा तथा कुछ देशों की जलीय सीमा भारत देश से जुड़ी है।

क्या जाना क्या सीखाः

प्रश्न 1 : किन 7 देशों की स्थलीय सीमा भारत से जुड़ी है ?

1. __________ 5. __________

2. ______ 6. ______

3. ______ 7. ______

4. ______

प्रश्न 2 : भारत की दक्षिण के दो पड़ोसी देश कौन से हैं? (जलीय)

1. ______ 2. ______

प्रश्न 3 : भारत के उत्तर के तीन पड़ोसी देश कौन से हैं ?

1. ______ 3. ______

2. ______

प्रश्न 4 : भारत के पूर्व के 2 पड़ोसी देशों के नाम लिखो।

1. ______ 2. ______

प्रश्न 5 : भारत के पश्चिम के 2 पड़ोसी देशों के नाम लिखो।

1. ______ 2. ______

प्रश्न 6 : ऐसे 5 पड़ोसी देशों के नाम लिखिए जिनकी सीमाएँ भारत देश और समुद्र से जुड़ी हैं ।

1. ______ 4. ______

2. ______ 5. ______

3. ______

प्रश्न 7 : कौन सी जलसंधि भारत को श्रीलंका से अलग करती है?

उत्तर 7 : ______

भाग-3 : भारत के राज्य

फोकस प्रश्न

भारत के कितने राज्य हैं और वह कहाँ स्थित हैं?

चित्र 5.4 : भारत का राजनीतिक मानचित्र

स्टेप 1 : नीचे दिये गए स्थान में जितने राज्य आप को याद हैं उनके नाम लिखिए।

शिक्षक संकेत :

सभी राज्यों की सूची कॉपी में तैयार करवाएं।

स्टेप 2 : छोटे समूह में साथियों के साथ चर्चा करके जो राज्य आपसे छूट गए हों उनको भी अपनी सूची में जोड़ें।

स्टेप 3 : जो नक्शा भाग-1 में आपने बनाया था, उस पर भारत के राज्यों की स्थिति बताएं। पेंसिल का उपयोग करें ताकि सही करना हो तो कर सकेंगे।

अब इन प्रश्नों के उत्तर ढूंढिए:

प्रश्न 1 : सबसे बड़ा राज्य कौन सा है ?

उत्तर 1 : ____________________

प्रश्न 2 : सबसे छोटा राज्य कौन सा है ?

उत्तर 2 : ____________________

भारत का कुल क्षेत्रफल 32.8 लाख वर्ग किलोमीटर है। भारत उत्तर से दक्षिण 3200 किलोमीटर तथा पूर्व से पश्चिम 2900 किलोमीटर है। सन 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल आबादी भी लगभग 125 करोड़ थी जबकि चीन की आबादी 134 करोड़ थी।

भारत में कुल 29 राज्य हैं जिनका निर्माण मुख्यतः भाषाओं के आधार पर हुआ है। भारत में 7 केंद्र शासित प्रदेश भी हैं। राजस्थान क्षेत्रफल के आधार पर सबसे बड़ा तथा गोआ सबसे छोटा राज्य है। आबादी के आधार पर उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा और सिक्किम में सबसे कम लोग रहते हैं। भारत की राजधानी दिल्ली है।

शिक्षक संकेत :

शिक्षक केन्द्रशासित का अर्थ स्पष्ट करें व सूची तैयार करवाएं।

क्या जाना क्या सीखाः

प्रश्न 1 : भारत के कौन-कौन से राज्य समुद्र के किनारे स्थित हैं?

1. ________ 2. ________

3. ________ 4. ________

5. ________ 6. ________

7. ________ 8. ________

9. ________ 10. ________

11. ________ 12. ________

प्रश्न 2 : भारत को कितने राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों में बाँटा गया है?

राज्य ________ केंद्र-शासित प्रदेशों ________

प्रश्न 3 : भारत के दो ऐसे राज्यों के नाम लिखिए जो क्षेत्रफल में बहुत छोटे हैं।

1. ________ 2. ________

प्रश्न 4 : भारत के राज्य और उनकी राजधानी दिए हुए नक्शे पर लिखिए और रंग भरें।

उत्तर 4 : ________

भाग-4 : भारत का भौतिक स्वरुप

फोकस प्रश्न

भारत में कौन-सी मुख्य स्थलाकृतियाँ पाई जाती हैं?

चित्र 5.5 : विभिन्न स्थलरुप

भारत के भौतिक विशेषताएँ पढ़ने से पहले पृथ्वी के विभिन्न स्थलरुप को समझें।

- पहाड़ी : एक स्थलीय भाग जो आस-पास की भूमि से ऊँची उठी होती है।
- पर्वत : 600 मीटर से अधिक ऊँचाई एवं खड़ी ढाल वाली पहाड़ी को पर्वत कहा जाता है।
- पर्वत श्रृंखला : बहुत सारे पहाड़ या पर्वत, जहाँ एक पर्वत दूसरे पर्वत से जुड़ा रहता है। पर्वत श्रृंखला कहलाते हैं।
- मैदान : मैदान समतल भूमि के बहुत बड़े भाग होते हैं। वे सामान्यतः मध्य समुद्र तल से 200 मीटर से अधिक ऊंचे नहीं होते।
- पठार : पठार उठी हुई एवं सपाट भूमि होती है। यह आस पास के क्षेत्रों से अधिक उठा होता है तथा इसका उपरी भाग मेज के सामान सपाट होता है।
- प्रायद्वीप : भूमि का वह भाग जो तीन तरफ जल से और एक तरफ स्थल से घिरा होता है।
- द्वीप : द्वीप वो भूमि का टुकड़ा होता है जो चारों और पानी से घिरा हुआ हो।
- खाड़ी : भूमि का वह भाग जो तीन तरफ से भूमि और एक तरफ जल से घिरा हो।

अभ्यास

अपनी कॉपी में एक चित्र बनाएं जहाँ विभिन्न स्थलाकृतियाँ हो और उनके नाम भी लिखिए।

भारत के भौतिक मानचित्र को देखकर अपने साथी के साथ नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये।



चित्र 5.6 : भारत का भौतिक मानचित्र

प्रश्न 1 : उत्तर में भारत किस पर्वत के ऊंचे शिखरों से घिरा है?

उत्तर 1 : ______

प्रश्न 2 : पश्चिम और पूर्व के सागरों के नाम बताइए।

उत्तर 2 : ______

प्रश्न 3 : मानचित्र में कौन से पठार दिखाए हैं?

उत्तर 3 : ______

प्रश्न 4 : मरुस्थल मानचित्र में कहाँ है? दिशा बताइए।

उत्तर 4 : ______

प्रश्न 5 : पर्वतों की कौन-कौन सी श्रंखला दिख रही हैं?

उत्तर 5 : ______

आप जानते हैं कि मानचित्र पर भूरा रंग पर्वत दिखाता है, नीला रंग जल, हरा रंग मैदान और पीला रंग पठार।

भारत में कुल 6 भौतिक स्वरूप हैं (चित्र 5.7) :

- उत्तरी पर्वत : भारत के उत्तर में पहरेदार जैसी हिमालय पर्वत माला है।
- मैदान : पर्वत के नीचे उत्तर का उपजाऊ मैदान।
- थार मरुस्थल : भारत के पश्चिम में थार मरुस्थल है।
- प्रायद्वीपीय पठार : मैदान के नीचे प्रायद्वीपीय पठार।
- तटीय मैदान : पूर्वी किनारे पर और पश्चिमी किनारे पर तटीय मैदान।
- द्वीप : पूर्व में अंडमान-निकोबार द्वीप समूह व पश्चिम में लक्षद्वीप समूह हैं।

इस प्रकार भारत के कुल 6 भौतिक विभाग हैं।



चित्र 5.7 : भारत के भौतिक विभाग

शब्द भंडार :

उपजाऊ : मिट्टी जिसमें पौषक तत्व हो।

हिमालय (हिम+आलय) का मतलब होता है बर्फ का घर। हिमालय से निकलने वाली नदियों में साल भर पानी रहता है क्योंकि यह धीरे-धीरे पिघलती बर्फ से बनती हैं। सबसे उत्तर में हिमाद्री या हिमालय पर्वत की श्रृंखला है। इसके नीचे या दक्षिण में मध्य हिमालय या हिमाचल है और सबसे नीचे या हिमाचल के नीचे शिवालिक श्रृंखला है। हिमालय की नदियाँ अपने साथ लाए उपजाऊ मिट्टी (जलोढ़) को मैदानी भागों में बिछा देती हैं। इसलिए मैदान उपजाऊ है, यहाँ पेड़ पौधे, अनाज के खेत, फलों के बाग सब पनपते हैं ।



भारत का दक्षिण का आकार, गाजर जैसा त्रिभुज भाग, यही प्रायद्वीपीय पठार है। इस पठार के कई भाग हैं जिनमे से एक दक्कन का पठार हैं। प्रायद्वीपीय यानि 'तीन' ओर पानी से घिरा स्थल तथा दक्कन का मतलब दक्षिण है। इसके उत्तर पश्चिम में विश्व की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला अरावली स्थित है। पठार के साथ-साथ समुद्र किनारे पूर्वी और पश्चिमी समुद्र तटीय मैदान हैं, साथ ही पूर्व में बंगाल की खाड़ी में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा पश्चिम में अरब सागर में लक्षद्वीप समूह स्थित है।

लक्षद्वीप प्रवाल द्वीप समूह है जो कि छोटे समुद्री जंतुओं के कंकालों से बनते हैं। कंकाल के ऊपर कंकाल जमा होते होते द्वीप बन जाते हैं।

क्या जाना क्या सीखाः

प्रश्न 1 : भारत के महा मरुस्थल का नाम लिखें।

उत्तर 1 : ____________________

प्रश्न 2 : भारत में कुल कितने भौतिक स्वरूप हैं ? उनके नाम लिखिए।

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : विश्व की सबसे पुरानी श्रृंखला कौन सी है?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : मरुस्थल में पेड़-पौधे कैसे होते हैं और क्यों ?

उत्तर 4 :

प्रश्न 5 : हिमालय पर्वत को किन-किन समानांतर श्रृंखलाओं में बाँटा जाता है ?

उत्तर 5 :

प्रश्न 6 : उत्तर के मैदान उपजाऊ क्यों हैं ?

उत्तर 6 :

प्रश्न 8 : प्रायद्वीपीय पठार की 2 पर्वत श्रृंखलाओं के नाम लिखिए।

1. ______ 2. ______

भारत की नदियाँ

शिक्षक संकेत :

छात्रों को दिये गए चारों स्टेप अपने आप करने दें, बस नजर रखें कि सब को कार्य समझ आ रहा है।

स्टेप 1 : चित्र 7.3 को देख कर प्रश्न आपको जितनी नदियाँ दिखती हैं उनके नाम लिखिए।

शिक्षक संकेत :

छात्रों से पूछ कर उत्तर और दक्षिण की नदियों के नाम ब्लैकबोर्ड पर लिखें. फिर नक्शे पर दिखाएं यह नदियाँ कहाँ शुरू होती हैं, कैसे बहती हैं और कहाँ समुद्र में गिरती हैं।

स्टेप 2 : अब अपने साथी के साथ मिलकर देखिये क्या कुछ नदियां छूट गयी हों तो उन्हें भी लिख दें।

स्टेप 3 : नक्शे को देख कर आप दोनों साझा करें कौन सी नदियाँ उत्तर भारत में हैं और कौन सी दक्षिण भारत में हैं। उत्तरी नदियों के डब्बे में ''उ०'' और दक्षिणी नदियों के डब्बे में ''द०'' लिख दें।

स्टेप 4 : उत्तर भारत की नदियों में हिमालय से निकलने वाली सिंध, गंगा, ब्रह्मपुत्र तथा उनकी सहायक नदियाँ हैं। गंगा और ब्रह्मपुत्र पूर्व में बंगाल की खाड़ी में गिरती हैं। गंगा और ब्रम्हपुत्र नदियाँ समुद्र में गिरने से पहले संसार का सबसे बड़ा डेल्टा बनाती हैं, जिसे सुंदरवन का डेल्टा कहा जाता है। यह त्रिभुजाकार है। सिंध नदी अरब सागर में गिरती है

दक्षिण भारत के पूर्वी तट पर पूर्वी घाट है। यह बीच-बीच में टूटा हुआ तथा असमान हैं।

पश्चिमी तट पर फैली पश्चिमी घाट पर विस्तार एक समान रूप में है। यही विंध्य और सतपुड़ा पर्वत श्रृंखलाएं हैं। नर्मदा और तापी नदियाँ भी यहीं बहती हैं, जो कि डेल्टा नहीं बनतीं क्योंकि वह बहुत तेज बहती हैं, और सीधा अरब सागर में गिर जाती हैं।

पश्चिमी घाट के पश्चिम में तथा पूर्वी घाट के पूर्व में तटीय मैदान स्थित हैं। पश्चिमी तटीय मैदान काफी सेकरे हैं, जबकि पूर्वी तटीय मैदान चौड़े हैं। वहाँ पूर्व की ओर बहने वाली नदियाँ हैंः महानदी, गोदावरी, कृष्णा तथा कावेरी बंगाल की खाड़ी में गिरती हैं। यह नदियाँ बंगाल की खाड़ी में गिरने से पहले डेल्टा बनाती हैं।



चित्र 5.8 : भारत की मुख्य नदियाँ

क्या जाना क्या सीखाः

प्रश्न 1 : पूर्वी घाट की ओर समुद्र में गिरने वाली नदियाँ कौन सी हैं ?

उत्तर 1 : ____________________

प्रश्न 2 : कौन सी दो नदियाँ पश्चिमी घाट की ओर बहती है ?

उत्तर 2 : ____________________

प्रश्न 3 : संसार का सबसे बड़ा डेल्टा कहाँ स्थित है ?

उत्तर 3 : ____________________

प्रश्न 4 : उत्तर और दक्षिण भारत की नदियों में क्या अंतर है ?

उत्तर 4 :

प्रश्न 5 : नर्मदा और तापी नदियाँ डेल्टा क्यों नहीं बनातीं ?

उत्तर 5 :

भारत के द्वीप समूह

भौतिक मानचित्र पर बंगाल की खाड़ी में छोटे-छोटे बिंदु गोले की एक लाइन ढूंढिए। यह अंडमान निकोबार द्वीपों का समूह है। ऐसे ही बाईं तरफ अरब सागर में नीचे की ओर लक्षद्वीप समूह है। दक्षिण भारत में केरल के तट से कुछ दूर स्थित प्रवाल द्वीप है।

2004 में सुनामी से अंडमान निकोबार द्वीप का दक्षिणी बिंदु, इंदिरा पॉइंट समुद्र में समा गया था। सुनामी समुद्र तट पर भूकंप आने के कारण विशाल सागरीय तरंगों का तूफान होता है। यह बहुत ही विनाशकारी प्राकृतिक आपदा है।

छात्र अपने भौतिक मानचित्र में अंडमान निकोबार द्वीपों का समूह और लक्षद्वीप समूह को डालें।

विचारों की तिजोरी :

मालदीप और श्रीलंका भी एक द्वीपीय देश है।

क्या जाना क्या सीखा:

प्रश्न 1 : भारत में कौन से दो द्वीप समूह हैं ?

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : भारत का दक्षिणी पड़ोसी देश कौन है जो लक्षद्वीप के पास स्थित है ?

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : लक्षद्वीप किस सागर में स्थित है ?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : अंडमान निकोबार द्वीप समूह किस सागर में स्थित है ?

उत्तर 4 :

हमने सीखा :

भारत एक बहुत बड़े भौगोलिक विस्तार वाला देश है। हिमालय से हिंद महासागर तक और अरब सागर से बंगाल की खाड़ी तक यह फैला हुआ है। इसमें मरुस्थल भी है, पर्वत भी, पठार भी , मैदान भी और द्वीप समूह भी। भारत में 29 राज्य, 7 केंद्र शासित प्रदेश है। भारत के आसपास 9 पड़ोसी देश हैं। कर्क रेखा 23.30' उत्तरी अक्षांश भारत के बीच से गुजरती है। 82°30' पूर्वी देशांतर भारत का मानक याम्योत्तर है। भारत में 6 मुख्य भौतिक स्वरूप हैं।

अभ्यास

प्रश्न 1 : प्रायद्वीप किसी द्वीप से कैसे भिन्न होता है ?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 2 : भारत का कौन–सा भाग एक प्रायद्वीप हैं ?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 3 : किसी एक पहाड़ी राज्य का नाम लिखिए।

उत्तर : ____________________

प्रश्न 4 : किसी एक मैदानी राज्य का नाम लिखिए।

उत्तर : ____________________

प्रश्न 5 : पाक जलसंधि भारत को किस पड़ोसी देश से अलग करती है ?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 6 : प्रवाल द्वीप क्या है ?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 7 : आप कहाँ निवास करते हैं ? यह क्षेत्र पहाड़ी है, मैदानी है या पठारी ?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 8 : अध्यापिका–अध्यापक जी या फिर माता–पिता की मदद से अपने राज्य के बारे में लिखकर तालिका भरिए।

1. राज्य का नाम	2. राज्य की राजधानी	3. राज्य की दिशा	4. जनसंख्या
5. मुख्यमंत्री का नाम	6. प्रमुख भाषा	7. जलवायु	8. प्रमुख नदी
9. प्रमुख पर्वत	10. पठार/मैदान/तट/ मरुस्थल	11. मुख्य भोजन	12. मुख्य पोषक
13. मुख्य पर्व	14. मुख्य नृत्य	15. वन एवं जीव-जंतु	16. अन्य प्रसिद्ध स्मारक
17. राज्य का मानचित्र कटिंग चिपकायें।			

18. राज्य से संबंधित कोई चित्र चिपकायें।

B. भारत के राजनीतिक खाली (blank) मानचित्र में राज्य और केंद्र शासित प्रदेश दिखाइए। उनकी राजधानियों के नाम स्मरण रखें।

C. भारत के भौतिक खाली (blank) मानचित्र में पड़ोसी देश तथा भारत के भौतिक स्वरूप दिखाइए और नाम लिखिए। आप रंगों का भी प्रयोग कर सकते हैं। नदियां और उनके बहने की दिशाएं, पर्वत श्रृंखलाएं, द्वीप समूह, मरुस्थल, दक्कन पठार, पश्चिम और पूर्व घाट भी दर्शाएं।

D. सोचिये : अपना मानचित्र बना कर उसे ऊपर दिए गए भौतिक मानचित्र से मिलाइये।

प्रश्न 1 : आपने क्या क्या सीखा ?

उत्तर 1 : ______________________________

____

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

____

____

____

____

____

पाठ 6

हमारा पर्यावरण

(NCERT पाठ 1)

हम क्या सीखेंगे :

- अपने पर्यावरण को जानेंगे तथा हमारे जीवन में इसके महत्त्व को समझेंगे।
- पर्यावरण के विभिन्न अंगों और उनके आपसी सम्बन्ध को जानेंगे।
- पर्यावरण में बदलाव और इसके संरक्षण को समझेंगे।

आपके सवाल :

पाठ के शीर्षक को ध्यान से पढ़िए। इसे पढ़ने पर आपके मन में कौन-कौन से सवाल उठते हैं? उन्हें नीचे दी गई जगह में लिखिए और इन सवालों के जवाब पाठ में ढूंढ़ने की कोशिश करें।

हम जानते हैं :

- हमारे चारों ओर बहुत से लोग जैसे-मेरा परिवार, मेरे दोस्त,मेरे रिश्तेदार आदि होते हैं।
- बहुत से जीव-जन्तु व पेड़-पौधे होते हैं
- बहुत सी वस्तुएँ होती हैं जो मेरे काम आती हैं।

भाग-1 : पर्यावरण और उसके अंग

फोकस प्रश्न

जो मेरे चारों और होता है उसे क्या कहते हैं?

हमें अपने चारों ओर क्या-क्या दिखाई देता है, सोचिये और दिए हुए खाली स्थानों पर लिखिएः



हमें अपने चारों ओर क्या-क्या दिखाई देता है

शिक्षक संकेत :

ब्लैकबोर्ड पर इस प्रकार माइंड मैपिंग कराएं ।

इन सभी चीजों से मिलकर हमारा पर्यावरण बनता है।

शब्द भण्डार : पर्यावरण = परि + आवरण

परि : चारों ओर

आवरण : घेरा हुआ

पर्यावरण – जो भी हमारे आसपास हमे दिखाई देता है या महसूस होता है उसे 'पर्यावरण' कहते हैं। किसी भी प्राणी के चारों ओर पाए जाने वाले लोग, स्थान, वस्तुएँ एवं प्रकृति उसके पर्यावरण के अंग होते हैं।

मेरा पर्यावरण

क्या मेरे आस-पास दिखने वाली सभी चीजों को इन्सान ने बनाया है: (सोचिए और लिखिए)

इन चित्रों को देखिए और पहचानिए इनमें क्या अंतर है। (नीचे दिए गए स्थान पर लिखिए)



शिक्षक संकेत :

छात्रों के उदाहरण ब्लैकबोर्ड पर लिखें और चर्चा करें।

हमारे चारों ओर कुछ वस्तुओं का निर्माण प्रकृति ने किया है तथा कुछ वस्तुओं का निर्माण मानव द्वारा किया गया है।

प्राकृतिक : हमें जो प्रकृति से मिलता है, जैसे हवा, पानी, पर्वत, पेड़-पौधे, पशु-पक्षी आदि।

मानव-निर्मित : वह वस्तुएँ जिसका निर्माण मानव ने किया है जैसे- पेन, पेन्सिल, इमारत, कार, खिलौने, बर्तन आदि।

क्या मेरे आस-पास दिखने वाली सभी चीजें जीवित है?---

इन चित्रों को देखिए और पहचानिए इनमें क्या अंतर है। (नीचे दिए गए स्थान पर लिखिए)





जीव व अजीव दोनों हमारे पर्यावरण के अंग हैं।

जीव : जीव अर्थात 'जीवन के साथ' जो भी जीवित है (सांस लेते हैं, बड़े होते हैं) वह जीव कहलाते हैं जैसे- पशु-पक्षी, पेड़-पौधे, मनुष्य।

अजीव : जिनमें जीवन नहीं होता वह अजीव वस्तुएँ कहलाते हैं जैसे- घड़ी, किताब, घर, गाड़ी आदि।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : पर्यावरण किसे कहते हैं?

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : फूलों की पत्तियों में आसपास दिखने वाली चीजों के नाम लिखो और जीव में हरा व अजीव में लाल रंग भरिए।



देखिये और लिखिए

प्रश्न 3 : फूलों की पत्तियों में आसपास दिखने वाली चीजों के नाम लिखिए और मानव निर्मित वस्तुओं में नीला रंग तथा प्राकृतिक वस्तुओं में पीला रंग भरिए।



(हम पत्तियों में लाइन, बिंदु व शेड भी कर सकते हैं।)

आओ खेलें :

एक छोटे समूह में मिलकर अपने विद्यालय में जीव-अजीव, प्राकृतिक व मानव निर्मित वस्तुओं की सूची बनाएं। (कोई 10)

Note - (शिक्षक बारी-बारी से हर समूह से एक-एक शब्द बोलने को कहें और बाकी समूहों से बोले जाने वाला शब्द अगर उन्होंने लिखे हैं तो काटने के लिए कहें। जिस समूह के पास बिलकुल अलग शब्द बचे वह जीत जाएगा।)

भाग-2 : पर्यावरण के घटक

फोकस प्रशन

अपने पर्यावरण को हम विभिन्न भागों में कैसे बाँट सकते हैं ?



पर्यावरण के घटक

पर्यावरण के तीन मुख्य घटक होते हैं :

1. प्राकृतिक पर्यावरण : प्राकृतिक पर्यावरण में जीव और अजीव दोनों शामिल होते हैं।

2. मानव निर्मित पर्यावरण : मानव निर्मित पर्यावरण में मानव द्वारा बनाई गई रचनाएँ शामिल होती हैं। जैसेः सड़क, पुल, पार्क, इमारत आदि।

3. मानव : मानव पर्यावरण का उपयोग व निर्माण करता है इसलिए वह पर्यावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा व घटक है।

इस प्रकार प्राकृतिक पर्यावरण में जीवीय व अजीवीय शामिल हैं और मानवीय पर्यावरण में मानव द्वारा की जाने वाली गतिविधियाँ, आपसी व्यवहार व रचनाएँ शामिल होती हैं।

भूमि, जल, वायु, पेड़-पौधे एवं जीव-जन्तु मिलकर प्राकृतिक पर्यावरण बनाते हैं ,इसे निम्न प्रकार समझा जा सकता है:



- आप कहाँ रहते हो ? ______________________
- आपका घर कहाँ बना है ? ______________________
- आपके घर के पास दुकान, पार्क, आपके रिश्तेदार का घर किस पर / कहाँ बना हुआ है? __________
- किसान खेती कहाँ पर करते हैं? ______________________
- आपने लालकिला देखा है, वो किस पर बना हुआ है? ______________________

Note: (शिक्षक इस प्रकार प्रश्न करें व छात्रों को स्वयं निष्कर्ष निकलने दें.....)

पूरी दुनिया में जहाँ भी लोग रहते हैं, खेती करते हैं, मैदान,पर्वत,पार्क सब स्थलमंडल कहलाता है।

शब्द भण्डार :

स्थल	:	स्थान
मंडल	:	क्षेत्र
स्थलमंडल	:	पृथ्वी की ठोस परत
जलमंडल	:	जल का क्षेत्र

स्थलमंडल : हमारी पृथ्वी की ऊपरी ठोस परत (जिस पर हम रहते हैं) स्थलमंडल कहलाती है। यह पत्थर और मिट्टी की पतली परत से मिलकर बनती है। इस पर पर्वत, मैदान, पहाड़, गांव, शहर, वन आदि होते हैं । पशुओं के लिए घासस्थल व खनिज संपदा भी यहीं होते हैं ।

प्रश्न 1 : आपने जल को कहाँ-कहाँ व किस रूप में देखा है?

उत्तर 1 : ______________________________

____

पूरी दुनिया में जहाँ भी जल का क्षेत्र होता है वह जलमंडल कहलाता है।

जलमंडल : जलमंडल में पूरे संसार की नदियाँ, तालाब, झीलें, सागर, महासागर शामिल होते हैं। जल के क्षेत्र को जलमंडल कहा जाता है।

प्रश्न 1 : जीने के लिए क्या जरुरी है?

उत्तर 1 : ______________________________

____

प्रश्न 2 : क्या वायु नजर आती है?

उत्तर 1 : ______________________________

____

प्रश्न 3 : क्या होगा अगर वायु नही होगी?

उत्तर 1 : ______________________________

____

वायुमंडल : पृथ्वी के चारों ओर फैली वायु की परत को वायुमंडल कहते हैं। ये सूर्य की झुलसाने वाली गर्मी व हानिकारक किरणों से हमारी रक्षा करती है। वायुमंडल में परिवर्तन होने से मौसम और जलवायु का परिवर्तन होता है।

प्रश्न 1 : किन्हीं पाँच सजीवों के नाम लिखिए:

उत्तर 1 : ______________________________

जैवमंडल : जहाँ भी स्थल,जल और वायु मिलते हैं वहीं जीवन सम्भव हो पाता है। मनुष्य, पेड़-पौधे, जीव-जन्तु मिलकर जैवमंडल का निर्माण करते हैं।

पर्यावरण के क्षेत्र

मानवीय पर्यावरण

मानव बहुत पहले जंगलो में रहता था उसकी आवश्यकताएं कम थीं व जीवन सरल था। धीरे-धीरे उसने अपना घर व परिवार बनाया। मानव द्वारा कृषि एवं पशुपालन किया जाने लगा, गाँव और बस्तियाँ भी बसने लगीं। वह आसपास रहने वाले लोगों के संपर्क में आने लगा। नई तकनीकों का प्रयोग कर अब खूब अन्न उपजाया जाने लगा व कई अन्य काम भी किये जाने लगे। लोग एक-दूसरे के साथ आपसी व्यवहार करने लगे जैसेः किशन मिट्टी के बर्तन बनाने का काम करता था और मदन गेहूँ उगाता था। किशन अपनी जरुरत के लिए मदन से गेहूँ लेता था और बदले में उसे बर्तन देता था। एक दूसरे के साथ आपस में वस्तुओं को बदलना वस्तु-विनिमय कहलाता है। इस पद्धति में धन का लेन-देन नही किया जाता था।आज भी आपस में, अपने समाज में, राज्यों में तथा बड़े-बड़े देशों के बीच वस्तु-विनिमय पद्धति को अपनाया जाता है।

हमारा एक-दूसरे के साथ आपसी व्यवहार करना मानवीय पर्यावरण का हिस्सा है।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : प्राकृतिक पर्यावरण में क्या क्या शामिल है ?

उत्तर 1 : ____________________

प्रश्न 2 : सही मिलान करोः

i. जैवमंडल	पृथ्वी को घेरने वाली वायु की चादर
ii. वायुमंडल	जलीय क्षेत्र
iii. जलमंडल	हमारे आसपास का क्षेत्र
iv. पर्यावरण	पेड़-पौधे जीव और जंतु

प्रश्न 3 : मानवीय पर्यावरण में क्या शामिल है ?

उत्तर : ____________________

____

प्रश्न 4 : मानव किस प्रकार पर्यावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा है ?

उत्तर : ____________________

____

प्रश्न 5 : वस्तुओं की अदला-बदली करना क्या कहलाता है ?

उत्तर : ____________________

____

भाग-3 : पारितंत्र

फोकस प्रश्न

क्या सभी स्थानों पर एक जैसी प्राकृतिक विशेषतायें व जीव-जन्तु पाए जाते है ?

कक्षा में चर्चा :

जेस्सी : वाह, इतनी तेज बारिश! मुझे तो अपना केरल याद आ गया।

हीरा : केरल! क्या वहाँ इतनी अधिक बारिश होती है?

जेस्सी : हाँ! हमारे यहाँ हरे-भरे खेतों और नारियल के बागान में लगातार बारिश होती है।

हीरा : मैं तो जैसलमेर में रहता हूँ और हमारे यहाँ वर्षा होती ही नहीं है। दूर-दूर तक रेत नजर आती है और कुछ एक कीकर के पेड़ ही दिखाई देते हैं ।

रवि : हीरा, तुम्हारे वहाँ ऊँट भी तो होते हैं।

हीरा : हाँ, ऊँट के साथ-साथ सांप, छिपकली एवं अनेक कीट भी देखने को मिलते है।

> जैसलमेर राजस्थान में है, भारत के मानचित्र में राजस्थान और केरल को ढूँढ़िए। (मानचित्र पाठ के अंत में दिया है)

रवि : इसका अर्थ हुआ विभिन्न स्थानों पर पाए जाने जीव जन्तु,पेड़ पौधे और लोगों के रहन-सहन के तरीके भी भिन्न-भिन्न होते हैं।

शिक्षक : बिलकुल सही रवि यह किसी स्थान का परितंत्र कहलाता है जिसमे किसी एक क्षेत्र (समतल भूमि, वन, पहाड़, जलाशय, सागर आदि) में रहने वाले समस्त जीव हवा, मिट्टी व जल के साथ तालमेल रख कर जीते हैं ।

कोई भी क्षेत्र विशेष जहाँ सभी पेड़-पौधे, जीव-जन्तु एवं मानव अपने आसपास के पर्यावरण पर आश्रित होते हैं। जीवधारियों का जीवन जीने के लिए एक-दूसरे पर निर्भर होना व आसपास के पर्यावरण के साथ सम्बन्ध पारितंत्र का निर्माण करता है।

शिक्षक संकेत :

छात्रों से पूछें यह किस जगह का चित्र है और चित्र में क्या-क्या दिखाई दे रहा है और जो शब्द वे दें, उन्हें ब्लैकबोर्ड पर लिखें, फिर पारितंत्र की और थोड़ी चर्चा करें।

एक ताल का परितंत्र

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : पारितंत्र का क्या अर्थ है ?

उत्तर 1 : ____________________

____



पारितंत्र

प्रश्न 2 : उपरोक्त चित्र में दर्शाए गए विभिन्न पारितंत्रों का वर्णन करिये।

i. ____________________

ii. ____________________

iii. ____________________

प्रश्न 3 : अपने क्षेत्र (पारिस्थितिक तंत्र) में पाए जाने वाले दो जीव (पशु या पक्षी) और दो पेड़ के नाम लिखो।

उत्तर 1 : ____________________

भाग-4 : पर्यावरण में बदलाव

फोकस प्रश्न

जिस पर्यावरण में आप रहते हैं क्या वो हमेशा से ऐसा ही है ?

पर्यावरण में बदलाव क्यों और कैसे होता है ?



सीता की कहानी से आपको पर्यावरण के बदलाव के बारे में क्या समझ आ रहा है? अपने साथी के साथ चर्चा कर के पर्यावरण के बदलाव पर अपने विचार लिखिए।

अपने चारों ओर रोजाना काम में आने वाली वस्तुओं को देखो। इनका निर्माण किसी न किसी कारखाने में हुआ होगा। आपकी पानी की बोतल, आपका बस्ता, कपड़े, मोटर आदि सब।

कारखानों में काम करने के लिए मजदूर भी गाँव से आकर शहरों में बस गए होंगे। अब उनके रहने के लिए कोई जगह बनाना हो, बड़ी इमारतें बनानी हों, कारखानों का धुआँ या उनका दूषित जल हो, यही पर्यावरण को प्रभावित करता है। इसे पर्यावरण में बदलाव कहा जाता है।

ये बदलाव हमारे लिए सहायक भी होते हैं परंतु आवश्यकता से अधिक होने पर यह हमारे पर्यावरण को हानि पहुँचाते हैं।

अत्यधिक जनसंख्या व प्रदूषण भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। वस्तुओं का सही प्रकार उपयोग हमारे पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहायक हो सकता है।

हम निम्न तीन बातों को ध्यान में रखकर अपने पर्यावरण का संरक्षण कर सकते हैं। इन्हें 3R के नाम से जाना जाता है।

REDUCE – उपभोग को कम करना।

RECYCLE – वस्तुओं का पुनः चक्रण (पिघला कर दोबारा बनाना)।

REUSE – वस्तुओं का पुनः उपयोग।

शिक्षक संकेत :

कक्षा को छोटे समूहों में बाँटे और उन्हें कुछ प्रश्नों की सूची तैयार करने को कहें जो कि जानकरी लेते समय पूछे जा सकते हैं।

कार्य-कलाप :

अपने परिवार में किसी बुजुर्ग से अपने आसपास हुए किसी बदलाव के बारे में जानें और लिखें।

पर्यावरण में बदलाव किस प्रकार पर्यावरण को हानि पहुँचा सकता है, कुछ उदाहरण दे कर लिखिए।

खाली स्थान भरिए :

R_____D_____C_____

R____C____C____E

R____U____E

दाल और चावल को धोने के बाद बचे हुए पानी को गमले में डालना क्या कहलाएगा ____________ ?

हमने सीखा :

जो भी जीव व अजीव घटकों का समूह हमारे चारों ओर है वह हमारा पर्यावरण होता है।

पर्यावरण प्राकृतिक व मानवीय घटकों से मिलकर बनता है। प्राकृतिक पर्यावरण में जीव और अजीव दोनों शामिल होते है। मानवीय पर्यावरण में मानव और मानव द्वारा बनाई गई रचनाएँ शामिल हैं। इस प्रकार पर्यावरण को मुख्य रूप से तीन अंगो व घटकों में बाँटा जा सकता है।

(1) प्राकृतिक पर्यावरण (2) मानव निर्मित (3) मानव।

मानव सबसे महत्वपूर्ण घटक है क्योंकि वह पर्यावरण का उपयोग व निर्माण करता है।

प्राकृतिक पर्यावरण में स्थलमंडल, जलमंडल, वायुमंडल व जैवमंडल शामिल होते हैं ।

मानव द्वारा की जाने वाली सभी गतिविधियाँ मानवीय पर्यावरण का हिस्सा हैं जिसमे मानव मानव के साथ आपसी व्यवहार करता है। वस्तु विनिमय पद्धति इसी में आती है जिसमे किसी सामान के बदले अपनी जरूरत का कोई सामान ले लिया जाता है। इसमें धन का लेन देन नहीं किया जाता।

किसी क्षेत्र विशेष में जहाँ सभी जीवधारी अपने आसपास के पर्यावरण व एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं वह उनका पारितंत्र कहलाता है।

पर्यावरण हमारे जीवन का मूल आधार है, यह हमें सांस लेने के लिए हवा, पीने के लिए जल, खाने के लिए भोजन एवं रहने के लिए भूमि प्रदान करता है।

मानव अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्यावरण का उपयोग व रचनाओं का निर्माण करता है। इसे प्राकृतिक पर्यावरण में बदलाव करना कहते हैं। सावधानी पूर्वक पर्यावरण का उपयोग करने से इसका संरक्षण किया जा सकता है।

अभ्यास

प्रश्न 1 : पर्यावरण के प्रमुख घटक कौन-कौन से हैं?

उत्तर 1 : ______________________________

____

प्रश्न 2 : सभी स्थानों में एक जैसा पारितंत्र क्यों नहीं होता है?

उत्तर 2 : ______________________________

____

प्रश्न 3 : जैवमंडल क्या है ?

उत्तर 3 : ______________________________

____

प्रश्न 4 : वस्तु विनिमय प्रणाली किसे कहा जाता है?

उत्तर 4 : ______________________________

____

प्रश्न 5 : प्रत्येक के विषय में एक या दो वाक्य लिखिए :

i. स्थलमंडल ______________________________

____

ii. जलमंडल ______________________________

____

iii. वायुमंडल ______________________________

____

iv. जैवमंडल ______________________________

____

प्रश्न 6 : सही उत्तर पर निशान लगाएं :

i. इनमें से कौन सा पर्यावरण के लिए खतरा है ?

a. वर्षा वृद्धि b. जनसंख्या वृद्धि c. फसल वृद्धि

ii. निम्न में से कौन सा मानव निर्मित पर्यावरण का घटक है:

a. जल b. पहाड c. इमारतें

iii. इनमे से कौन सा 3R से जुड़ा है :

a. REFRESH b. REUSE c. RESTORE

iv. अपनी आवश्यकता के अनुसार वस्तुओं को एक-दूसरे से बदलना कहलाता है :

a. बदलाव b. मानव निर्मित c. वस्तु विनिमय

प्रश्न 7 : अपने आसपास स्थलमंडल को देखें और वहां क्या क्या बना है उसकी सूची बनाइए।

उत्तर 7 : ____________________

प्रश्न 8 : जल के चार उपयोग बताइए।

उत्तर 8 : ____________________ ____________________

____________________ ____________________

प्रश्न 9 : (i) स्कूल से घर जाते हुए आसमान को देखिये और लिखिए आज मौसम कैसा है- धूप है, बारिश है, कोहरा है इत्यादि।

(ii) मौसम सम्बंधी घटनाएँ कौन से मंडल में होती हैं ?

उत्तर 9 : (i) ____________________

(ii) ____________________

प्रश्न 10: आप अपने आस-पास कैसा पर्यावरण चाहते हैं, उसका एक चित्र बनाइए।

उत्तर

प्रश्न 11 : सही करके लिखिए :

i. पर्यावरण के 5 घटक होते हैं ।

ii. पृथ्वी के चारो ओर फैली वायु की परत को जलमंडल कहते हैं ।

iii. जिसमें जान नहीं होती वह सजीव होता है।

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

पाठ 7
वायु
(NCERT पाठ 4)

हम क्या सीखेंगे :

वायु विभिन्न पदार्थों का मिश्रण है और पृथ्वी पर वायु का स्वरुप कैसा है।

वायु हमारे जीवन के लिए कई तरह से उपयोगी है। कैसे ?

मौसम और जलवायु पर वायु का प्रभाव।

आपके सवाल :

पाठ के शीर्षक को ध्यान से पढ़िए। इसे पढ़ने पर आपके मन में कौन-कौन से सवाल उठते हैं ? उन्हें नीचे दी गई जगह में लिखिए और इन सवालों के जवाब पाठ में ढूँढ़ने की कोशिश करें।

भाग-1 : वायुमंडल

फोकस प्रश्न

यदि हमें वायु न मिले तो क्या होगा ?

वायुमंडल – पृथ्वी के चारों ओर फैले वायु के आवरण को वायुमंडल कहते है।



चित्र-1

वायुमंडल की प्रमुख गैसः

जीवित रहने के लिए वायु चाहिए
वायु पेड़ पौधों से उत्पन्न होती है
वायु मौसम और जलवायु को प्रभावित करता है

नाइट्रोजन : वायु-मंडल का बड़ा भाग नाइट्रोजन गैस से बना है, जो पेड़ पौधों के बढ़ने में सहायक होती है।

शब्द भण्डार :

प्रचुरता	:	बड़ी मात्रा में उपलब्धत
आवरण	:	परत
ऑक्सीजन	:	प्रचुरता में मिलने वाली दूसरी गैस जो सभी जीव-जन्तुओ व मनुष्यों के जीवित रहने के लिए आवश्यक है।

कार्बन डाईऑक्साइड : मनुष्य व जीव-जन्तु दोनों ऑक्सीजन लेते हैं और कार्बन डाईऑक्साइड छोड़ते हैं। इसके विपरीत पेड़ पौधे कार्बन डाईऑक्साइड लेते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं। इस तरह वायुमंडल का संतुलन बना रहता है।

संवाद :

बच्चा	:	वायु क्या है ?
अध्यापक	:	वायु जीवन है।
बच्चा	:	वायु कहाँ मिलती है ?
अध्यापक	:	हर स्थान पर जहाँ हम रहते हैं।
बच्चा	:	क्या हम वायु को देख सकते हैं ?
अध्यापक	:	हाँ, देख भी सकते हैं और नहीं भी।
बच्चा	:	वो कैसे ?
अध्यापक	:	आओ देखें।

चित्र-2 : उड़ते हुए गुब्बारे की सहायता से

चित्र-3 : उड़ते हुए पत्तों की सहायता से

चित्र-4 हवा भरी हुई टायर की ट्यूब से

चित्र-5 हवा से भरी हुई फुटबाल से

वायु को दर्शाते हुए ऐसी वस्तुओं के अन्य उदहारण खोजो जिन में हवा भरी होती है या हवा की सहायता से उड़ती और हिलती हैं।

1. ______________ 2. ______________

3. ______________ 4. ______________

ऑक्सीजन की मात्रा ज्यादा पेड़ लगने से बढ़ती है व प्रदूषण से इसकी मात्रा घटती है।

ग्लोबल वार्मिंग : प्रति वर्ष वायु मंडल में करोड़ों टन कार्बन डाईआक्साइड की बढ़ोतरी होती है जिससे पृथ्वी का तापमान बढ़ जाता है जो मौसम ओर जलवायु को प्रभावित करता है। ''पृथ्वी के तापमान में वृद्धि को ग्लोबल वार्मिंग कहते हैं।''

पृथ्वी के तापमान में वृद्धि के कारण :

1. वाहनों का बढ़ता धुआँ, पेट्रोल, डीज़ल, कोयला का बड़ी मात्रा में उपयोग।
2. फैक्ट्री के द्वारा निकलता धुआँ आदि।
3. बड़ी मात्रा में पेड़ों का काटा जाना।

पेड़-पौधे मत करो नष्ट,
साँस लेने में होगा कष्ट।



चित्र-6

पृथ्वी के चारों ओर वायु की परतें हैं जिन्हें वायुमंडल कहते हैं। पृथ्वी पर सभी जीव-जन्तु वायुमंडल पर निर्भर हैं। वायुमंडल सूर्य की हानिकारक किरणों से हमारी रक्षा करता है। यदि वायुमंडल न हो तो हम सूर्य की अत्यधिक गर्म किरणों से जल सकते हैं और रात के समय अत्यधिक ठण्ड से जम सकते हैं। अतः वायुमंडल पृथ्वी पर रहने योग्य स्थिति बनाए रखता है।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : मिलान करो : (वायुमंडल में गैसों की मात्रा)

i. ऑक्सीजन	a. 0.04%
ii. नाइट्रोजन	b. 21%
iii. कार्बन डाईऑक्साइड	c. 0.03%
iv. अन्य गैसें	d. 78%

प्रश्न 2 : रिक्त स्थान भरो : (ऑक्सीजन, कार्बन डाइऑक्साइड, प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, ऑक्सीजन)

i. वायु मंडल में प्रचुरता में मिलने वाली दूसरी गैस ____________

ii. मनुष्य व जीव जंतु ____________ सांस के द्वारा लेते हैं।

iii. पेड़ पौधे ____________ छोड़ते हैं।

iv. ____________ से ऑक्सीजन की मात्रा में कमी आती है।

v. पृथ्वी के तापमान में वृद्धि को ____________ कहते है।

भाग-2 : वायु मंडल की परतें



चित्र 4.2 : वायुमंडल की परतें

<u>फोकस प्रश्न</u>

वायु मंडल की परतें आपस में कैसे जुड़ी हुई हैं?

वायुमंडल की 5 परतें होती हैं। ये परतें पृथ्वी की सतह से आरंभ होती हैं।

1. **क्षोभमंडलः** यह वायुमंडल की सबसे महत्वपूर्ण परत है। इसकी ऊँचाई पृथ्वी से 8–13 कि.मी. तक है। हम इसी वायुमण्डल की परत में साँस लेते हैं। मौसम सम्बन्धी सभी घटनाएँ इस क्षोभमंडल में होती हैं। जैसे वर्षा, बादल, बिजली चमकना, तूफान–आंधी का आना, आदि।

2. **समताप मंडलः** क्षोभमंडल के ऊपर की परत को समताप मंडल कहते हैं। यह 50 कि.मी. तक की ऊँचाई तक फैली है। इस परत में तापमान एक समान होता है। हवाई जहाज उड़ाने के लिए यह परत उपयुक्त है। इसी के अंदर ओजोन गैस की परत है, जो सूर्य से आने वाली हानिकारक गैसों से हमारी रक्षा करती है।

3. **मध्य मंडल :** यह वायुमंडल की तीसरी परत है। यह समताप मंडल के ठीक ऊपर की परत है। यह लगभग 80 कि.मी. ऊँचाई तक फैली है। अंतरिक्ष से आने वाले उल्का पिंड इस परत पर आने पर जल जाते हैं।

4. **बाह्या/आयन मंडल :** यह वायुमंडल की चौथी परत है। इसकी ऊँचाई 80 से 400 कि.मी. तक फैली है। इस परत में बढ़ती ऊँचाई के साथ तापमान भी तेजी से बढ़ता है।

   वायरलेस (wireless) संचार जैसे मोबाइल, इंटरनेट, रेडियो आदि के उपयोग के लिए इस परत का इस्तेमाल होता है। पृथ्वी से प्रसारित रेडियो तरंगें इस परत द्वारा पुनः पृथ्वी पर भेज दी जाती हैं।

वायुमंडल की 5 परतें हैं।

सभी परतें महत्वपूर्ण हैं।

यह पांचों परतें अलग अलग तरह से हमारे लिए उपयोगी हैं।

5. **बहिर्मंडल :** वायुमंडल की अंतिम और सबसे ऊपर की परत है। हल्की गैस जैसे हीलियम और हाइड्रोजन यहाँ से अंतरिक्ष में तैरती है। यह वायुमंडल की सबसे अंतिम परत है।

कुछ तथ्य

- ऊपर की तरफ जाने पर ऑक्सीजन की मात्रा कम हो जाती है। पृथ्वी पर इसकी मात्रा अधिक है। पृथ्वी पर ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने में पेड़-पौधों का बड़ा योगदान है।
- वायुमंडल छन्नी की तरह काम करता है एवं सूर्य से आने वाली हानिकारक किरणों, अंतरिक्ष से आने वाले उल्का पिंड आदि से हमारी रक्षा करता है।
- अंतरिक्ष में आवाज नहीं होती क्योंकि वायु के माध्यम से ही ध्वनि एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचती है।
- प्रदूषण के कारण वायुमंडल जहरीला होता जा रहा है। इसे स्वच्छ बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाए।

शिक्षक संकेत :

विद्यार्थियों के विचार ब्लैक बॉर्ड पर लिखें व चर्चा करें।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : मौसम की सभी घटनाएँ वायुमंडल की किस परत में होती है ?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 2 : हवाई जहाज वायुमंडल की किस परत में उड़ते हैं ?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 3 : ओजोन परत हमारी रक्षा किससे करती है ?

उत्तर :

प्रश्न 4 : पहचानो और वायुमंडल की परतों के नाम लिखो :



भाग-3 : मौसम एवं जलवायु

फोकस प्रश्न

वायुमंडल मौसम को कैसे प्रभावित करता है ?



ध्रवीय क्षेत्रों में सूर्य की किरणें नहीं पहुच पाती इसलिए यह ध्रुवीय क्षेत्र साल भर ठण्डे रहते हैं।

<u>मौसमः</u> वायुमंडल में प्रत्येक घंटे तथा दिन प्रति दिन के बदलाव को मौसम कहते हैं। आद्र और गर्म मौसम, हवादार मौसम, ठंडा मौसम और वर्षा का मौसम ये सभी मौसम के प्रकार हैं। मौसम नाटकीय रूप से दिन प्रतिदिन बदलता है।

<u>जलवायुः</u> लंबे समय तक किसी स्थान का औसत मौसम उस स्थान की जलवायु कहलाता है। ध्रुवों पर जलवायु हमेशा ठंडी रहती है।

<u>तापमानः</u> आप रोजाना जिस तापमान का अनुभव करते हैं वह वायुमंडल में मौजूद ताप और शीतलता का मिश्रित रूप है।

> वायुमंडल का तापमान रात, दिन और ऋतुओ के अनुसार बदलता है।
>
> गाँवों की अपेक्षा नगरों का तापमान ऊँचे भवन, अधिक जनसँख्या और अत्यधिक प्रदुषण के कारण अधिक होता है।
>
> सूर्य की किरणें पृथ्वी के बीच (सामने की तरफ़) में पड़ती हैं इसीलिए भू-मध्य रेखा के ऊपर और नीचे के क्षेत्रों में तापमान सूर्य की गर्मी के कारण बदलता रहता है।

<u>वायुदाबः</u> वायुमंडल में पायी जाने वाली विभिन्न गैसों के भार को वायुदाब कहते है।



> उपर जाने पर वायुदाब कम होता जाता है क्योंकि वायु की परतें ऊपर से नीचे की ओर बल लगाती हैं इसलिए भूमि पर वायुदाब अधिक होता है

धरातल के समीप वायु का भार अधिक होती है। ऊपर या ऊंचाई पर जाने पर वायु का दबाव कम होता है।

भारी वायु - ठंडें क्षेत्र में वायु दाब अधिक होता है (ध्रुवीय ठन्डे क्षेत्र)

हल्की वायु - गर्म क्षेत्र में वायु दाब कम रहता है। (रेगिस्तान)

वायु की गति-पवन

पवनें वायु का नियम है कि हवा उच्चदाब क्षेत्र से निम्न दाब क्षेत्र की ओर चलती है। वायु की इस गति को पवन या हवा कहते हैं। पवन मंद गति व तेज गति से चलती है। अत्यधिक तेज पवनें हल्की चीजों को उड़ा ले जाती हैं। तूफान के समय मजबूत पेड़ो को भी उखाड़ फेंकती हैं।

पवनें तीन प्रकार की होती हैंः

1. **<u>स्थायी पवनें</u>** - ये हवाएं हमेशा चलती रहती हैं और इनकी दिशा भी निश्चित होती है। जैसे व्यापारिक पवनें, पछुआ पवनें, ध्रुवीय पवनें।
2. **<u>स्थानीय पवनें</u>** - जो पवने किसी स्थान विशेष में चलती हैं जैसे उत्तर भारत की गर्म पवन 'लू' स्थानीय पवने होती है।
3. **<u>मौसमी/सामयिक पवनें</u>** - किसी मौसम में या विशेष समय में चलने वाली हवाएं - जैसे भारत में गर्मी में चलने वाली मानसूनी हवा जो अपने साथ बारिश लाती हैं। स्थलीय हवा जो रात को जमीन से समुद्र की ओर चलती है। समुद्री हवा जो दिन के समय समुन्द्र से जमीन की तरफ चलती है।

<u>चक्रवात</u> : चक्रवात अत्यधिक तेज गति से चलने वाली पवन है। यह 'गोल आकृति' का रूप लिए तूफान की तेजी से किसी स्थान पर विनाश का कारण बनती है। यह जल व थल दोनों में आ सकती है। यह अत्यधिक विनाशकारी होती है।



चित्र 10

वर्षा के प्रकार

- **संवहनी वर्षा** मैदानी वर्षा
- **पर्वतीय वर्षा**
- **चक्रवाती वर्षा**

पौधों और जीव जंतुओं के जीवति रहने के लिए वर्षा बहुत महत्त्वपूर्ण है। इससे पृथ्वी को ताजा जल प्राप्त होता है। कम वर्षा सूखा लाती है और अधिक वर्षा बाढ़ लाती है।

1. **संवाहनी वर्षा :** मैदानी क्षेत्रों में गर्म वायु से जल वाष्पित होकर बादल का रूप लेता है, जिससे सामान्य वर्षा होती है।



संवहनी वर्षा

2. **पर्वतीय वर्षा :** बादल जब वायु के वेग से चलकर ऊँचे पर्वतों से टकराकर वहीं वर्षा कर देते हैं तो उस वर्षा को पर्वतीय वर्षा कहते हैं।



चक्रवाती वर्षा

3. **चक्रवाती वर्षा :** इस प्रकार की वर्षा गर्म और शीतल वायु राशियों के आपस में मिलने से होती है, क्योंकि हल्की गर्म वायु ऊपर उठती है तथा भारी शीतलता वायु नीचे बैइती है। अतः ऊपर ठने वाली वायु ठंडी होकर वर्षा करने लगती है।

पर्वतीय वर्षा

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : अत्यधिक गर्म मौसम में आप क्या खाते और पीते हैं सुची बनाओ 5-5 चीजें खाने और पीने की।

	खाने की चीजें	पीने की चीजें
i.	____________	____________
ii.	____________	____________
iii.	____________	____________
iv.	____________	____________
v.	____________	____________

प्रश्न 2 : मौसम और जलवायु में क्या अंतर होता है?

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : ध्रुवों पर कैसा मौसम पाया जाता है?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : ठन्डे क्षेत्रों में वायु दाब कैसा पाया जाता है ?

उत्तर 4 :

प्रश्न 5 : पवनें कितनी प्रकार की होती हैं?

उत्तर 5 :

प्रश्न 6 : **सही-गलत** : सही वाक्य पर (✓) व गलत वाक्य पर (×) निशान लगायें।

i. चक्रवात अत्यधिक तेज चलने वाली पवनें हैं। ☐

ii. वायु में जल की मात्रा को आद्रता कहते हैं। ☐

iii. गर्म और ठंडी वायु के मिलने पर चक्रवाती वर्षा होती है। ☐

iv. बादल की बूंदों को वर्षा कहते हैं। ☐

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

पाठ 8

जल

(NCERT पाठ 5)

हम क्या सीखेंगे :

जल का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्त्व होता है।

जल का चक्र और जल के स्रोत क्या होते हैं।

ज्वार भाटा क्या होता है और इसके बनने के कारण क्या हैं।

महासागर में जल धाराओं के बारे में जानेंगे।

आपके सवाल :

पाठ के शीर्षक को ध्यान से पढ़िए। इसे पढ़ने पर आपके मन में कौन-कौन से सवाल उठते हैं? उन्हें नीचे दी गई जगह में लिखिए और इन सवालों के जवाब पाठ में ढूँढ़ने की कोशिश करें।

भाग-1 जल चक्र

फोकस प्रश्न

जल कहाँ से आता है?



चित्र-1 जल चक्र

जल चक्र एक प्रक्रिया है, जिसमें भूमि पर उपलब्ध जल सूर्य के प्रकाश से गर्म होने पर भाप बनकर उड़ जाता है। इस प्रक्रिया को जलवाष्प कहते हैं। ऊपर जाकर ये वाष्प एकत्र होकर बादल का रूप लेता है। बादल वर्षा बनकर भूमि पर जल के रूप में गिरता है।

मुख्य तत्व :

जल के तीन रूप होते हैं :

1. जल या पानी
2. भाप या गैस
3. हिम या बर्फ

शब्द भण्डार :

वाष्पित	:	जल-भाप के रूप में
संघनन	:	भाप का पानी में बदलना
जलवाष्प	:	जल का भाप बनना
वर्षा	:	जल की बूंदें

ऐसा होने का मुख्य कारण है आकाश में ऊपर की सतह पर तापमान कम होना। ठंडा होते ही वाष्प पानी की बूदों में बदल जाता है। आप खुद देखिये -

गैस पर पतीले में पानी रखकर उबलने दो। जब उबलते पानी में से धुआँ जैसा वाष्प उठने लगे तो उस पर ठंडी स्टील की प्लेट कुछ क्षण के लिए रख दो। अब प्लेट हटा कर देखो तो उसमे पानी की बूँदें दिखाई देंगी। वाष्प का फिर पानी में बदलने की प्रक्रिया को **संघनन** कहते हैं।

जब जल की ये बूंदें भारी होती हैं तो ये बूँदें आकाश में नहीं रुक पातीं। अतः यह वाष्पित जल वर्षा की बूंदें बनकर नीचे भूमि पर वापिस आ जाता है। इस तरह यह प्रक्रिया लगातार चलती रहती है। इस जल-चक्र के कारण भूमि पर जल की मात्रा कम नहीं होती।

वाष्पित जल के स्रोत:

1. तालाब
2. झील
3. घड़े का पानी
4. तार पर सूखते कपड़े
5. सागर
6. महासागर

दो स्रोत जहाँ पानी भाप बनकर/वाष्पित होकर ऊपर उड़ जाता है। खाली जगह में भरिए।

1. ____________________
2. ____________________

कुछ प्रसिद्ध झील और नदियों के नाम : वुलर झील, डल झील (कश्मीर), नैनी झील (नैनी ताल) उत्तराखंड, चिल्का झील (उड़ीसा) आदि।

प्रमुख नदियाँ : गंगा नदी, यमुना नदी, ब्रह्मपुत्र नदी, सरस्वती नदी, झेलम नदी, कावेरी नदी, कृष्णा नदी, आदि।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : मिलान करो

i. पानी	(a) जल की बूंदें
ii. भाप	(b) वाष्पित जल
iii. वर्षा	(c) प्रत्येक जीव की जरुरत
iv. संघनन	(d) डल झील
v. कश्मीर	(e) भाप का जल में बदलना

प्रश्न 2 : खुद जांच करके देखें :

i. घर में खाना बनते समय देखें खाना गर्म होने पर भाप उड़ती है।

ii. चाय बनाते समय पानी उबलने पर पानी भाप बनकर उड़ता है।

iii. सर्दियों में नहाने के लिए पानी गर्म करते समय पानी भाप बनकर उड़ता है।

भाग-2 : जल के प्रमुख स्त्रोत

फोकस प्रश्न

पृथ्वी पर पानी कहाँ से आता है?

शब्द भण्डार

हिमखंड : बर्फ के पहाड़

बहुमूल्य : कीमती

महा : विशाल/बहुत बड़ा

पृथ्वी पर जल के प्रमुख स्रोत:

महासागर : पृथ्वी के ठण्डे होने पर लाखों वर्षों तक हुई वर्षा के कारण महासागर और सागरों का निर्माण हुआ।

सागर : जल के वे स्त्रोत जो महासागर से छोटे होते हैं।

नदियां : बड़े-बड़े हिमखंड सूर्य की गर्मी से पिघल कर पानी का रूप लेते हैं जो नदियां बन जाते हैं।

झीलें : झीलें और तालाब के लिए पानी का स्रोत केवल वर्षा है।

तालाब : जब वर्षा का पानी किसी निचली जगह जमा हो जाता है तो वह तालाब का रूप ले लेता है।

हिमखंड : बर्फ के बड़े-बड़े पहाड़। हिमखंड सूर्य की गर्मी से पिघल कर पानी का रूप लेते हैं, और पर्वतों से होते हुए यह पानी नदियों का रूप लेता है। यह प्रक्रिया लगातार चलती रहती है।



चित्र-4 विश्व मानचित्र : कुछ प्रमुख नदियाँ और झीलें

जीवित रहने के लिए जीव-जंतु,पेड़-पौधे आदि को जल की अत्यधिक आवश्यकता होती है। इसीलिए जल बहुमूल्य है। पृथ्वी पर जीवन का एकमात्र स्रोत जल है।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : भूमि पर जल के स्रोत कौन-कौन से है ?

उत्तर 1 : ______________________________

____

प्रश्न 2 : नदियों में पानी कहाँ से आता है ?

उत्तर 2 : ______________________________

____

प्रश्न 3 : पानी बहुमूल्य क्यों है ?

उत्तर 3 : ______________________________

____

प्रश्न 4 : रिक्त स्थान भरो :

i. पृथ्वी पर जीवन का स्रोत _______________ है।

ii. विश्व की सबसे बड़ी नदी _______________ है।

भाग-3 : जल का वितरण

फोकस प्रश्न

पृथ्वी पर उपयोगी जल की मात्रा कितनी है?

हम सभी जानते हैं पृथ्वी पर तीन चौथाई भाग जल से घिरा हुआ है व एक चौथाई भाग जमीन है।



चित्र 6 भूमि के नीचे का जल

महासागर	-	97.3%
बर्फ खंड	-	02.0%
भूमिगत जल	-	00.68%
झीलों का स्वच्छ जल	-	0.009%
स्थलीय समुन्द्र एवं नमकीन झीलें	-	0.009%
वायुमंडल में पानी	-	0.00019%
नदियां	-	0.0001%
कुल जल	-	100.00 %

पृथ्वी पर जल की मात्रा तीन चौथाई है। किन्तु पीने योग्य पानी मात्र लगभग 1% ही उपलब्ध है। लगभग 97.3% पानी नमकीन है।

शब्द भण्डार :

वितरण	:	बाँटना
तीन चौथाई	:	किसी मात्रा को चार भाग में बाँटकर तीन भाग लेना एक भाग छोड़ देना
एक चौथाई	:	किसी मात्रा का चार भाग कर एक भाग लेना व तीन भाग छोड़ना
भूमिगत	:	भूमि के नीचे का

पानी की उपयोगिता

चित्र 7 कुएं से पानी खींचती औरतें

चित्र 8 दूर-दराज से पानी लाती औरतें

जल संरक्षणः

हम वर्षा के द्वारा जल प्राप्त करते हैं और जल को सुरक्षित रखते हैं। यह जल नदियों में, झीलों में, तालाब में, प्लास्टिक टैंक में और अन्य तरीकों से बचाकर रखा जाता है।

विश्व जल दिवस-22 मार्च : इस दिन जल बचाने की विभिन्न विधियों को प्रदर्शित किया जाता है।

चित्र 9 हाथ धोकर टंकी अवश्य बंद करें

चित्र 10 टंकी या पीने के पानी से गाड़ियों की धुलाई न करें

चित्र- 11 नल से टपकता पानी बंद करें

चित्र-12 बर्तन और कपडे धोने के लिए बाल्टी या टब का इस्तेमाल करें जिससे पानी कम खर्च हो।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : पृथ्वी पर सम्पूर्ण जल की मात्रा है।

i. 97.3% ii. 15% iii. 100%

प्रश्न 2 : पीने योग्य पानी की मात्रा है।

i. 97.3% ii. 0.20% iii. 1%

प्रश्न 3 : भूमि के नीचे जल की मात्रा है।

i. 1% ii. 0.68% iii. 100%

प्रश्न 4 : दिए गए तथ्यों पर (✓) या (✗) का निशान लगाए

i. पीने के पानी की मात्रा 100% हैं। ☐

ii. कुऐं का पानी मीठा होता है। ☐

iii. झील का पानी नमकीन होता है। ☐

iv. पृथ्वी पर ज्यादातर जल नमकीन है। ☐

v. भूमि के नीचे जल साफ व मीठा होता है। ☐

भाग-3 : महासागरीय हलचल और जलधाराएँ

फोकस प्रश्न

चन्द्रमा का पृथ्वी के नजदीक आने पर महासागर और सागर में हलचल क्यों होती है?

धारा अर्थात बिना रुके चलना। महासागर और सागर में जल विशाल रूप में गति करता है जिसे जलधारा कहते हैं।

महासागरों में जल हमेशा गति करता है, शांत नहीं रहता।

महासागरीय गतियों को तरंगें, ज्वारभाटा एवं धाराएं कहते हैं।

तूफ़ान में तेज़ वायु चलने पर विशाल तरंगें उत्पन्न होती हैं।

महासागरीय धाराएं गर्म और ठंडी होती हैं।

ठंडी धाराएं ध्रुवों से विषुवत रेखा की ओर चलती हैं और गर्म धाराएं विषुवत रेखा से ध्रुवों की ओर चलती हैं।

अक्सर ठंडी जलधारा गर्म जलधारा की ओर गर्म जलधारा ठंडी जलधारा की ओर चलती है।

चित्र 13 तरंगे

महासागरीय जल– कभी शांत नहीं रहता है। यहाँ जल हमेशा गति करता है। महासागर में गति करने वाली लहरों को तरंगे, ज्वारभाटा एवं धाराएँ कहते हैं।

तरंगे– महासागरीय सतह पर जल लगातार उठता और गिरता रहता है। इन्ही लहरों के उठने और गिरने को तरंगें कहते हैं। कभी कभी अत्यधिक तेज तूफानी हवाओं के कारण ये लहरें 15 मीटर ऊँचाई तक ऊपर उठ जाती है। इन्हें ज्वारीय तरंगें कहते हैं। अब तक की लहरों में सुनामी लहरें तरंगों में सबसे विशाल हैं। ये 150 मीटर मापी गयी थीं। तरंगें ८०० किलो मीटर प्रति घंटे से अधिक की गति से आयी थीं। सुनामी से भारत के तटीय क्षेत्रों में अत्याधिक विनाश हुआ था। 26 दिसम्बर, 2004 भूकंप की तीव्रता 9.0 मापी गयी थी।

ज्वारभाटा- महासागरीय जल का गिरना एवं उठना 'ज्वारभाटा' कहलाता है। जब जल अत्यधिक ऊंचाई तक उठकर तट के बड़े हिस्से को डुबो देता है तो उसे ज्वार कहते हैं और जब जल निम्न स्तर पर आ जाता है और जल पीछे की ओर चला जाता है तो उसे भाटा कहते है। कहीं पर दिन में एक बार ज्वार-भाटा आता है और कहीं पर दो बार भी आता है।

पृथ्वी की सतह पर चन्द्रमा और सूर्य के गुरुत्वाकर्षण शक्ति (खिंचाव) का प्रभाव पड़ता है। इसकी वजह से जल मंडल में कई प्रकार की हलचल होती रहती है।

लघु ज्वार भाटा

जब चन्द्रमा अपने प्रथम और अंतिम चतुषार्थ, अर्थात अमावस्या और पूर्णिमा के सातवें या आठवें दिन में होता है आप चित्र में देख सकते हैं। तब पृथ्वी एवं सूर्य का गुरूत्वाकर्षण बल दो अलग दिशाओं में महासागरीय जल पर पड़ता है, तो परिणाम स्वरुप ज्वार-भाटा कम ऊँचा आता है। इसे लघु ज्वारभाटा कहते हैं।



चित्र-14 लघु ज्वार भाटा

बृहत ज्वार भाटा (Spring Tides)

पूर्णिमा एवं अमावस्या के दिनों में सूर्य, चन्द्रमा और पृथ्वी तीनों एक सीध में होते हैं। इस समय महासागरों का पानी खिंच कर ऊँचा उठने लगता है और सबसे ऊँचे ज्वार आते हैं। इसी ज्वार को बृहत ज्वार कहते है। उच्च ज्वार नौसंचालन में सहायक होता हैं क्योंकि मछलियाँ आसानी से पकड़ी जा सकती हैं।

> बृहत ज्वार भाटा और ब्रहतः ज्वार भाटा दोनों ही स्थति में तीनों एक दिशा में होतें हैं
>
> सूर्य - चंद्रमा - पृथ्वी
> सूर्य - पृथ्वी – चंद्रमा



चित्र-15 बृहत ज्वार भाटा



चित्र-16 बृहत ज्वार भाटा

महासागरीय धाराएँ:

1. महासागरीय धाराएँ निश्चित दिशा में चलती हैं। जो धाराएँ विषुवत रेखा से ध्रुवों की तरफ जाती हैं, उन्हें गर्म धाराएँ कहते हैं और जो धाराएँ ध्रुवों से विषुवत रेखा की तरफ जाती है उन्हें ठंडी जल धाराएँ कहते हैं। ये धाराएँ जिन देशों के तट से होकर बहती हैं, वहां धारा के अनुसार, तटवर्ती इलाको का मौसम ठंडा या गर्म होता है।



चित्र–17

2. जिस स्थान पर ठंडी और गर्म जलधारा मिलती है, वह स्थान मछली पालन का सर्वोत्तम मत्स्यन क्षेत्र माना जाता है। क्योंकि गर्म जल और ठन्डे जल के मिलने से वहां अनेक प्रकार के पानी के पत्ते उत्पन्न होने लगते हैं, जिन्हें प्लैंकटन कहते हैं। इस प्लैंकटन को खाने के लिए तमाम मछलियाँ वहां जमा हो जाती हैं और ये मछली पालन के क्षेत्र बन जाते हैं।
3. ग्रांड बैंक संसार का सबसे बड़ा मछली पालन क्षेत्र है। यहाँ ठंडी जल धारा लैब्रोडोर और गर्म जलधारा गल्फस्ट्रीम दोनों मिलती है।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : महासागरीय सतह पर जल का लगातार उठना व गिरना कहलाता है

i. तरंगें ii. ज्वार भाटा iii. जल चक्र

प्रश्न 2 : दिन में दो बार नियम से जल का उठना व गिरना कहलाता है

i. धारा ii. ज्वार भाटा iii. सुनामी

प्रश्न 3 : 15 मीटर तक उठी विशाल तरंगों को कहते है।

i. जलधारा ii. सुनामी iii. जलचक्र

प्रश्न 4 : उच्च ज्वार कब आते है। ✓ निशान लगाएं

i. जब पृथ्वी का जल चन्द्रमा के निकट होता है ?

ii. जब चन्द्रमा पृथ्वी के जल से दूर होता है ?

iii. जब चन्द्रमा पृथ्वी के पीछे होता है ?

प्रश्न 5 : उच्च ज्वार सहायक होता है। ✓ निशान लगाएं

i. नौसंचाल में सहायक होता है।

ii. मछलियाँ आसानी से पकड़ी जा सकती है।

iii. विद्युत उत्पन्न की जा सकती है।

चित्र 18 विश्व मानचित्र में कुछ प्रमुख जलधाराएँ

आओ जाँच करें :

- अपने घर में बाल्टी में पानी डालकर डंडे की सहायता से पानी को घुमाएं और देखें पानी में किस तरह की गति होती है।
- जांच करें यदि आपने कभी तालाब या झील देखी हो तो पानी किस दिशा में बहता है।
- कोहरा– अधिक गर्मी से जब अधिक सर्दी की ओर मौसम बदलता है तो रात की ठंडी हवा व दिन की गर्म हवा मिलने पर मौसम में नमी आती है, तो कोहरा बनता है। यह हमें जल्दी सुबह या रात के समय दिखाई देता है। जबकि दिन के समय सूर्य की गर्मी से नमी भाप बनकर उड़ जाती है। खुद से अनुसरण करके देखें।

ऐसा क्यों होता है। जानकारी एकत्रित करें।

अभ्यास

प्रश्न 1 : दो ठंडी जलधाराओं के नाम लिखोः

i. ______________ ii. ______________

प्रश्न 2 : दो गर्म जलधाराओं के नाम लिखोः

i. ______________ ii. ______________

प्रश्न 3 : पृथ्वी पर पीने के पानी के मुख्य स्रोत कौन-कौन से हैं ?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : वर्षा की बूँदें कहाँ से आती हैं ?

उत्तर 4 :

प्रश्न 5: जल बचाने के कोई दो उपाय बताएं ?

उत्तर 5 :

प्रश्न 6 : हिमखंड क्या होते हैं ?

उत्तर 6 :

प्रश्न 7 : ज्वार और भाटा में क्या अंतर हैं ?

उत्तर 7 :

प्रश्न 8 : वर्षा के पानी को बचाकर रखने के दो कोई तरीके बताइए।

उत्तर 8 :

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

सामाजिक और राजनीतिक न्याय

पाठ 1
समानता
(NCERT पाठ 1)

हम क्या सीखेंगे :

- भारतीय संविधान हर व्यक्ति को जाति, धर्म, लिंग, भाषा आदि के आधार पर समानता प्रदान करता है।
- देश में समानता का कानून होने के बावजूद हमारे आस पास विभिन्न प्रकार की असमानताएं देखने को मिल जाती है।
- असमानता किस प्रकार मानवीय गरिमा के खिलाफ है।

भाग-1 समानता की समझ

फोकस प्रश्न

सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार क्या होता है व लोकतंत्र में उसका क्या महत्व है?

सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार पर असलम और अंकल की बातचीत को पढ़ते हैं।

शब्द भण्डार :

सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार : सभी व्यस्क जो 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के हैं, उन नागरिकों को वोट देने का अधिकार है. इसमें किसी भी जाति, धर्म, लिंग, भाषा के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होगा।

मानवीय गरिमा : मानव का मानव के प्रति सम्मान करना ही मानवीय गरिमा है।

शिक्षक संकेत :

शिक्षक इस बातचीत/संवाद को दो विद्यार्थियों के बीच में करवा सकते है अथवा विद्यार्थियों या स्वयं मिलकर इसको संवाद की तरह आगे बढाएं।

आज हमारे शहर में चुनाव है। हमारे पड़ोस में रहने वाले गुरदीप अंकल व शम्मी आंटी हमारे घर आये हुए हैं क्योंकि वे अब्बू (पापा) और अम्मी (मम्मी) के साथ वोट डालने जायेंगे । जब तक अब्बू और अम्मी तैयार हो रहे हैं मैने सोचा उनसे कुछ बात ही कर लूंः

असलम : अंकल जी हम वोट क्यों देते हैं?

गुरदीप अंकल : बेटाजी भारत में रहने वाले सभी लोग समान (बराबर) हैं और सभी को अपनी पसंद की सरकार बनाने के लिए वोट देने का अधिकार है ।

असलम : सब समान कैसे हैं? कांता बाई तो बहुत गरीब हैं, क्या वह भी वोट दे सकती हैं?

अंकल : बेटाजी भारत में रहने वाले सभी लोग चाहे अमीर हो या गरीब, बड़े या छोटे, गोरे या काले, स्त्री हो या पुरुष, किसी भी धर्म या जाति के हों, वे समान हैं! जैसे आपके स्कूल में सब एक साथ पढ़ते हैं, मिलकर मिड-डे मील खाते हैं और उनके साथ समान व्यवहार होता है। इसी प्रकार सभी लोग एक लाइन में खड़े होकर वोट देते हैं, फिर चाहे कांता बाई हों या तुम्हारी शम्मी आंटी।

असलम : फिर तो मैं भी चलूंगा आप लोगो के साथ वोट डालने।

अंकल : नहीं बेटाजी, अभी आप 18 साल के नहीं हुए हो। भारत में लोग 18 वर्ष की आयु पुरा करने पर ही वोट दे सकते हैं, जिसे सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार कहते है। जबकि चुनाव लड़ने के लिए कम से कम 25 साल का होना जरुरी है।

असलम : ये सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार क्या है ?

यह भी जानें :

- भारतीय संविधान में हर व्यक्ति समान है चाहे वह कांता हो या भारत के राष्ट्रपति।
- किसी भी व्यक्ति के साथ धर्म, जाति, वर्ग, लिंग, आदि के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता।
- हर व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर जा सकता है जैसे दुकाने, बाजार, आदि।
- अस्पृश्यता/छुआछूत एक कानूनी अपराध है, ऐसा करने वाले को न्यायालय से कड़ी सजा मिलती है।

अंकल : जो लोग 18 वर्ष की आयु के हो जाते हैं उन्हें ही वोट देने का अधिकार मिलता है चाहे वे किसी भी जाति, धर्म, लिंग, भाषा, अमीर, गरीब आदि हो। सभी को समान वोट देने का अधिकार है। उसे सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार कहते है। अब समझ आया।

असलम : आ गया समझ, अब तो मैं अपने दोस्तों को भी बताऊंगा।

अंकल : बहुत अच्छे चलो अब हमें वोट देने जाने दो । सभी लोगो को वोट जरूर देना चाहिए ताकि वो लोकतंत्र में अपनी भूमिका निभा सकें और बाकि असमानताओं से जूझ सकें।

क्या जाना क्या सीखा

विचारों की तिजोरी

यदि महिलाओं को वोट देने का अधिकार न मिले तो क्या होगा?

दिए गए चित्रों को देखकर निम्न प्रश्नें के उत्तर दीजिए :



प्रश्न 1 : यहाँ पर लोग लाइन में क्यों खड़े हैं ?

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : वोट या मतदान हम क्यों करते हैं ?

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : कितनी आयु पूरी होने पर लोग वोट दे सकते हैं ?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : वह अधिकार जिसमे सभी व्यस्क लोग बिना किसी भेद भाव के वोट कर सकते हैं, उस अधिकार का नाम लिखिए।

उत्तर 4 :

शिक्षक संकेत :

विद्यार्थियों को समूह में बाँटकर क्रियाकलाप करवाएँ. इस गतिविधि का मूल्यांकन निम्न मापदंडों पर करें :-

I. अभिनय प्रभाव

II. संवाद-अदायगी

III. विषयवस्तु की स्पष्टता

IV. आपसी सामंजस्य

मापदंड पर प्रत्येक बिंदु को दो अंक का मानते हुए आठ पूर्णांक पर मूल्यांकन करें।

मापदंड स्केल:

1. साधारण
2. अच्छा
3. बहुत अच्छा
4. श्रेष्ठ

प्रश्न 5. कक्षा में चुनावी प्रक्रिया को समझने के लिए 'रोल प्ले' कीजिये जिसमे निम्न बातों का ध्यान रखिए -

सबसे पहले तीन समूह बनाइए

i. मतदाता समूह

ii. चुनाव संपन्न करने वाले लोगों का समूह

iii. उम्मीदवारों (नेताओं) का समूह जो चुनाव लड़ें।

अभिनय द्वारा प्रत्येक समूह अपना कार्य दर्शाइए

अभिनय में चुनाव के समय चलने वाली गतिविधियों का ध्यान रखें

भाग-2 असमानता के रूप

फोकस प्रश्न

1. हमारे समाज में किस किस तरह की असमानता मौजूद है ?
2. मानवीय गरिमा क्या होती है ?

भारत के संविधान द्वारा जाति, धर्म, लिंग, भाषा आदि द्वारा भेदभाव की मनाही है। कानून के सामने (समक्ष) सभी बराबर हैं, फिर भी धर्म के आधार पर, लिंग, जाति और आर्थिक आधार पर भेदभाव देखने को मिल जाता है। ऐसा भेदभाव असमानता को जन्म देता है। ऐसी असमानता (गैर बराबरी) मानव की गरिमा को कम करती है और लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ होती है। नीचे कुछ उदाहरण दिए गए हैं उन्हें ध्यान से पढ़ो और बताइये की वह किस प्रकार आपको भेदभाव/असमानता लगती है।

निम्न चित्र में महिला द्वारा मानव मल की सफाई की जा रही है। प्राचीन काल से दलित समुदाय को उच्च जातियों द्वारा शोषण किया गया है। यह चित्र मानवीय गरिमा का खुलेआम मज़ाक उड़ाया दिख रहा है। यद्यपि सरकार द्वारा मैला ढोने पर रोक है। परन्तु यह प्रक्रिया अब भी जारी है।

लिंग के आधार पर गाँव की खाप पंचायत ने महिलाओं की जींस पहनने पर रोक लगा दी। यह दर्शाता है कि किस प्रकार पुरुष प्रधान सोच महिलाओं के व्यक्तिगत निर्णय भी खुद ही ले लेती है कि क्या पहनना है? कैसे चलना है? कहाँ बोलना है? कहाँ हँसना है? आदि आदि।

असमानता के कुछ रूप

नीचे दिए चित्र में मुंबई (महाराष्ट्र) में एक रिहायशी इलाके की सोसाइटी के नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया क्योंकि उन्होंने धर्म के आधार पर अन्य धर्म के एक व्यक्ति को मकान बेचने से मना कर दिया।

नीचे दिए गए चित्र में दो अलग-अलग रिहायशी इलाके हैं जिसमें एक बड़ी बिल्डिंग व एक झुग्गी बस्ती को दिखाया गया है। इस चित्र को देखकर आपको क्या लगता है कि दोनों इलाकों में रहने वाले लोगों में क्या अंतर होगा? जरा सोजिए।

शिक्षक संकेत :

विद्यार्थियों को उनकी भूमिकाएं समझने के लिए नीचे दिए गये सवाल पूछ कर उनकी मदद करें।

अगर आप दी गई भूमिका के व्यक्ति होते तो –

आपका बचपन कैसा होता? आपका घर कैसा दिखता? आप किस प्रकार के खेल खेलते? आपके माता पिता जीविका चलाने के लिए क्या करते?

आपकी रोजाना जिन्दगी कैसी होती? आप किसके साथ मिलते-जुलते? आप सुबह, दोपहर और शाम में क्या करते?

खेल : शक्ति की चाल

नीचे दी गई भूमिकाओं के कार्ड या चिट विद्यार्थियों को दीजिए और उन्हें खुद ही उस पर सोचने का समय दीजिए। विद्यार्थियों को उनकी भूमिकाएं समझने में मदद करें।

आप एक-दूसरे के बगल में खड़े हों और पूछे गए प्रश्नों का जवाब हाँ और ना में दें। यदि जवाब 'हाँ' है तो एक कदम आगे बढ़ जाएं और जवाब 'ना' हो तो आप जहाँ खड़े हैं वहीं खड़े रहें।

- आपकी जीवन-शैली किस प्रकार की होती ? आप कहाँ रहते ? महीने में खर्च के लिए आपके पास कितने पैसे होते ? आप अपना खाली समय कैसे बिताते ?
- आपको क्या करने में मजा आता ? आपको कौन सी चीज अच्छी लगती ?

अंत में सब सभी अंतिम स्थान पर ध्यान दें और देखे कि आप शुरूआती जगह से कितनी दूर पहुँच पाए और दूसरे के मुकाबले आपका स्थान क्या है ? आप में से जो सब से दूर पहुँचा है वहां से शुरू करते हुए अपनी अपनी भूमिका बताएं।

मिसाल के तौर पर कुछ भूमिकाएं यह हो सकती हैं-

- आप 15 साल की लड़की हैं। आप दिल्ली में अपने माता पिता और 7 भाई बहन के साथ एक छोटे से मकान में रहती हैं। आपकी माँ एक विश्वविद्यालय में महिला सिक्यूरिटी गार्ड का काम करती हैं और आपके पिता बेरोजगार हैं।
- आप कलकत्ता से एक प्रशिक्षित मैकेनिक हैं और काम ढूंढने दिल्ली आए हैं। आप हिंदी बोलना नहीं जानते और अखबार बेच कर अपनी जीविका चलाते हैं।
- आप तीन बच्चों की अकेली माँ हैं। आप प्राइवेट कैंटीन में रसोइए का काम करती हैं।
- आप कपडा बनाने वाली फैक्ट्री के मालिक हैं।
- आप बिहार के एक अमीर व्यापारी के बेटे हैं।
- आप दिल्ली शहर में एक बेघर महिला हैं।

मिसाल के तौर पर कुछ परिस्तिथियाँ यह हो सकती हैं-

- आपने कभी पैसे की तंगी नहीं देखी है।
- आपके पास एक अच्छा घर है जिसमें टेलीफोन, इंटरनेट और केबल कनेक्शन है।
- आपको लगता है कि दिल्ली में आपकी भाषा, धर्म और संस्कृति का सम्मान किया जाता है।
- आपको लगता है कि आपकी सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर राय मायने रखती है और आपके विचार सुने जाते हैं।
- दूसरे लोग विभिन्न मुद्दों पर आपकी राय लेते हैं।
- आपको लगता है कि आपको शहर में घर आसानी से किराए पर मिल सकता है।
- आप पुलिस के द्वारा रोके जाने पर डरते नहीं हैं।
- आपको मालूम है जब आपको सलाह मशवरा करना है तो आपको किसके पास जाना है।

- आपको कभी भी आपके मूल (origin) के कारण भेदभाव नहीं महसूस करना पड़ा।
- अगर कभी आपकी तबीयत खराब हो या आपके साथ दुर्घटना हो जाए तो भी आपको स्वाथ्य की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी ही।
- आप तीन वक्त के खाने की व्यवस्था करने का सामर्थ्य रखते हैं।
- आपको लगता है कि आप अपनी मनचाही पढ़ाई और व्यवसाय चुन सकते हैं।
- आप अपने बच्चों के भविष्य के लिए चिंतित नहीं हैं।
- आपको लगता है कि समाज में आपके ज्ञान और कौशल की इज्जत होती है।
- आप चुनाव में अपना मत दे सकते हैं।
- आप अपने जीवन से खुश हैं।

नीचे दिए गए प्रश्नों पर अपने साथी से चर्चा करते हुए जवाब लिखिए :

प्रश्न 1 : आप आगे बढ़ सकते हैं या जहाँ खड़े हैं वहीं खड़े रहना है, ये जानकर आपको कैसा लगा?

उत्तरः ____________________

____

प्रश्न 2 : जो लोग ज्यादातर आगे बढ़ पाए, किस समय उन्होंने ध्यान दिया कि बाकि लोग उनके मुकाबले उतनी तेजी से आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं?

उत्तर : ____________________

____

प्रश्न 3 : क्या किसी को भी किसी समय पर ऐसा लगा की उनकी भूमिका में जीवन आसान नहीं है और मूल अधिकार भी नहीं मिले हुए हैं? कुछ उदाहरण देकर बताइए।

उत्तर :

प्रश्न 4 : अलग अलग भूमिकाएं निभाना कितना मुश्किल या आसान था? क्या किसी ने भी ऐसी भूमिका निभाई जो वास्तविक रूप से किसी जाने-पहचाने व्यक्ति के समान हो?

उत्तर :

प्रश्न 5 : क्या यह क्रियाकलाप हमारे असली समाज को दर्शाता है? अगर हाँ, तो किस प्रकार से?

उत्तर :

शब्द भण्डार :

मैला ढोना : मानव मल को अन्य मानव द्वारा अपने सिर पर उठाने के काम को मैला ढोना कहते हैं। इस पर कानून द्वारा रोक लगा दी गई है।

कुप्रथा : वह परंपरा जो मानव की गरिमा व सम्मान के खिलाफ हो उसे कुप्रथा कहते हैं। जैसे मैला ढोना, छुआछूत, पर्दा प्रथा आदि।

भारत में सदियों से जाति के नाम पर मानवता की गरिमा को नुकसान पहुंचाया गया है। ऐसी ही एक कुप्रथा का नाम है 'मैला ढोना'। मैला ढोना जिसका अर्थ है मानव मल को अन्य मानव द्वारा उठाया जाना। जाति के नाम पर ये कुप्रथा कई सदियों तक चलती रही । सरकार ने इस पर रोक लगा दी लेकिन अभी भी कहीं-कहीं ये कुप्रथा देखने को मिल जाती है। मानवीय गरिमा सम्मान पूर्वक जीवन जीने की परिस्थितियों पर आधारित होती हैं। इसे हम इस प्रकार समझ सकते हैं कि अपने जीवन में जिन बातों को स्वयं के लिए आवश्यक मानते हैं और उन्हें खोना नहीं चाहते हैं जैसे सम्मान, आज़ादी आदि।

नीचे दिए गए चित्र में गन्दी नाली के अंदर जाकर मानव द्वारा मैला हटाने/ढोने को दर्शाया गया है। इस चित्र को देखिये और सोचिये ।

प्रश्न 1 : यह चित्र मानव की गरिमा को बढ़ा रहा है या घटा रहा है? क्यों?

उत्तर 1 : ____________________

____

____

____

____

प्रश्न 2 : इस तरह की कुप्रथा को रोकने के लिए क्या करना चाहिए ?

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : असमानता मानव की गरिमा को कैसे कम करती है ? साथियों से भी चर्चा कीजिये व उसे अपने शब्दों में लिखिए।

उत्तर 3 :

शिक्षक संकेत

शिक्षक कक्षा में डॉ. भीम राव अम्बेडकर, जयोतिराव फूले, पेरियार, मार्टिन लूथर किंग, सावित्री बाई फूले आदि व्यक्तियों के समानता के लिए लड़े संघर्ष की कहानियाँ कक्षा में साझा करें।

नर्मदा बचाओ आन्दोलन

नर्मदा नदी मध्य प्रदेश व गुजरात राज्य में मुख्यतः बहती है । नदी पर सरदार सरोवर बाँध का निर्माण किया गया जिसकी वजह से हजारों लाखों लोगो को अपनी जमीन, घर और खेत छोड़ने पड़े । कई पशु पक्षियों के आवास उजड़ गए। ऐसे में जहाँ बाँध लाखों लोगो को बिजली सिंचाई दे रहे हैं, वहीं कई लोगों को उनकी जमीन से हटा भी रहे हैं। नर्मदा पर बनने वाले बाँध का वहां के स्थानीय लोगों ने जल समाधि, धरना, प्रदर्शन कर विरोध जताया। सरकार ने कुछ विस्थापित लोगों को घर दे भी दिए पर क्या सबको इसका लाभ मिल पाया ? इसी तरह के किसी और आंदोलन के बारे में जानकारी इकठ्ठा करिये और कक्षा में साझा कीजिए।

हमने सीखा :

भारतीय लोकतंत्र में सभी लोग, चाहे वे किसी भी धर्म, जाति, लिंग आदि के हों उन्हें सामान अधिकार दिए गए हैं ताकि मानवीय गरिमा के साथ मनुष्य जी सके। इसके साथ संविधान ने हमें धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक समानता भी प्रदान की है ताकि हर व्यक्ति चाहे वो गरीब हो या अमीर, काला हो या गोरा सम्मान के साथ जी सके। सभी व्यक्ति जो 18 वर्ष या उससे उपर की आयु के हैं, उन्हें वोट देने का अधिकार दिया गया है जिसे सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार कहा जाता है ।

अभ्यास

प्रश्न 1 : यदि सम्भव हो तो लिंग, धर्म, जाति के आधार पर आप अपने आस पास होने वाले असमानता के कुछ उदाहरण दीजिये।

उत्तर :

प्रश्न 2 : सही या गलत का निशान लगाइये –

क्या हमारा संविधान समानता को बढ़ावा देता है। (सही / गलत)

धर्म के आधार पर हमे भेद भाव करना चाहिए। (सही / गलत)

प्रश्न 3 : मीना एक दलित समुदाय से है जिसकी शादी में दूल्हे को ऊँची जाति के लोगो द्वारा घोड़े पर आने नहीं दिया गया। यह घटना सही थी या गलत? कारण सहित कक्षा में चर्चा कीजिये।

उत्तर :

प्रश्न 4 : भारत में 18 वर्ष या उससे ऊपर के व्यक्ति वोट दे सकते हैं इसे ______ अधिकार कहते हैं।

प्रश्न 5 : असमानता के विभिन्न रूप कौन-कौन से हैं? उदाहरण सहित समझाइए।

उत्तर :

प्रश्न 6 : चित्र देखकर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिये -



(क) विद्यालय में हम क्या क्या कार्य मिलकर करते हैं ?

(ख) इन कार्यों को करते समय क्या हम आपस में कोई भेद भाव करते हैं ?

(ग) जिस प्रकार आप विद्यालय में समानता और असमानता देखते हैं, क्या हमारे समाज में समानता है ? यदि हाँ, तो कैसे ? यदि नहीं, तो कैसे ?

प्रश्न 7 : असमानता का रूप बताइए –

(क) मैं दलित जाति का हूँ, मुझे मंदिर में प्रवेश नहीं करने दिया गया।

(ख) सलमा का मोहन से विवाह होने पर दोनों के गाँववालों ने उन्हें धर्म से बाहर कर दिया।

(ग) गोपी, राजू और रजनी के अच्छे कपडे न पहनने के कारण उन्हें सिनेमा हाल के मैनेजर ने प्रवेश देने से मना कर दिया।

(घ) राखी जो दिहाडी मजदूरी करती है, समान काम करने के बावजूद उसे राजीव से कम पैसे मजदूरी के रूप में मिलते है।

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

पाठ 2

राज्य शासन कैसे काम करता है

(NCERT पाठ 3)

हम क्या सीखेंगे :

- सरकार के तीन स्तर होते है जो अपने अपने क्षेत्र में निश्चित काम करते हैं।
- स्थानीय सरकार जैसे – नगर निगम कई महत्वपूर्ण काम करती है।
- विधायक (MLA) कौन होता है? और राज्य सरकार कैसे चुनी जाती है?

भाग-1 सरकार के स्तर और स्थानीय सरकार

फोकस प्रश्न

- सरकार के कितने स्तर हैं? इनमे क्या अंतर है ?
- स्थानीय स्तर की सरकार किस प्रकार महत्वपूर्ण है?

शब्द भण्डार :

स्तर	:	अलग अलग कार्य क्षेत्र
प्रशासन	:	सरकार के काम पूरा करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों का समूह
मोहल्ला	:	हमारे घर के आस पास का आवासीय इलाका
जन्म प्रमाणपत्र	:	बच्चे के पैदा होने के स्थान, दिन, लिंग और माता-पिता के नाम आदि दर्ज़ हुआ सरकारी दस्तावेज़
भूमिका	:	सामाजिक जीवन में हमारे द्वारा किये जाने वाले कार्य

अखबार की इन खबरों को ध्यान से देखिए –

फुटपाथ खाली कराने को 275 निर्माण ढहाए

अभियान

नई दिल्ली | प्रमुख संवाददाता

दक्षिणी निगम ने फुटपाथ को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए रविवार को चार जोन में अभियान चलाया। इसके तहत निगम की टीम ने 275 के लगभग छोटे-बड़े निर्माण ढहा दिए और 70 से ज्यादा चार पहिया व दोपहिया वाहनों को जब्त कर लिया।

निगम अधिकारियों ने रविवार सुबह ट्रैफिक पुलिस को साथ लेकर अभियान की शुरुआत की। यह अभियान एक साथ मध्य, दक्षिण, पश्चिम व नजफगढ़ जोन में चलाया गया। निगम अधिकारियों के मुताबिक ग्रीन पार्क में चौधरी हरसुख मार्ग, हौजखास में बलबीर सक्सेना मार्ग व ई ब्लॉक मार्केट मार्ग और इग्नू रोड पर अभियान चलाया गया।

इस दौरान सड़क के दोनों ओर फुटपाथ को घेरने वाले सभी तरह के करीब 275 छोटे-बड़े निर्माण ढहा दिए गए। साथ ही, फुटपाथ पर जगह घेर रहे 400 से ज्यादा काउंटर, बर्तन, रेहड़ी आदि जब्त कर लिए गए। निगम ने फुटपाथ पर खड़े वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई की और 43 चार पहिया, 19 दोपहिया और पांच ऑटो सीज कर दिए। वहीं, निगम की जमीन पर बसी 20 झुग्गियों को भी हटा दिया गया। निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ इस अभियान को लगातार चलाने की बात कही है।

ग्रीन पार्क में रविवार को फुटपाथ पर हुए अतिक्रमण को ढहाते निगम कर्मी। • हिन्दुस्तान

फल मार्केट को हटाया

दक्षिणी निगम ने सुभाष नगर से बेरीवाला बाग में व हरिनगर रोड पर भी अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। यहां पर सड़क घेरकर लगने वाले फल मार्केट के चलते अक्सर ही यातायात जाम हो जाता है। निगम की टीम ने इस पूरे फल मार्केट को अभियान चलाकर हटा दिया। इस दौरान अनिधिकृत तौर पर बनाए गए खोखे और बांस के निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। वहीं, नजफगढ़ जोन में टीम ने निगम की तीन एकड़ के लगभग की जमीन को खाली करा लिया।

निगरानी समिति ने रोजाना की कार्रवाई रिपोर्ट मांगी

दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में स्थित लोकल शापिंग कांप्लेक्स में दुकानदारों की परेशानी बढ़ने वाली है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त निगरानी समिति ने तीनों निगमों से कहा के कि इन शापिंग कांप्लेक्स में हुए भू-संपति दुरुपयोग व भवन नियमों के उल्लंघन पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट रोजाना समिति को सौंपे। निगरानी समिति के निर्देश पर अब तक दिल्ली में पांच हजार से ज्यादा संपत्तियों को सील किया जा सकता है। वहीं, सोमवार से निगमों के सीलिंग अभियान में और तेजी आने की संभावना जताई जा रही है। निगरानी समिति ने तीनों निगमों से कहा है कि इन लोकल शापिंग कांप्लेक्स में नियमों के उल्लंघन के मामलों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

मंदिर मार्ग के लोगों ने उठाए मुद्दे, मौके पर मिले हल

सुरक्षा सभा में पब्लिक, पुलिस, एनडीएमसी के बीच बना बेहतर तालमेल

■ एनबीटी, नई दिल्ली

नई दिल्ली के मंदिर मार्ग थाना इलाके में एनबीटी सुरक्षा कवच अभियान के तहत शनिवार को सुरक्षा सभा आयोजित की गई। इसमें लोगों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निपटारा हुआ। इसमें न केवल लोकल पुलिस स्तर पर, बल्कि एनडीएमसी से संबंधित समस्याओं का भी समाधान किया गया। लोगों ने एनबीटी सुरक्षा कवच को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी जो समस्याएं लंबे समय से अटकी पड़ी थीं, उनका एनबीटी सुरक्षा सभा में तुरंत ही समाधान हो गया। इसके अलावा इस सुरक्षा सभा में पुलिस, पब्लिक और एनडीएमसी के बीच बेहतर तालमेल का प्लैटफॉर्म भी तैयार हुआ।

सुरक्षा सभा में नई दिल्ली जिले के डीसीपी मधुर वर्मा, कनॉट प्लेस के एसीपी रमेश कुमार, एसएचओ आदित्य रंजन, एनडीएमसी में वेलफेयर डायरेक्टर विजय कुमार गौतम और चीफ मेडिकल अफसर (सीएमओ) शकुंतला उपस्थित रहीं। सभा की शुरुआत अरविंद गौड़ के अस्मिता ग्रुप द्वारा प्रस्तुत नाटक से हुई,

अस्मिता थिएटर ग्रुप की जानदार परफॉरमेंस से शुरू हुई सभा

जिसमें महिलाओं के खिलाफ हो रहे बलात्कार और अन्य तरह के अत्याचारों को नाटक के रूप में प्रस्तुत किया गया जिसकी सभी ने प्रशंसा की।

लोगों ने उठाए सुरक्षा संबंधी मुद्दे, अफसरों ने दिए जवाब, मिलकर काम करने की हुई बात

डी-ब्लॉक टाइप-3 से आए संजय कुमार सिंह ने अपनी कॉलोनी की समस्याओं को बताया। उन्होंने कहा कि सेक्टर-3 कॉलोनी में अलग-अलग जगहों पर 10 गेट हैं। एक छोटी-सी कॉलोनी में इतने गेटों पर चौकीदार खड़ा करना मुश्किल है। इसलिए ऐसा कोई प्रावधान किया जाए कि कॉलोनी में एक गेट हो और यहीं से सभी आएं-जाएं। इस पर डीसीपी मधुर वर्मा ने कहा कि तत्काल इसका समाधान यह है कि रात में 10 गेट में 9 गेटों बंद रखा जाए। केवल एक गेट ही लोगों के आने-जाने के लिए खुला रहे और वहां चौकीदार भी रहे।

राजा बाजार सेक्टर-4 के प्रेजिडेंट विजय सिंह नेगी ने दो समस्याओं को उठाया। उन्होंने कहा कि यह कॉलोनी बाबा खड़क सिंह मार्ग के ठीक पास में है। इसी रोड पर गुरुद्वारा बंगला साहिब भी है, जहां हजारों लोग रोजाना आते हैं। जो लोग गुरुद्वारे में आते हैं वे गाड़ी कॉलोनी में ही पार्क कर देते हैं। रेजिडेंट के मना करने पर उनसे झगड़ा भी करते हैं। इस परडीसीपी ने तुरंत एसएचओ को इस पर नजर रखने का आदेश दिया। दूसरी समस्या उन्होंने बताया कि कॉलोनी में अवैध रूप से फेरीवाले घूमते हैं, जिससे चोरी का खतरा बना रहता है। फेरीवालों को कॉलोनी में आने से रोकने के लिए डीसीपी ने बीट कॉन्स्टेबल को आदेश दिया कि ऐसे फेरीवालों पर नजर रखें और उन्हें शनिवार या रविवार के अलावा अन्य किसी दिन कॉलोनी में घुसने की अनुमति न दी जाए।

सभा में मंदिर मार्ग और वंदे मातरम रोड को रिज एरिया से कनेक्ट करने के लिए जो रोड बनाया गया है, उस रोड पर कई सालों से लाइट न होने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि इस रोड पर सालों से स्ट्रीट लाइट नहीं हैं। जबकि रात में यह भी रोड काफी व्यस्त रहता है। उन्होंने 1978 के एक हत्याकांड की याद दिलाई जो इसी रोड पर हुआ था।

इनका हुआ ऑन द स्पॉट निपटारा

01 लोगों ने अवैध अतिक्रमण और पार्किंग के कारण चोरी की घटनाएं बढ़ने का मामला उठाया तो एनडीएमसी की ओर से इस पर अभियान चलाने का आश्वासन दिया गया।

02 पहाड़गंज एरिया में ठगी के मामले बढ़ने की बात भी उठाई गई। डीसीपी ने कहा कि लोगों को खुद भी अवेयर होना होगा, उन्होंने एसएचओ को जरूरी निर्देश दिए।

03 लोगों ने बताया कि एरिया में मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बाइक्स दौड़ती हैं। डीसीपी ने ऐसे तत्वों पर नकेल कसने के लिए अधिकारियों से एक्शन लेने को कहा।

04 रेजिडेंशल एरिया में एंट्री और एग्जिट गेट्स की संख्या का मामला उठा। पुलिस ने लोगों से कहा कि रात में एक ही गेट्स खुला रखें। दिन के लिए क्या करना है, इस पर प्लान तैयार किया जाएगा।

सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए एनबीटी ने तैयार किया प्लेटफॉर्म

एनबीटी की इस सुरक्षा सभा के जरिए न सिर्फ पब्लिक की सुरक्षा पुख्ता हुई है बल्कि पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर तालमेल भी हुआ है। गोल मार्केट एरिया में सुरक्षा के लिए पुलिस ने पुख्ता कदम उठाए हैं। चेन स्नैचिंग की घटनाएं इस एरिया में पहले अधिक थीं, लेकिन अब ऐसी वारदातों में तेजी से गिरावट आई है। पहले आपस में झगड़ा भी लोगों के बीच काफी होता था। लेकिन, पुलिस ने इस समस्या के समाधान के लिए छोटे-मोटे झगड़ों को भी गंभीरता से लिया, ताकि ये छोटे-मोटे झगड़े बाद में बड़ा रूप न लें। इसलिए ऐसी घटनाएं भी काफी कम हो गई हैं इस एरिया में।

– मधुर वर्मा, डीसीपी (नई दिल्ली)

“ कलावती और लेडी हार्डिंग अस्पताल के गेट पर अतिक्रमण और अवैध पार्किंग का जमावड़ा है। इससे मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाना चाहिए *–मंगल सिंह*

पब्लिक की सुरक्षा और सुविधा के लिए एनडीएमसी तत्पर

पब्लिक की सुरक्षा एक गंभीर मुद्दा है। एनबीटी ने यह जो अभियान चलाया है, इससे लोगों में यह भरोसा बढ़ेगा कि सिविक एजेंसियां और पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर हैं। कई बार ऐसे प्लैटफॉर्म उपलब्ध न होने के कारण लोगों और सरकारी एजेंसियों के बीच कम्युनिकेशन गैप हो जाता है। लेकिन, ऐसे प्लैटफॉर्म मिलने के बाद यह गैप खत्म होगा। एनडीएमसी ने लोगों की सुरक्षा और सुविधाओं के लिए कई बेहतर कदम उठाए हैं, ताकि लोगों की जिंदगी आसान हो सके और उन्हें सुविधाएं मिल सकें।

- विजय कुमार गौतम, डायरेक्टर वेलफेयर (एनडीएमसी)

“ कॉलोनियों में एग्जिट और एंट्री गेट बहुत अधिक हैं। अधिक गेट होने से कॉलोनी के लोग अपने बजट से उतने गार्ड और सीसीटीवी कैमरे लगाने में सक्षम नहीं हैं। गेट्स कम किए जाने चाहिए। *– संजय कुमार सिंह*

“ आरके आश्रम मार्ग सेक्टर-3 और मंदिर मार्ग के इलाकों में बनी नालियां बदहाल हैं। एनडीएमसी कहती है मामला उनके दायरे में नहीं है, सीपीडब्ल्यूडी भी यही जवाब देती है। लोग परेशान हैं। *– शिवराम यादव*

“ एनडीएमसी और सीपीडब्ल्यूडी को मिलकर नियम बनाना चाहिए कि रेजिडेंशल एरिया में एक ही एंट्री और एग्जिट गेट हो, सुरक्षा कवच के माध्यम से **RWA** बेहतरीन काम कर रही है। **NBT** का शुक्रिया। *–टेकचंद बागड़ी*

“ मंदिर मार्ग पर मंदिर लाइन से वंदेमातरम मार्ग तक जाने वाली सड़क पर कई साल से अंधेरा है। यहां कई वारदातें हो चुकी हैं। सड़क फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के तहत है। यहां स्ट्रीट लाइट्स लगनी चाहिए। *– प्रीतम धारिवाल*

“ बंगला साहिब गुरुद्वारे के सामने नशेड़ी बैठे रहते हैं। वहां आने वाली गाड़ियों से अक्सर चोरी की घटनाएं होती हैं। नशेड़ी हटा भी दिए जाएं तो फिर आ जाते हैं। इसका स्थाई हल होना चाहिए। *– ललित कुमार*

रस्साकशी | अप्रैल के अंत तक होने हैं तीनों निगमों में मेयर पद के लिए चुनाव

निगम का मुखिया बनने के लिए पार्षदों में मची होड़

अमलेश राजू
नई दिल्ली, 14 अप्रैल।

दिल्ली नगर निगमों में एक साल के लिए बनने वाले मेयर, उपमेयर और स्थाई समिति अध्यक्ष पद के लिए दौड़-भाग शुरू हो गई है। निगम में सत्तारूढ़ भाजपा के पार्षदों ने पार्टी आलाकमान, राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ और अन्य मोर्चे के प्रधानों के पास अपनी दावेदारी पेश करने की कवायद शुरू कर दी है। अप्रैल के अंत तक तीनों निगमों में इन पदों के चुनाव होने हैं। तीनों निगमों की मौजूदा महिला मेयरों ने भी दोबारा पद पर काबिज होने के लिए अपनी दावेदारी पेश की है।

बीते साल हुए दिल्ली नगर निगम चुनाव में भाजपा में जीत दर्ज की थी। निगम एक्ट के मुताबिक, इसके मेयर का पद पहले साल में महिला, दूसरे साल सामान्य, तीसरे साल आरक्षित कोटे और चौथे व पांचवें साल सामान्य लोगों के लिए आरक्षित है। महिलाओं की दावेदारी सामान्य श्रेणी में भी बनती है। तीनों निगमों में उत्तरी और पूर्वी निगम की

हालत बदतर है। इन निगमों के पास अपने कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसे तक नहीं हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए निगम के तीन हिस्सों में बंटवारे के बाद से दक्षिणी निगम अच्छी स्थिति में है। इसके बावजूद यहां भी मेयर, उपमेयर और स्थाई समिति के अध्यक्ष पद पर काबिज होने की होड़ लगी हुई है। उत्तरी निगम की मेयर प्रीति अग्रवाल की ओर से दोबारा इस पद की दावेदारी पेश करने की संभावना कम ही है

- तीनों निगमों की मौजूदा महिला मेयरों ने भी पेश की अपनी दावेदारी
- पिछले साल हुए नगर निगम चुनाव में भाजपा ने दर्ज की थी जीत

क्योंकि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था जिससे प्रदेश भाजपा नेतृत्व उनसे नाराज हो गया था। इस पद के दूसरे दावेदार मौजूदा स्थाई समिति अध्यक्ष तिलक राज कटारिया हैं। संघ के पुराने नेता माने जाने वाले कटारिया वही पार्षद हैं जिन्होंने अपने वार्ड में अटल रसोई के तहत दस रुपए में भोजन देने की योजना शुरू की। हालांकि बाद में यह योजना कारगर नहीं हो सकी। उत्तरी निगम के नेता सदन जयेंद्र डबास भी मेयर पद की दौड़ में है। दो और उम्मीदवार अंजू जैन और पूनम पाराशर झा के नाम भी दौड़ में है। पूनम दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ की अध्यक्ष रह चुकी हैं जबकि उनके पति अनिल झा किराड़ी से भाजपा के विधायक रह चुके हैं। उत्तरी दिल्ली में स्थाई समिति के अध्यक्ष की दौड़ में जयप्रकाश जेपी का नाम पर प्रमुखता से लिया जा रहा है। मौजूदा समय में स्थाई समिति में सदस्य रहे जेपी विधायक का चुनाव भी लड़ चुके हैं और केंद्रीय मंत्री विजय गोयल के करीबी माने जाते हैं। वहीं दक्षिणी निगम में इन सभी पदों पर काबिज मौजूदा भाजपा नेताओं के साथ ही विभिन्न कमेटियों के अध्यक्ष भी मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं। मेयर पद की दौड़ में मध्य जोन के अध्यक्ष राजपाल का नाम आगे चल रहा है। राजपाल दक्षिणी दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी के करीबी माने जाते हैं। इस दौड़ में दक्षिणी जोन के अध्यक्ष संजय ठाकुर, उपाध्यक्ष सुभाष भड़ाना और मौजूदा स्थायी समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता भी शामिल हैं। स्थायी समिति की उपाध्यक्ष नंदनी शर्मा एक बार फिर से इस पद को लेकर सक्रिय हो गई है। मौजूदा नेता सदन शिखा राय भी मेयर पद की दावेदारी को लेकर सक्रिय हो गई हैं। पिछली बार भी इस पद के लिए उन्होंने मजबूत दावेदारी पेश की थी। वहीं संघ से ताल्लुक रखने वाली मौजूदा मेयर कमलजीत सहरावत भी दौड़ में पीछे नहीं हैं।

नए मेयरों की प्राथमिकताओं में दिल्ली की स्वच्छता सबसे ऊपर

नवनिर्वाचित मेयर

- सफाईकर्मियों की समस्याओं को सुलझाने का भी मेयरों ने दिया आश्वासन
- निगम की माली हालत सुधारने पर रहेगा जोर

अमलेश राजू
नई दिल्ली, 29 अप्रैल।

नए मेयरों के पद संभालते ही केंद्र सरकार का स्वच्छता अभियान नगर निगम की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर आ सकता है। दिल्ली के तीनों नगर निगमों के निर्वाचित नए मेयरों की मानें तो वे दिल्ली की स्वच्छता को किसी भी सूरत में बिगड़ने नहीं देंगे।

निगम का मुख्य काम भी सफाई है लिहाजा नए मेयरों ने इसे ही सुधारने का बीड़ा उठाने का फैसला किया है। मेयरों के एजंडे में निगम की माली हालत को भी दुरुस्त करना है और इसके लिए बिना दिल्ली की जनता पर बोझ डाले वैकल्पिक रास्ते और नई तकनीक अख्तियार की जाएगी।

बिपिन बिहारी सिंह, मेयर, पूर्वी दिल्ली

बिपिन बिहारी सिंह ने कहा कि निगम स्वच्छता से जाना जाता है। इसलिए बतौर मेयर मेरा मानना है कि पूर्वी दिल्ली की जो छवि जनता में फैली हुई है उसे दुरुस्त कर आमूल-चूल परिवर्तन कर स्वच्छता की अलख जगाना है। जनता की भागीदारी से यह काम संभव है और इसके लिए आरडब्लूए से लेकर गैर सरकारी संगठनों और संभ्रात व्यक्तियों के साथ मिलकर निगम अधिकारी काम करेंगे। वे खुद इस काम को देखेंगे। सिंह ने यह भी कहा कि पूर्वी निगम की माली हालत खराब है। इसे जनता पर बोझ नहीं डालते हुए नई तकनीकों की सहायता से सुदृढ़ की कोशिश होगी। मेयर सिंह ने यह भी कहा कि हाईकोर्ट के आदेशानुसार चतुर्थ वित्त आयोग को लागू करवाने के लिए भरसक प्रयास किया जाएगा। सफाई कर्मचारियों की वेतन संबंधी समस्याओं का भी निराकरण करना उनकी प्राथमिकता में है।

नरेंद्र चावला, मेयर, दक्षिणी दिल्ली

नरेंद्र चावला ने भी कहा कि स्वच्छता उनकी भी प्राथमिकताओं में ऊपर है। हफ्ते में तीन वार्डों का दौरा और इसके अलावा औचक निरीक्षण किया जाएगा। स्वास्थ्य, शिक्षा, पार्किंग के साथ पानी के गिरते स्तर को सुधारना उन्होंने अपना लक्ष्य रखा है। विशेषज्ञों की राय और कमेटी के साथ मिलकर दिल्ली में जल संरक्षण के बारे में विचार करेंगे। जन-जन की भागीदारी से स्वच्छता के क्षेत्र में काम होगा। टैक्स के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसे आप इस तरह कह सकते हैं कि वे जिस तरह फूल से भंवरा मिठास या शहद लेकर जाता है उसी तरह वे भी टैक्स बढ़ाएंगे नहीं बल्कि जो नहीं देते हैं उन्हें देने को आगे लाएंगे। पार्किंग की जटिल समस्या के बाबत डीडीए से संपर्क कर पार्किंग के लिए जमीन देने का आग्रह और आरडब्लूए और मार्केट एसोसिएशन के साथ मिलकर किया जाएगा। वार्डों में औषधालय खोलेंगे। शिक्षा में अधिकारियों की सहभागिता बढ़ाई जाएगी।

आदेश गुप्ता, मेयर, उत्तरी दिल्ली

मेयर आदेश गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता तो निगम का काम है ही इसके साथ उनका लक्ष्य निगम को आर्थिक तौर पर स्वावलंबी बनाना होगा और इसके लिए वह पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के साथ मिलकर काम करेंगे। मेयर ने यह भी कहा कि उनका प्रयास आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए भी कुछ योजनाएं लाने की है जिसके लिए केंद्र और राज्य सरकार से मदद लेंगे। गुप्ता का मानना है कि उत्तरी निगम की भी माली हालत किसी से छिपी नहीं है लिहाजा इस मानसिकता को वे समाप्त कर आम लोगों के लिए निगम के जो कार्य तय हैं उसे दुरुस्त करेंगे। कर्मचारियों को काम करने को प्रेरित करना उनके उद्देश्यों में शामिल है। सफाई स्वास्थ्य व शिक्षा में उत्तरी दिल्ली को नया आयाम देते हुए निगम को आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश की जाएगी।

Source: LiveHindustan, NBT] Jansatta स्रोतः हिन्दुस्तान, एन.बी.टी., जनसत्ता

1. इन खबरों में नगर निगम के काम से जुड़ी कुछ खबरें है। आपने नगर निगम द्वारा कुछ और काम होते हुए देखे होंगे। कुछ कामों की सूची बनाइये।
2. आपके मोहल्ले में साफ सफाई की व्यवस्था कौन करता है और यह कैसे होती है?
3. आपके परिवार या आसपास के किसी परिवार ने नए बच्चों के जन्म का प्रमाणपत्र बनवाया होगा । पता करें यह कहाँ से और किसने करवाया।

उपरोक्त चर्चा में आपने देखा कि हमारे रोजमर्रा के जीवन में छोटी बड़ी जरूरतों के लिए आस पास मौजूद सरकारी प्रशासन काम करता है । हमारे मोहल्ले और आसपास के क्षेत्रों में काम करने वाली इकाई स्थानीय सरकार कहलाती है। इसे शहरों में नगर निगम या नगर पालिका कहा जाता है ।

आप सोचिये कि क्या आपके स्कूल में एक ही स्तर पर सभी काम हो जाते हैं या उन्हें अलग अलग लोग करते हैं। यहाँ इस कॉलम में उचित जगह पर का निशान लगा कर भरें।

काम	भूमिका निर्वाहक				
	प्रधानाचार्या	शिक्षक	विद्यार्थी	गार्ड	सफाईकर्मी
पढ़ना					
सुरक्षा					
अनुशासन					
प्रशासनिक काम					
साफ सफाई					

विचारों कि तिजोरी :

पता कीजिए कि आपके मोहल्ले या क्षेत्र से चुना गया प्रतिनिधि कौन है जो नगर निगम में कार्य करता है। इसे क्या कहा जाता है?

आपने देखा होगा की आपके स्कूल में काम बंटे हुए हैं तथा इन्हे लोग अलग अलग स्तर पर करते हैं। जैसे प्रधानाचार्य पूरे स्कूल के प्रशासनिक काम या अनुशासन को देखती हैं जबकि अलग अलग कक्षा में पढ़ने का कार्य शिक्षक करते हैं। इसी तरह हमारे देश में सरकार भी कई स्तरों पर कार्य करती है। हमारे गाँव, शहर, या मोहल्ले के स्तर की सरकार, अलग अलग राज्यों के स्तर पर राज्य सरकार तथा देश के लिए केंद्रीय सरकार।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : कक्षा में तीन अलग अलग समूह में विद्यार्थी स्थानीय, राज्य और केन्द्र की सरकारों के काम से जुड़ी खबरें (हर समूह एक स्तर की सरकार है)। इकट्ठी करके स्लोगन बनाएं। फिर आपस में चर्चा करिये।

समूह के सदस्य : ____________________

स्लोगन :

प्रश्न 2 : ऐसा करते हुए अपने स्तर की सरकार का एक काम बताइए और उसके महत्व पर प्रकाश डालिए।

उत्तर 2 :

भाग-2 राज्य विधानसभा के चुनाव तथा सरकार निर्माण

फोकस प्रश्न

राज्य सरकार किस तरह चुनी जाती है?

शब्द भण्डार

विधायक : राज्य सरकार में शामिल होने वाला जनता का प्रतिनिधि

विधानसभा : राज्य सरकार में चुने गए प्रतिनिधि जहाँ चर्चा करते हैं और कानून बनाते हैं

निर्वाचन क्षेत्र : राज्य को चुनाव कराने हेतु कई क्षेत्रों में बाँटा जाता है और हर क्षेत्र से एक प्रतिनिधि (विधायक) चुना जाता है। ऐसे हर क्षेत्र को निर्वाचन क्षेत्र कहते हैं

सत्ता पक्ष : सबसे अधिक चुने गए सदस्यों वाला दल या गठबंधन जो सरकार बनाता है

विरोधी दल : जिस दल के चुने गए सदस्यों की संख्या कुल सीटों के आधे से कम होती है

गठबंधन सरकार : जब दो या दो अधिक दल सरकार बनाने के लिए आपस में मिलकर सरकार बना लें तो ऐसी सरकार को गठबंधन सरकार कहते हैं।

विचारों की तिजोरी :

1. जब आधे से अधिक सीटें जीतने वाली पार्टी ही सरकार बनाती है तो फिर कम सीटें जीतने वाले विपक्षी दलों का क्या काम होता है? पता कीजिए.
2. आपके राज्य में सरकार किस पार्टी की है? पता करें, शिक्षक की मदद भी लीजिए।

आज पातालपुराम में सभी लोग मिलकर विधायक निवास का घेराव करने जा रहे है। सभी लोगों का आरोप है की उनके क्षेत्र में गंदे पानी के सप्लाई से लोग बीमार पड़ रहे है। कई बार जल विभाग में शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही है। लोगो का रोष इसलिए भी ज्यादा है की उनका विधायक राज्य सरकार में जलमंत्री है फिर भी क्षेत्र की समस्या दूर नहीं हो रही है।

समीर सोच रहा है की लोग अपनी शिकायत पहुंचाने के लिए विधायक के पास क्यों जा रहे है? विधायक कौन होता है? यह विधायक मंत्री भी कैसे बन गए?

समीर ने यह दादीजी से पूछा। दादी बोली बेटा तुम्हे याद होगा की पिछले वर्ष चुनाव हुए थे जिसमें हमारे क्षेत्र से जन अधिकार दल के उम्मीदवार को विजय मिली और विधायक बने। पूरे राज्य में इसी दल को आधी से ज्यादा सीटें मिली इसीलिए इस दल की सरकार बनी। इसी दल में सभी विधायकों ने अपने में से सबसे महत्वपूर्ण मंत्री को मुख्यमंत्री बनाया और मुख्यमंत्री ने शासन में सहयोग के लिए कुछ विधायकों को मंत्री बनाया। हमारे क्षेत्र के विधायक अब जल मंत्री हैं। अब समीर को यह बात समझ में आ गयी। आपको इससे क्या समझ आया।

हर राज्य की एक विधान सभा होती है जहाँ से राज्य की सरकार चलाई जाती है। इसके चुनाव के लिए राज्य को कईं निर्वाचन क्षेत्रों में बाँट दिया जाता है। हर निर्वाचन क्षेत्र से विधान सभा के लिए जनता अपना प्रतिनिधि चुनती है जो विधायक कहलाता है। राज्य की विधानसभा के आधे से ज्यादा सीटों पर जिस दल के विधायक चुने जाते है वो सरकार बनाते हैं और सत्ता पक्ष कहलाता है अन्य को विरोधी दल कहा जाता है।

ज़रा सोचिए कि :

प्रश्न 1 : एक राज्य के विधानसभा चुनाव का परिणाम नीचे दिया गया है। परिणाम के आधार पर उत्तर दीजिये –

राजनितिक दल	चुने गए सदस्यों के संख्या
लोक अधिकार पार्टी	43
जनता कल्याण दल	16
अन्य दल	03
निर्दलीय (जो किसी पार्टी के सदस्य ना हो)	06
विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों व सीटों का योग	**68**

(क) बताइए सरकार किस दल की ओर और क्यों बनाई जाएगी? तर्क भी दीजिए :

(ख) कौन-कौन से दल 'विरोधी दल' कहलाएँगे और क्यों?

(ग) मुख्य विपक्षी दल कौन हैं?

(घ) मुख्यमंत्री व मंत्री किस दल के बनेंगे?

प्रश्न 2 : आपके क्षेत्र का विधायक कौन है? पार्षद और विधायक में क्या अंतर है?

उत्तर 2 :

हमने सीखा :

इस पाठ में हमने सरकार के तीन स्तर - स्थानीय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के बारे में जाना। नगर निगम के महत्वपूर्ण कामों को जानते हुए हमने राज्य सरकार के चुनाव, विधायक की भूमिका आदि के बारे में भी समझा।

अभ्यास

प्रश्न 1 : रिक्त स्थान भरें –

(क) शहरों में स्थानीय स्तर की सरकार को ______________ कहा जाता है जबकि गाँवों में ______________ कहा जाता है ।

(ख) हमारे आस-पास के क्षेत्र या मोहल्ले में ______________ स्तर की सरकार कार्य करती है।

प्रश्न 2 : "विधायकों के रूप में दरअसल जनता ही शासन करती है"। कैसे ?

उत्तर 2 : ______________

प्रश्न 3 : राज्य सरकार में जनता के प्रतिनिधियों का चुनाव किस प्रकार होता है ?

उत्तर 3 : ______________

प्रश्न 4 : कुछ विधायक मंत्री कैसे बन जाते हैं ?

उत्तर 4 : ______________

प्रश्न 5 : आप अपने राज्य की विधानसभा में दलों की स्तिथि का पता कीजिए और सत्तापक्ष व विपक्ष के बारे में बताइए।

उत्तर 5 :

प्रश्न 6 : राज्य सरकार तक अपनी समस्याओं के निदान के लिए हम किन तरीकों से अपनी बात पहुँचा सकते हैं ?

उत्तर 6 :

प्रश्न 7 : अगर विधानसभा में विपक्षी दल न हों तो सोचिए क्या होगा ?

उत्तर 7 :

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

पाठ 3
लड़के और लड़कियों के रूप में बढ़ना

(NCERT पाठ 4)

हम क्या सीखेंगे :

- पुरुष और महिलाओं द्वारा निभाई जाने वाली भूमिकाएं आम तौर पर समाज द्वारा तय की गई हैं।
- समाज द्वारा तय की गई भूमिकाओं के माध्यम से महिलाओं को घरेलू कार्य से जोड़ा जाता है।
- भारतीय संविधान में महिलाओं और पुरुषों द्वारा किए जाने वाले कार्यों को समानता की दृष्टि से देखा गया है फिर भी समाज में महिलाओं द्वारा किए जाने वाले वैतनिक (वेतन वाले) और अवैतनिक कार्य (बिना वेतन के), पुरुषों द्वारा किये जाने वाले कार्यों के समान नहीं माने जाते हैं।

हमें पता है :

भारत का लोकतंत्र सभी व्यक्तियों के साथ लिंग, जाति, धर्म, भाषा और रंग इत्यादि के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करता बल्कि समान व्यवहार करता है।

आओ कदम बढ़ाएँ :

यह गतिविधि आप अकेले या समूह में कर सकते हैं। एक ऐसे चित्र या पोस्टर का निर्माण कीजिए जो आपके आस पड़ोस के पार्क, बाजार, गली का हो, जिसमें लड़के और लड़कियों द्वारा कई प्रकार की गतिविधियाँ की जा रही हैं।

जरा सोचिए :

आपके चित्र या पोस्टर में कितनी लड़कियाँ या लड़के हैं? इसकी प्रबल संभावना है कि आपके चित्र में लड़कियाँ कम हों। शाम के समय यह अकसर देखा जाता है कि बाजार, गली अथवा पार्क में लड़कियों की संख्या कम हो जाती है। ऐसा होने के पीछे क्या कारण हो सकते है। क्या गली, सड़क का प्रयोग पुरुष और महिलाएँ अलग-अलग तरीके से करते हैं। सोचिये कैसे और क्यों?

किसकी आवाज गली, मोहल्ले, बाजार आदि में ज्यादा सुनी जाती है।

फोकस प्रश्न

1. लड़के और लड़कियों की भूमिका किस प्रकार समाज द्वारा तय की जाती है?
2. महिलाओं के द्वारा किए जाने वाले घरेलू और अवैतनिक कार्यों का क्या महत्व है?

शब्द भंडार :

लिंगबोध	:	लड़की या लड़के के रूप में हमारी भूमिका/पहचान जो समाज द्वारा तय की जाती है उसे लिंगबोध कहते हैं
घरेलू कार्य	:	हम अपने घर पर किये जाने वाले अनेक कामों जैसे खाना बनाना, साफ सफाई, झाड़ पोंछ, बर्तन धोना, कपड़े धोना, बच्चों की देखभाल आदि को घरेलू कार्य कहते हैं।
अवैतनिक	:	बिना वेतन/तनख्वाह के काम करना अवैतनिक कार्य कहलाता है। उदाहरण के लिए मम्मी-पापा द्वारा किये गए घर के काम अवैतनिक होते हैं।

लिंगबोध या जेंडर एक ऐसा शब्द है जो हम अकसर सुनते रहते हैं और सोचते हैं कि इसका हमारे जीवन से कोई खास लेना देना नही है। परंतु जेंडर या लिंगबोध ही यह तय करता है कि हम क्या कर सकते हैं? हम कहां जा सकते है? हम क्या बन सकते हैं? यह सब हमारे परिवार, आस-पड़ोस और हमारे समाज से तय होता है। वास्तव में यह हर देश व समाज में अलग-अलग होता है।

उदाहरण के लिए बचपन शब्द याद आते ही हम सब खुशी महसूस करते हैं। बचपन शब्द लड़का या लड़की दोनों के लिए सुनने में एक जैसा लगता है परंतु भारत जैसे देश में शुरु से ही लड़कों का अलग और लड़कियों का अलग तरीकों से पालन पोषण किया जाता है जिससे ये बड़े होने पर एक आदमी और एक औरत के लिए निर्धारित कामों को कर सकें।

परंतु प्रश्न यह उठता है कि क्या सभी समाजों में लड़के और लड़कियों के लिए एक जैसा नज़रिया है? भारत का संविधान लड़के और लड़कियों में किए जाने वाले अन्तर (भेदभाव) को समाप्त करने के लिए सभी को समान समझता है जहाँ स्त्रियों की भूमिका पुरुषों से कम नहीं है।

क्रियाविधि :

तालिका भरिए :

आप कौन-कौन से खेल खेलना पसंद करोगे	आप कौन सा व्यवसाय करना पसंद करोगे	आप कौन से कपडे पहनना पसंद करोगे	आपको कौन-कौन से कार्य करने की अनुमति है	घर के कार्यों में आपकी भूमिका	अगर आप अपने लिंग के अनुसार कार्य नही करते तो समाज आपको क्या कहेगा

तालिका भरिए :

सभी विद्यार्थी जो लड़के हैं वे स्वयं को लड़कियाँ मान कर और जो लड़कियाँ हैं वे स्वयं को लड़के मान कर निम्न तालिका भरें –

आप कौन–कौन से खेल खेलना पसंद करोगे ?	आप कौन सा व्यवसाय करना पसंद करोगे ?	आप कौन से कपड़े पहनना पसंद करोगे	आपको कौन–कौन से कार्य करने की अनुमति है	घर के कार्यों में आपकी भूमिका	अगर आप अपने लिंग के अनुसार कार्य नही करते तो समाज आपको क्या कहेगा

शब्द भंडार :

वर्चस्व : जब हम स्वयं को दूसरे से श्रेष्ठ समझते हैं और अन्य लोगों पर दबदबा बनाते हैं तो उसे वर्चस्व कहते हैं

अन्तर्राष्ट्रीय : जब बात कई देशों से समबंधित हो उसे अंतर्राष्ट्रीय कहते हैं।

अब नीचे दिए गए सवालों के जवाब दें :

प्रश्न 1 : बदली हुई भूमिका में सोचते हुए आपको कैसा महसूस हुआ ?

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : क्या समाज में आपके द्वारा सोची गई या अपनाई जाने वाली जेंडर भूमिकाओं से अलग उदाहरण भी देखे हैं? उन्हें उदाहरण देकर बताइए।

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : नीचे दिए गए चित्र को देख कर बताइए कि यह किस प्रकार लैंगिक परपंराओ को तोड़ रहा है? सोचिए। कोई अन्य एक उदाहरण भी दीजिए जो लैंगिक परंपराओं को तोड़ता हो।

शिक्षक संकेत :

दिए हुए चित्रों, वार्तालाप द्वारा शिक्षक रूढ़िबद्ध परंपराओं को तोड़ने के संबंध में कक्षा में चर्चा करेंगे।

उदाहरण के तौर पर हवाई जहाज उड़ाना पुरुषों का एकाधिकार समझा जाता था परंतु अब ऐसा नहीं है। महिलाएँ भी हवाई जहाज उड़ा रही हैं। इसी तरह के अन्य उदाहरण दीजिए।

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : नीचे दिए गए वार्तालाप को पढ़िए और बताइए कि ये किस प्रकार सामाजिक रूढ़ियों को चुनौती दे रहा है ?

मोहन : अरे यार, आज तुम्हारा बेटा नहीं दिखाई दे रहा, कहाँ है ?

असलम : किचन में माँ की मदद कर रहा है ।

मोहन : और बिटिया ?

असलम : ऑफिस गई है।

उत्तर 4 :

बबीता फोगाट

गीता फोगाट

हरियाणा की लड़कियाँ बबीता फोगाट व गीता फोगाट बहनों ने कुश्ती में लड़कों के वर्चस्व/एकाधिकार तोड़कर भारत का नाम अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया।

ऐसे ही कुछ और उदाहरणों के चित्र एकत्र करें और कक्षा में कोलाज बनाएं।

क्रियाकलाप :

नीचे दिए गए कार्यों में लगने वाले समय को लिखिए।

काम	पुरुषों द्वारा लगाया गया समय	महिलाओं द्वारा लगाया गया समय
1. कपड़े धोना		
2. साफ सफाई		
3. बर्तन धोना		
4. खाना बनाना		
5. बच्चों को स्कूल व कहीं जाने के लिए तैयार करना		
6. बच्चों को नहलाना		
7. होमवर्क कराना		
8. बाज़ार से सामान लाना		

शिक्षक संकेत :

शिक्षक विद्यार्थियों द्वारा दिए गए जवाबों को सारांशित करते हुए घरेलू काम के महत्त्व पर चर्चा करें।

प्रश्न 1 : ऊपर दिए गए कार्यों में से ज्यादातर कार्य कौन करता है?

उत्तर 1 : ______________________________

प्रश्न 2 : क्या इन कार्यों में कम मेहनत लगती है? यदि किसी को लगता है हाँ, तो एक दिन के लिए उसे करने के लिए कहें?

____

प्रश्न 3 : इन कार्यों को करने के बाद कितना समय आराम के लिए बचता है?

____

महिलाओं को घर पर मिला खाली समय	पुरुषों को घर पर मिला खाली समय

घर में महिलाएँ सुबह जल्दी उठकर काम शुरू कर देती हैं। लगभग सारी दुनिया में घरेलू काम की जिम्मेदारी महिलाओं पर ही डाल दी गई है। सुबह से उठ कर देर रात तक वे कार्य करती हैं, फिर भी इस काम का कोई महत्व नहीं माना जाता है। कुछ लोग तो घरेलू कार्यों को कार्य समझने की भी अहमियत नहीं देते हैं। हालाँकि हमारे घरेलू काम में मदद करने वाले वैतनिक लोग इन्हीं कार्यों के जरिये अपनी और अपने परिवार की जीविका चलाते हैं। परन्तु वैतनिक होने के बावजूद घर का काम करने वाली महिलाओं को आम तौर पर महत्त्व नहीं दिया जाता है।

कुछ महिलाओं को न सिर्फ घर की परंतु घर से बाहर की जिम्मेदारियाँ भी संभालनी पड़ती हैं, इन परिस्तिथीयों को दोहरा बोझ कहा जाता है। हमें समझना होगा कि घरेलु कार्यों की जिम्मेदारी मात्र महिलाओं की ही नहीं होती है, हम सब को बराबरी से ये जिम्मेदारियाँ उठानी चाहिए और महिलाओं का हाथ बँटाना चाहिए।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : दोहरे काम का बोझ क्या होता है ?

उत्तर 1 : ____________________

प्रश्न 2 : आपने अपने आस-पास किसी को 'दोहरे काम का बोझ' उठाते हुए देखा है ? यदि हाँ तो उदाहरण दीजिए।

उत्तर 2 : ____________________

प्रश्न 3 : दोहरे काम के बोझ को कैसे कम किया जा सकता है ?

उत्तर 3 : ____________________

हमने सीखा :

लड़के और लड़कियों की भूमिका समाज द्वारा तय की जाती हैं जिसके आधार पर लड़के और लड़कियों को रूढ़िबद्ध धारणाओं से बाँध दिया जाता है। भारत के संविधान द्वारा सभी नागरिकों को समान दर्जा और अधिकार प्राप्त हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि लड़कियों के साथ बहुत भेद भाव किया जाता है। महिलाओं द्वारा किए गए वैतनिक और अवैतनिक कार्यों को भी सामान दृष्टि से नहीं देखा जाता है जिसके चलते उन्हें दोहरा काम घर और दफ्तर का काम करना पड़ता है। किन्तु जागरुकता और शिक्षा के कारण लड़कियाँ अपनी जिन्दगी सम्मान से जीने का हक मांग पा रही हैं।

अभ्यास

प्रश्न 1 : लड़कियों के खिलौने लड़कों से कैसे भिन्न होते हैं? क्या ये एक जैसे भी हो सकते हैं? सोचिए।

उत्तर 1 : ______________________________

____

____

____

प्रश्न 2 : 'लड़कियाँ पढ़ लिख कर क्या करेंगी? उनकी तो शादी करनी है बस।'

अकसर महिलाओं को शिक्षित न होने देने के पीछे दिया जाने वाला यह तर्क आपके विचार से गलत क्यों है? पढ़ने लिखने से महिलाओं की स्थिति में क्या बदलाव हो सकता है?

उत्तर 2 : ______________________________

____

____

____

____

प्रश्न 3 : लोकतंत्र में सभी समान हैं फिर भी महिलाओं/लड़कियों को कुछ अधिकार नहीं मिलते हैं? उनकी सूची बनाइए तथा उनमें से किसी एक अधिकार को लेकर बताइए कि वह अधिकार उन्हें क्यों मिलना चाहिए।

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : लड़कियों को ही शाम या रात में अकेले निकलने नहीं दिया जाता। चर्चा कीजिए ऐसा क्यों है? क्या यह स्थिति बदल सकती है? यदि हाँ तो कैसे?

उत्तर 4 :

प्रश्न 5 : क्या घर के कार्य सिर्फ महिलाओं की जिम्मेदारी हैं? क्यों और क्यों नही? घर के सब सदस्य कैसे इन कार्यों में हाथ बंटा सकते हैं।

उत्तर 5 :

प्रश्न 6 : लड़कों और लड़कियों को बड़े होते समय अलग तरह की सीख दी जाती है लेकिन बराबरी के लिए ऐसा नहीं होना चाहिए। इस पर अपने विचार दीजिए।

उत्तर 6 :

प्रश्न 7 : कल्पना कीजिए कि किसी समाज में घरेलू कार्य पुरुषों द्वारा और बाहर के काम महिलाओं द्वारा किये जाते हैं। ऐसे समाज में जीवन कैसा होगा? लिखें।

उत्तर 7 :

प्रश्न 8 : क्या महिलाओं और पुरुषों में समानता होनी ही चाहिए? यदि हाँ/नहीं तो क्यों?

उत्तर 8 :

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

पाठ 4

संचार माध्यमों की समझ

(NCERT पाठ 6)

हम क्या सीखेंगे :

- मीडिया के विभिन्न स्वरूपों को समझेंगे।
- जनसंचार माध्यम या मास मीडिया किस प्रकार जनसमूह तक हमारी आवाज पहुँचाने में मदद करता है।
- संचार के माध्यमों और लोकतंत्र के संबंध को समझेंगे।

हमें पता है :

हमारे आस पास सूचना देने के बहुत से साधन उपलब्ध हैं- टीवी, अखबार, रेडियो आदि।

भाग-1 संचार के माध्यम

शब्द भण्डार :

स्तर	:	अलग अलग कार्य क्षेत्र।
प्रशासन	:	सरकार के काम पूरा करने वाला अधिकारियों एवं कर्मचारियों का समूह।
मोहल्ला	:	हमारे घर के आस पास का आवासीय इलाका।
जन्म प्रमाणपत्र	:	बच्चे के पैदा होने के स्थान, दिन, लिंग और माता-पिता के नाम आदि दर्ज़ हुआ सरकारी दस्तावेज़।
भूमिका	:	सामाजिक जीवन में हमारे द्वारा किये जाने वाले कार्य।

फोकस प्रश्न

- मीडिया के विभिन्न स्वरूप कौन-कौन से हैं और यह किस प्रकार उपयोगी है?
- नीचे दी गई सूचना को ध्यान से पढ़िए, इसमें सरकार द्वारा मीडिया के प्रयोग की सफलता का जिक्र है।

UN praises Hudhud management in Odisha, Andhra Pradesh

BHUBANESWAR: The United Nations has appreciated the Odisha and Andhra Pradesh government's disaster preparedness during cyclone Hudhud.

"India has clearly demonstrated that a 'zero casualty' focus in the face of extreme weather events is both feasible and actionable following its second major success in 12 months at minimizing loss of life in the face of a severe cyclone packing winds of up to 200 kmph,' head of United Nations Office for Disaster Risk Reduction (UNISDR) Margareta Wahlstrom said, in a media release. "India's journey from the loss of 10,000 people in the Odisha super cyclone of 1999 to today's relatively low death tolls from similar events demonstrates the value of agreeing on global priorities for reducing disaster risk," she added.

Wahlstrom, who in November 2013 handed over to chief minister Naveen Patnaik a citation recognizing 'effective coordination and preparedness' during cyclone Phailin, said: "The continuous stream of bulletins and alerts from the state governments of Andhra Pradesh and Odisha inspired confidence. The Indian National Coastal, Ocean Information Systems and the National Disaster Management Authority also played vital roles in ensuring that all measures taken were based on real-time sea and weather forecasts. Science, technology, education and logistical preparations all played their part in this latest success."

India has demonstrated again to the world that if the bar for reducing exposure to risk is high then many lives can be saved and economic losses reduced, she said. "Cyclone Hudhud was just as great a threat as last year's cyclone Phailin to a densely populated coastline. The authorities, with the support of the India Meteorological Department, acted with speed to order the evacuation of up to 400,000 people," she noted.

She said the Indian experience will be referenced in Geneva next month at the second session of the preparatory committee of the third UN world conference on disaster risk reduction meeting in Geneva which will seek to finalize a draft of a new global framework for disaster risk reduction. It will be presented for adoption in Japan next year. "The new post-2015 framework will revise the existing Hyogo Framework for Action which was adopted in 2005 after the Indian Ocean tsunami," she informed.

शब्द भण्डार :

मास मीडिया : बड़ी संख्या में लोगों तक ख़बर पहुँचाने के स्रोत।

सामंजस्य : आपसी समझ, ताल मेल।

शिक्षक संकेत :

विद्यार्थियों को दी गई खबर को समझने में मदद करें।

उनके द्वारा बताई गयी सूचनाओं के स्त्रोतों को सारांशित करते हुए आगे बढ़ें।

अपने साथी के साथ मिलकर सोचें-

1. लोगों तक सरकार ने चक्रवात-तूफान की सूचना किस प्रकार पहुँचाई होगी?
2. अगर सूचना पहुँचाने में देर हुई होती तो क्या-क्या हो सकता था?

इस सफलता को प्राप्त करने में सरकार और समाज में सामंजस्य का होना बहुत जरूरी था। जिसमे मास मीडिया रेडियो, अखबार, टीवी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस भयंकर चक्रवात की सूचना सरकार ने मास मीडिया का प्रयोग करते हुए समय पर लोगों तक पहुँचाई। जिससे जान-माल का बहुत कम नुकसान हुआ। जबकि इसी तरह के चक्रवात ने 1999 में भयंकर तबाही मचाई थी। इस प्रकार मीडिया के बेहतर प्रयोग से मिली सफलता को पूरी दुनिया में सराहा गया।

आपको महत्वपूर्ण सूचनाएं कहाँ-कहाँ से मिलती हैं? 5-5 के समूह में आप लोग बंटकर किन्हीं दो स्रोतों के बारे में उदाहरण देते हुए बताइए ।

हम तक भी कई सूचनाएं पहुँचती हैं और हम स्वयं भी समाज में विचारों का आदान-प्रदान करते हैं। यह कई माध्यमों से होती है- टीवी, रेडियो, अखबार और इंटरनेट। इन संचार माध्यमों से हम लाखों लोगों तक सूचनाएँ पहुँचाते हैं, इन्हें जनसंचार माध्यम या मास मीडिया कहा जाता है।

कुछ सूचनाएं हम तक छपे हुए रूप में पहुँचती हैं, उसे प्रिंट मीडिया कहते हैं, जैसे अखबार, किताब और पत्रिकाएं। जबकि टीवी, रेडियो आदि इलक्ट्रोनिक मीडिया कहलाते है। यह दोनों ही जनसंचार माध्यम हैं।

आजकल इंटरनेट पर आधारित संचार माध्यमों का प्रयोग बढ़ता जा रहा है, इसे सोशल मीडिया भी कहा जाता है।

नीचे दिए गए लोगो (पहचान चिन्ह) किस सोशल मीडिया के रूप को प्रदर्शित करते हैं? लिखिए -

- फेसबुक

- ____________________

– ______________

– ______________

हाल ही में मिली सूचनाएँ बताइये जो आपको सोशल मीडिया के किसी स्वरूप से पता चलीः

सूचना क्या थी ?	किस स्वरूप से सूचना मिली ?
1	
2	
3	
4	

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : यदि आपको अपना कोई विचार जनसमूह तक पहुँचाना हो तो आप मीडिया के किस स्वरूप का प्रयोग करेंगे ? उसके लिए विषय वस्तु भी लिख कर बताएँ

विचार : ______________

माध्यम : ______________

विषय वस्तु : ______________

उत्तर 1 : ______________

____

प्रश्न 2 : रमा को अपने पास होने की खबर अपनी बुआ को बतानी है वह कौन-कौन से संचार माध्यम को चुन सकती है ?

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : बाजार में आई नई वस्तुओं की जानकारी आपको कैसे मिलती है ?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : वाट्सऐप्प (Whatsapp) क्या है ? साथी के साथ चर्चा कीजिए।

उत्तर 4 :

भाग-2 लोकतंत्र और मीडिया

फोकस प्रश्न

1. मीडिया लोकतंत्र को मजबूत बनाने में किस प्रकार की भूमिका निभाता है ?
2. शासन में भागीदारी के लिए नागरिक मीडिया का किस प्रकार उपयोग कर सकते हैं ?

निम्न खबरों और उनसे संबंधित चित्रों को ध्यान से देखिए और 4-4 के समूह में दिए गए प्रश्नों पर चर्चा कीजिए।


दलित आंदोलनों को कामयाब बनाते हैं अंबेडकर के सोशल मीडिया कमांडो

2 अप्रैल का दलित संगठनों का 'भारत बंद' हो या भीमा कोरेगांव का मुद्दा, सोशल मीडिया के जरिए ही बड़े पैमाने पर कैंपेन चलाए गए और इसे मुकाम तक पहुंचाया गया. इसे किसी एक जगह से 'एसी वाले ऑफिस' में बैठकर नहीं चलाया जाता, बल्कि देश के अलग-अलग हिस्सों के लाखों अंबेडकरवादी विचारधारा के लोग इन आंदोलनों को धार दे रहे हैं. फेसबुक, ट्विटर जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चल रहे इन कैंपेन को मजबूती देने वालों को आप तीन हिस्सों में बांट सकते हैं

1 सोशल मीडिया में समुदाय से जुड़ा कौन सा मुद्दा अहमियत रखता है, ये तय करने वाले

2 मुद्दे को आसान भाषा में समझाने वाले, वीडियो और दूसरे क्रिएटिव तरीके से बात रखने वाले

3 सोशल मीडिया पर इसे फैलाने वाले, मुद्दे को लेकर सड़क पर उतरने वाले

एक 'बहादुर' लड़की ने बदला सिस्टम

नरेन्द्र नाथ, नई दिल्ली

16 दिसंबर की एक घटना के बाद जब देश जगा तो सिस्टम को भी बदलना पड़ा। बहादुर लड़की ने साहस के साथ जिंदगी की जंग लड़ी और हमेशा के लिए सोने से पहले सबको जगा कर चली गई। महिलाओं की सुरक्षा बार सियासत का गेमचेंजर अजेंडा बनी और सभी दलों को उनके सरोकारों के साथ खुद को दिखाने का सामाजिक दबाव पड़ा। जस्टिस वर्मा रिपोर्ट और रेप कानून में बदलाव-लोगों के आक्रोश के बीच सरकार ने रेप कानून में बदलाव के लिए जस्टिस वर्मा को कानून में बदलाव करने के लिए सिफारिश करने को कहा। इसमें पहली बार रेप करने वाले अपराधियों को मौत की सजा देने का प्रावधान किया गया। संसद ने अभूतपूर्व तरीके से इसे एकमत से पास किया। उषा मेहरा कमिशन-महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों पर तमाम जिम्मेदार विभागों में किस तरह कम्युनिकेशन गैप है और इसे कैसे दूर किया जाय इसकी भी पूरी रिपोर्ट उषा मेहरा कमिशन ने दी। इस कमिशन का गठन भी इस घटना के बाद ही किया गया था।

अन्ना का आंदोलन और उनकी ताकत

जनलोकपाल बिल की मांग कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे के अनशन को यूपीए सरकार ने शुरू होने से पहले ही रोक दिया. तिहाड़ भेजे अन्ना हजारे ने कुछ ही महीनों में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक मजबूत आंदोलन खड़ा कर दिया है.

चार दशकों से धूल फांक रहे लोकपाल बिल को पास कराने की मांग के साथ इस साल शुरू में अन्ना हजारे ने मुहिम शुरू की. अप्रैल महीने में उन्होंने भूख हड़ताल भी की और केंद्र सरकार को उनकी मांगों को मानना पडा. लेकिन सिविल सोसाइटी और सरकार के मसौदे में मतभेद बने रहे और संसद में सरकार का लोकपाल बिल का मसौदा रखा गया. इसके विरोध में अन्ना ने 16 अगस्त से अनशन की घोषणा की थी लेकिन सरकार ने उसे होने नहीं दिया.

भारत के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ अनेक राज्यों के शहरों जैसे सहारनपुर, उना आदि शहरों में दलितों/एस.सी. एसटी. पर लगातार बढ़ रहे अत्याचार और कमजोर होते एस.सी.एसटी. (अत्याचार निरोधक) अधिनियम, 1989 के विरोध में सम्पूर्ण भारत में एक मजबूत जन आंदोलन उठ खड़ा हुआ।

प्रश्न 1 : उपरोक्त चित्रों व खबरों में लोग क्यों एकजुट हुए हैं?

उत्तर 1 : ______________________________

____

____

____

प्रश्न 2 : इतनी बड़ी संख्या में लोग आपस में कैसे जुट पाए होंगे ?

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : क्या मीडिया भी लोगों को मुद्दों से जोड़ने में भूमिका निभाता है ? कैसे ?

उत्तर 3 :

आजकल मीडिया का एक रूप है जिसे हम सोशल मीडिया कहते हैं। इसके द्वारा बड़ी संख्या में लोगों तक ख़बरें, विचार व सूचनाएँ पहुँचा सकते हैं और उन्हें एकजुट कर सकते हैं। चित्र/खबर कोलाज में जो आन्दोलन आप देख रहे हैं उसमें मीडिया की बड़ी भूमिका रही है।

सरकार की नीतियों पर नाराजगी जताने, अपनी समस्या को उस तक पहुँचाने, माँग उठाने के लिए लोग मीडिया, विशेष कर उसके आधुनिक तरीकों जैसे फेसबुक, वाट्सएप्प, इंटरनेट द्वारा एकजुट होते हैं व दबाव डालते हैं । इससे दरअसल लोकतंत्र मजबूत ही होता है क्योंकि लोगों की भागीदारी बढ़ती है और शासन में सुधार भी आता है।

जैसे चित्र में दिए गए निर्भया केस आन्दोलन के बाद महिला सुरक्षा को लेकर सरकार को कड़े कानून बनाने के लिए बाध्य होना पड़ा। पर कई बार कुछ गलत या एकपक्षीय खबर हमें भ्रम में भी डाल सकते हैं जैसे कई बार महत्वपूर्ण लोगों के जीवन से जुड़ी कोई गलत खबर सोशल मीडिया में फैला दी जाती है। क्या आप किसी ऐसी खबर के बारे में सोच कर बता सकते हैं जो बाद में गलत निकली ?

ऐसी स्थिति से बचने के लिए हमें किसी खबर की अन्य स्रोतों से भी पुष्टि करनी चाहिए।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : सोशल मीडिया में कभी-कभी गलत ख़बरें या सूचनाएँ भी फैलाई जाती हैं। लोकतंत्र में इसका किस प्रकार समाज पर बुरा प्रभाव पड़ता है ?

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : कुछ ऐसी ख़बरें भी लोगों तक पहुँचती है जो गलत सूचनाओं पर आधारित होती हैं। एक सजग नागरिक के रूप में आप उन खबरों की तह तक कैसे पहुँचेंगे ?

उत्तर 2 :

हमने सीखा :

जनसंचार के अलग अलग माध्यम होते हैं - जैसे प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया। जनसंचार बहुत प्रभावी होता है क्योंकि इस के माध्यम से किसी प्रकार की सूचना पहुँचाना, संपर्क स्थापित करना, खबर देना सब सरल हो गया है। किसी समाजिक मुद्दे का समर्थन या विरोध करना हो तो बड़ी संख्या में लोगों को एकजुट किया जा सकता है। लोकतंत्र में इसका विशेष महत्व है क्योंकि जनसंचार के माध्यम से शासन में जनता की भागीदारी संभव है।

अभ्यास

प्रश्न 1 : मीडिया किसे कहते है ?

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : तकनीक के आधार पर संचार के साधन कौन-कौन से प्रकार के होते है ?

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : आपके विद्यालय की एक छात्रा ने कुश्ती प्रतियोगिता में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह बात आपको पूरे राज्य में बतानी है। आप कौन से संचार माध्यम का प्रयोग करेंगे ? आपने संचार का यही माध्यम क्यों चुना ?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : क्या आप मीडिया में दिखाई गई चीजों से प्रभावित होते हैं ? यदि हाँ तो कैसे, यदि नहीं तो क्यों ?

उत्तर 4 :

प्रश्न 5 : मीडिया का क्या महत्व है ?

उत्तर 5 :

प्रश्न 6 : सोचिए कि यदि मीडिया न हो तो क्या होगा?

उत्तर 6 :

प्रश्न 7 : आपके क्षेत्र में जब पोलियो दिवस होता है तो आपको व आस पड़ोस के लोगों को कैसे पता चलता है?

उत्तर 7 :

प्रश्न 8 : मास मीडिया से आपका क्या अभिप्राय है?

उत्तर 8 :

प्रश्न 9 : सोशल मीडिया में क्या नहीं शामिल है?

a. फेसबुक

b. वाट्सएप्प

c. ट्विटर

d. अखबार

उत्तर 9 : ______________________________

प्रश्न 10: संतुलित खबर प्राप्त करने के लिए हमें सूचनाओं के ______________________ पर निर्भर होना चाहिए।

a. टी.वी

b. अखबार

c. सोशल मीडिया

d. एक से अधिक स्रोतों पर।

प्रश्न 11: सरकार तक अपनी बात किन-किन तरीकों से लोग पहुँचा सकते हैं?

______________________ ______________________

______________________ ______________________

प्रश्न 12: अपने साथी के साथ मिलकर किसी एक जन-आन्दोलन का पता लगाएँ तथा उसमें मीडिया की भूमिका के बारे में लिखिए।

जन-आन्दोलन का नाम : ______________________

मीडिया की भूमिका

____

____

____

____

____

प्रश्न 12 : सरकारी विद्यालय में अच्छी सुविधाएँ प्राप्त हों। इस बात के लिए सरकार पर दबाव बनाने के लिए आप क्या-क्या करेंगे। 5-5 के समूह में चर्चा कीजिए :

समूह के सदस्यों के नाम : ____________________

समूह के सुझाव

____

____

____

____

____

____

____

____

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

____

____

____

____

____

____

____

____

नोट्स

नोट्स